ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
17 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 59

भारत की बढ़ेगी ताकत, 18 दिसंबर को नेवी में शामिल होगा विध्वंसक युद्धपोत मोरमुगाओ















## झारखंड से 10वीं 12वीं पास करने की बाध्यता खत्म

# हाइकोर्ट ने रद्द की 2021 नियोजन नीति

- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की नियुक्ति नियमावली को दी गयी थी चुनौती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन एवं जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की डबल बेंच ने अपना फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021 में पारित नियोजन नीति को रद्द कर दिया है। इसके रद्द होने से नौकरी में झारखंड से ही 10वीं और 12वीं पास की बाध्यता खत्म हो गयी। अदालत ने दोनों पक्षों की सात सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था।

**क्या है मामला :** रमेश हांसदा एवं अन्य ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर राज्य सरकार द्वारा जेएसएससी नियमावली में किये गये संशोधन को गलत बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि झारखंड सरकार ने नियमावली में संशोधन किया है, जिसके तहत राज्य के संस्थान से ही 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। यह नियम सिर्फ सामान्य श्रेणी के छात्रों पर ही लागू होगा, जबकि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में यह आदेश लागू नहीं होगा। उनकी मांग थी कि भाषा के पेपर से हिंदी और अंग्रेजी को भी हटा दिया गया है, जबकि उर्दू, बांग्ला और उड़िया भाषा को शामिल किया गया है। इन शर्तों के कारण जेएसएससी के द्वारा नियुक्तियों के लिए जारी विज्ञापन में कई अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस नियमावली को रद्द किया जाना चाहिए।

### लड़ेंगे कानूनी लड़ाई : हेमंत

हेमंत सोरेन सरकार की वर्ष 2021 की नियुक्ति नियमावली को झारखंड हाइकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया। कोर्ट का फैसला आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी प्रतिक्रिया इस पर आयी है। खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को लेकर देवघर जिले में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के युवाओं और बेरोजगारों के हित में सरकार की बनायी नीति के लिए हम लोग कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगे। झारखंड के युवाओं के अधिकारों और हक को कोई भी नहीं छीन सकता। जनसभा में एक व्यक्ति ने हेमंत सोरेन से मांग कर दी कि 1932 की स्थानीय नीति को नियोजन नीति से जोड़ देना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को चाहे हाइकोर्ट जाना हो या सुप्रीम कोर्ट, सरकार जायेगी और जीतेगी भी।

## पारा शिक्षकों को लगा बड़ा झटका : हाइकोर्ट ने खारिज की याचिका

# स्थायीकरण की मांग को कोर्ट ने ठहराया अनुचित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पारा शिक्षकों को झारखंड हाइकोर्ट से करारा झटका लगा है। पारा शिक्षकों को स्थायी करने और सहायक शिक्षक के अनुरूप वेतन देने के मामले में दायर याचिका खारिज कर दी गयी है। मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सरकार की दलील को सही ठहराया है। कोर्ट ने माना कि यह मांग उचित नहीं, इसलिए उन्होंने पारा शिक्षक की याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि पारा शिक्षकों ने स्थायी करने और सहायक शिक्षक के अनुरूप वेतन देने संबंधित याचिका हाइकोर्ट में दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में कहा गया था कि वे 15 सालों से ज्यादा से पारा शिक्षक के तौर पर कार्यरत हैं। वे बखूबी अपना काम कर रहे हैं। वे इस पद की अहर्ता रखते हैं, इसलिए उनकी इस पद पर स्थायी नियुक्ति की जाये। वे अन्य शिक्षकों के बराबर काम करते हैं, इसलिए उन्हें भी समान काम के लिए समान वेतन मिलना चाहिए। उन्हें भी सहायक शिक्षक की तरह वेतन मिलना चाहिए। वहीं सरकार की ओर से कहा गया था कि यह उचित नहीं है। यह नहीं दिया जा सकता है। इस मामले में 111 याचिकाएं दायर की गयी थीं। अदालत ने पिछले दिनों सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाइकोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया।

## कैश कांड मामले में करेगी पूछताछ

# इडी ने विधायक अनूप सिंह को 24 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह को समन भेजा है। उन्हें 24 दिसंबर को पूछताछ के लिए रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। बता दें कि कांग्रेस विधायक अनूप सिंह के बयान पर रांची के अरगोड़ा थाने में कोलकाता से 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को इडी ने बीते नवंबर माह में टेकओवर किया था। उन तीनों ही विधायकों के विरुद्ध अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में 31 जुलाई को जीरो एफआइआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार को गिराने की तीनों ही विधायकों ने साजिश रची थी। केस टेकओवर कर इडी मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही थी। उधर, पिछले महीने ही विधायक अनूप सिंह के रांची, पटना, बेरमो स्थित ठिकानों पर आयकर की भी छापेमारी हो चुकी है।

### पीएम नरेंद्र मोदी एनटीपीसी टंडवा का करेंगे उद्घाटन

**टंडवा/बालूमाथ।** पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड के बहुप्रतीक्षित एनटीपीसी टंडवा पावर प्लांट का वर्ष 2023 के प्रारंभ में ही उद्घाटन करेंगे। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह और सिमरिया के विधायक किशन कुमार दास ने दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा विद्युत मंत्री से मुलाकात के बाद यह संभावना जतायी है। गौरतलब है कि 6 मार्च 1999 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने टंडवा में एनटीपीसी पावर प्लांट की आधारशिला रखी थी। दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री आरके सिंह से चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह एवं सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास ने शुक्रवार को मुलाकात की।

## विद्यालय की छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर लगाया गंभीर आरोप

# छात्राएं बोलीं: सर कहते हैं दुपट्टा हटाओ, तभी पढ़ायेंगे

- प्रधानाध्यापक बोले- हटवाता नहीं, रखवाता हूं
- मीडिया के सामने ही छात्रा और प्रधानाध्यापक हुए आमने-सामने

**मनोज सिंह**



**पांडू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्राओं ने अपने स्कूल के एक शिक्षक सह प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप लगाया है। छात्राओं का कहना है कि प्रधानाध्यापक कहते हैं, दुपट्टा हटा लो तभी पढ़ायेंगे। वहीं शिक्षक ने आरोप को खारिज करते हुए कहा कि मैं दुपट्टा रखवाता हूं, हटवाता नहीं हूं। यह सारा मामला मीडिया के सामने ही खुल कर आया।

**क्या है मामला :** पांडू स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्राओं ने मध्याह्न भोजन में भारी गड़बड़ी की शिकायत की थी। उनका आरोप है कि स्कूल में मेन्यू के हिसाब से कभी भोजन नहीं बनाया जाता है, ना ही गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता है। इसी की पड़ताल के लिए मीडियाकर्मी स्कूल पहुंचे थे। मीडिया के सामने ही छात्राओं ने कहा कि शिक्षक क्लास में पहुंचते ही कहते हैं, दुपट्टा हटा लो तभी पढ़ायेंगे, नहीं हटाने पर छड़ी से पीटते हैं। शिक्षक ने जब पूछा कि मैं ऐसा कब करता हूं, तो सभी छात्राओं ने एक साथ तेज आवाज में कहा कि जब भी आप क्लास में आते हैं, तो नहीं कहते हैं क्या। मीडियाकर्मियों ने जब प्रधानाध्यापक विश्वनाथ राम से इस संबंध में सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि कभी भी दुपट्टा हटाने के बाद पढ़ाई कराने की बात नहीं करते। यह आरोप निराधार है। मैं खुद बच्चियों को दुपट्टा देता हूं।

### अभिभावकों ने जांच की मांग की

बच्चों की शिकायत पर अभिभावकों के साथ पांडू पंचायत समिति सदस्य के पति अरविंद मेहता ने स्कूल जाकर प्रधानाध्यापक से बात की। छात्राओं ने इस दौरान भी उन पर आरोप लगाया। प्रधानाध्यापक ने भी अपना पक्ष रखा और आरोप को गलत बताया। अभिभावकों ने इस संबंध में जांच की मांग की है। हालांकि इस मामले में अब तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है।

## सीएम ने देवघर और गोड्डा में विकास योजनाओं की समीक्षा की

# अधिकारी निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभायें लापरवाही पर कार्रवाई को रहें तैयार : हेमंत सोरेन

- 29 दिसंबर को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित होंगे विभिन्न योजनाओं के लाभुक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। ये योजनाएं धरातल पर उतरें, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन योजनाओं को लेकर आपने जो आंकड़े दिये हैं, वह तो काफी उत्साहवर्धक हैं, लेकिन हकीकत में लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर वैसा उत्साह नहीं देखने को मिल रहा है। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें। लापरवाही बरतने पर कार्रवाइ के लिए तैयार रहें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को देवघर परिसदन में देवघर एवं गोड्डा जिला में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से बात कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार ने आपको कार्य करने में पूरी स्वायत्तता दे रखी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप कार्यों के निष्पादन में लापरवाही बरतें। मुझे जो जानकारियां मिल रही हैं, उसमें सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट वाली योजनाओं के प्रति आपकी गंभीरता नहीं दिख रही है। यह लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अगर आप अपनी जिम्मेदारियों को सही पूर्वक नहीं निभायेंगे तो आप के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार मजबूर होगी।

### समीक्षा बैठक में सीएम ने दिये निर्देश

- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वैसी किशोरियां, जिनकी शिक्षा विलंब से शुरू हुई है, उनका 20 वर्ष पूर्ण होने के कारण योजना का लाभ नहीं उठा पा रही। इस हेतु नियमावली तैयार कर उन्हें भी इस योजना का लाभ दिलाने का करें कार्य।
- सर्वजन पेंशन में वैसे लोग, जिनकी मृत्यु हो गयी है, उनका डेटा जमा करें। ऐसा न हो कि मृत्य व्यक्ति के नाम पर कोई पेंशन ले रहा हो और जो जरूरतमंद है वह वंचित रह जाये।
- सर्वजन पेंशन योजना के तहत दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं को रोजगार से जोड़ें केवल पेंशन पर आश्रित न रहें।
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के आये आवेदन देवघर जिला 31 दिसंबर 2022 एवं गोड्डा जिला 7 जनवरी 2023 तक सही फॉर्मेट में लेकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम करें।
- मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 29 दिसंबर को किसानों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में राशि पहुंचनी है। दोनों जिला इसके लाभुकों को जल्द से जल्द शत प्रतिशत वेरिफिकेशन कर लें।
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 29 दिसंबर तक देवघर जिला में 2500 एवं गोड्डा जिला में 2000 लाभुकों को जोड़ने का काम करें।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देनी है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार की योजनाओं का मकसद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ग्रामीणों को अपने पैरों पर खड़ा करना है, ताकि उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार हो सके। आपको जो कार्य आवंटित हैं, उसे पूरी जिम्मेवारी के साथ पूरा करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी है कृषि और पशुपालन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी गांवों में रहती है। कृषि और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। अधिकारियों की जिम्मेवारी है कि किसानों, पशुपालकों और श्रमिकों को इन योजनाओं का पूरा का पूरा लाभ मिले।

**रोजगार योजना के आवेदनों को गंभीरता से लें :** मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आप मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के आवेदनों को गंभीरता से लें।

**29 दिसंबर को लाभान्वित होंगे लाभुक :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 29 दिसंबर को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर डीबीटी के माध्यम से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभुकों को राशि उनके अकाउंट में उपलब्ध करानी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | 1st Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,200 रु./10 ग्राम
चांदी 70,500 रु./प्रति किलो

# खतरनाक है केंद्रीय एजेंसियों को लेकर केंद्र-राज्य के बीच का टकराव

## ■ दोनों संवैधानिक इकाइयों के बीच बढ़ती दूरी से विकट हो जायेगी स्थिति ■ इसे पाटने की पहल नहीं हुई, तो खत्म हो जायेगी संघवाद की अवधारणा

**झारखंड सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकार क्षेत्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि भारतीय दंड विधान, यानी आइपीसी की किसी धारा में दर्ज मामले की जांच में इडी की कोई भूमिका नहीं है। याचिका पर सुनवाई जनवरी में होगी, लेकिन झारखंड सरकार के इस कदम के साथ ही एक बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसियों को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ती दूरी का मुद्दा गरम हो गया है। इडी हाल के दिनों में उन राज्यों में विशेष रूप से सक्रिय है, जहां विपक्षी दलों की सरकार है। इसलिए इस संस्था की विश्वसनीयता पर अकसर सवाल उठने लगे हैं। इडी के अधिकार क्षेत्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने वाला झारखंड हालांकि पहला राज्य है, लेकिन इसकी भूमिका को लेकर कई राज्यों ने सवाल खड़े किये हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पंजाब में भी इडी की कार्रवाइयों पर सवाल खड़े किये जा चुके हैं। इससे पहले देश की सर्वश्रेष्ठ जांच एजेंसी सीबीआइ पर कम से कम आठ राज्यों में रोक लगायी जा चुकी है। केंद्रीय जांच एजेंसियों को लेकर केंद्र और राज्यों के बीच इस बढ़ते फासले से एक गंभीर सवाल यह पैदा हो गया है कि क्या भारतीय संघवाद की अवधारणा एक-एक कर बिखर रही है। केंद्र और राज्यों के रिश्तों की बुनियाद पर खड़ी भारतीय संघ की परिकल्पना को कौन कमजोर बना रहा है। निश्चित रूप से इसकी पूरी जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है। इसलिए एक बार फिर केंद्र और राज्यों के बीच के संबंधों पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत आ गयी है। यदि इस बारे में तत्काल पहल नहीं की गयी, तो सब कुछ खत्म हो जायेगा और तीन दशक पहले दुनिया की महाशक्ति के रूप में प्रख्यात सोवियत संघ के बिखराव का खतरा विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे भारत पर भी मंडराने लगेगा। आखिर इस रिश्ते की डोर में इतनी गांठें कहां और किस वजह से पड़ गयीं। यह एक ऐसा सवाल दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र के सामने पैदा हो गया है, जिसका जवाब खोजना अब अनिवार्य हो गया है। केंद्र और राज्यों के बीच तल्ख होते रिश्तों और इसके संभावित परिणामों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा।**

आजाद सिपाही विशेष




पिछले कुछ दिनों से झारखंड में अवैध खनन समेत कई मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) एक बार फिर सवालों के घेरे में है। झारखंड सरकार ने इस केंद्रीय एजेंसी के अधिकार क्षेत्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दी है। इस याचिका में कहा गया है कि इडी को भारतीय दंड विधान के तहत दर्ज किसी मामले में जांच का अधिकार नहीं है। भारतीय दंड विधान, यानी आइपीसी ही वह ग्रंथ है, जिस पर भारत की कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा निर्भर है। झारखंड सरकार की याचिका पर जनवरी में सुनवाई होगी, लेकिन तब तक राज्य के पुलिस अधिकारियों को इडी के सामने पेश होने से राज्य सरकार ने मना कर दिया है। याचिका पर फैसला बाद में आयेगा, लेकिन फिलहाल सवाल यह है कि केंद्रीय एजेंसियों को लेकर केंद्र और राज्य के बीच के इस टकराव का परिणाम क्या होगा।

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में 'एमएडी' नामक एक सिद्धांत बहुत प्रचलित है। इसका अर्थ है म्युचुअली एश्योर्ड डिस्ट्रक्शन, यानी परस्पर विनाश की सहमति। इस सिद्धांत के अनुसार यदि एक देश दूसरे के खिलाफ परमाणु हथियार का इस्तेमाल करे, तो जवाब में तीन हमले किये जायेंगे, क्योंकि दोनों युद्धरत पक्षों को यकीन होगा कि तबाही दोतरफा होगी, इसलिए शांति बहाल रहेगी। यह सिद्धांत इतना कारगर है कि इसने पिछले 75 वर्षों से बड़ी वैश्विक ताकतों के बीच शांति कायम रखी है।

भारत के संदर्भ में इस सिद्धांत को झारखंड सरकार की इस याचिका से आसानी से समझा जा सकता है। इडी वह परमाणु हथियार है, जिससे झारखंड पर हमला हो रहा है, तो इसके जवाब में झारखंड की ओर से जवाबी हमला याचिका के रूप में किया गया है। इसका परिणाम यह होगा कि झारखंड के साथ भारत भी तबाह होगा। इडी की कार्रवाई को लेकर सवाल करनेवाला झारखंड पहला राज्य नहीं है। इतना जरूर है कि इसके अधिकार क्षेत्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करनेवाला वह पहला राज्य है। इससे पहले नौ राज्यों ने इडी की कार्रवाई पर सवाल खड़े किये हैं और अब तो संसद में भी यह मामला उठाया गया है।

केवल इडी ही नहीं, देश की सर्वश्रेष्ठ जांच एजेंसी सीबीआइ पर कम से कम आठ राज्यों की सरकारों ने रोक लगा रखी है। इसलिए अब यह मुद्दा उस चरम बिंदु पर पहुंच गया है, जहां आज से तीन दशक पहले दुनिया की महाशक्ति सोवियत संघ खड़ा था। सोवियत संघ के बिखराव का राजनीतिक कारण भले ही कुछ और रहा हो, इसकी जड़ में संघीय सरकार का प्रांतीय सरकारों के कामकाज में बढ़ता हस्तक्षेप था।

यह कहना मुश्किल है कि इस विवाद की शुरुआत किसने की, लेकिन इतना तो तय है कि इस विवाद से यदि कुछ खत्म होगा, तो वह भारत का संघवाद है।

लेकिन यहां बड़ा सवाल यह उठता है कि कोई राज्य केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल क्यों करता है। इससे पहले झारखंड समेत कम से कम आठ राज्यों ने देश की सर्वश्रेष्ठ और सबसे विश्वसनीय जांच एजेंसी सीबीआइ के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिये थे। यह कहने की जरूरत नहीं है कि इन सभी राज्यों में विरोधी दलों की सरकार है। अलग-अलग राज्यों का यह फैसला जितना राजनीतिक है, उससे कहीं अधिक प्रशासनिक और केंद्र के साथ राज्यों के तल्ख होते रिश्तों का परिचायक है।

इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले 9 मई, 2013 को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है, जिसमें उसने सीबीआइ को 'पिंजरे में बंद तोता' कहा था। सर्वोच्च अदालत ने कोल ब्लॉक आवंटन घोटाला मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि सीबीआइ पिंजरे में बंद ऐसा तोता बन गयी है, जो अपने मालिक की बोली बोलता है। यह ऐसी अनैतिक कहानी है, जिसमें एक तोते के कई मालिक हैं। अदालत ने सीबीआइ को बाहरी प्रभावों और दखल से मुक्त करने के लिए सरकार से कानून बनाने को भी कहा था। उसने कहा कि सीबीआइ को सभी दबावों से निपटना आना चाहिए। अदालत इतने पर ही नहीं रुकी। उसने सीबीआइ अधिकारियों से कहा था, 'आप इतने संवेदनशील मामले में भी अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आपको 15 साल पहले (विनीत नारायण मामले में) ताकतवर बनाया था। आपको खुद को चट्टान की तरह सख्त बनाना चाहिए, लेकिन आप रेत की तरह भुरभुरे हैं। हम बहुत प्रोफेशनल, बहुत उच्च कोटि की और बेहद सटीक जांच चाहते हैं।'

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी वर्तमान स्थिति के संदर्भ में एकदम सटीक प्रतीत होती है। आज सीबीआइ और इडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कहां और कैसे होता है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में यह स्वाभाविक लगता है कि केंद्र के साथ राज्यों का संबंध तल्ख हो जाये।

लेकिन राजनीति से अलग हट कर देखा जाये, तो यह भारतीय संघ के लिए किसी गंभीर संकट का संकेत है। केंद्र और राज्यों के बीच जिस मजबूत रिश्ते की परिकल्पना हमारे संविधान निर्माताओं ने की थी, यह उसे तार-तार किये जाने का प्रमाण है। और इसकी पूरी जिम्मेवारी केंद्र के कंधे पर ही है, क्योंकि देश को चलाने की जिम्मेवारी उसकी होती है।

यह स्थापित सत्य है कि परिवार का मुखिया अपना पेट सबसे अंत में भरता है। इसके साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों से जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार उसका अधिकार होता है। परिवार का कोई सदस्य यदि अपनी जिम्मेवारी नहीं निभाता है, तो उसके प्रति कड़ा रुख अख्तियार करना भी मुखिया का अधिकार होता है। ऐसा लगता है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इस स्थापित अवधारणा के विपरीत रास्ते पर चल पड़ा है, जिसके खतरनाक परिणामों के प्रति भी वह लापरवाह हो गया है। केंद्र और राज्य की हर समस्या को राजनीति के चश्मे से देखना कहीं से भी उचित नहीं हो सकता। इसलिए आज जो संकट खड़ा हुआ है, उसे दूर करने की पहल केंद्र को ही करनी होगी।

अब भी देर नहीं हुई है। केंद्र और राज्यों के बीच रिश्तों की डोर में जो गांठें पड़ गयी हैं, उन्हें खोलने की पहल तत्काल शुरू किये जाने की जरूरत है। रहीम ने हालांकि कहा है कि रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो चटकाय, टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े गांठ पड़ जाये, लेकिन सभी को यह समझना चाहिए कि धागा अभी टूटा नहीं है, सिर्फ उलझा है और इसे सुलझाया जा सकता है।

---

### शराब से मौत पर शीतकालीन सत्र में जोरदार हंगामा हुआ, नीतीश कुमार बोले-

# शराब पीकर मरेंगे तो क्या मुआवजा देंगे, एक पैसा नहीं देंगे

**मौतों का आंकड़ा 65 हुआ, भाजपा ने राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/छपरा।** बिहार के सारण (छपरा) में जहरीली शराब से 59 मौतों के बाद अब सीवान में भी मौतों का सिलसिला शुरू हो गया है। अब तक 5 लोगों की मौत की सूचना आयी है। इधर, बेगूसराय के तेघड़ा में भी एक की मौत हुई है और एक की हालत गंभीर है। बिहार में जहरीली शराब से मौत का कुल आंकड़ा 65 हो गया है। शराब से मौत पर शीतकालीन सत्र में जोरदार हंगामा हुआ। कुर्सियां पटकीं गयीं। भाजपा ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।



### भाजपा ने मुआवजा की मांग रखी

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में तीसरे दिन भी शराब कांड को लेकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का मांग रखी। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने सदन में पीड़ित परिवार को 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग उठायी। इस पर नीतीश ने कहा कि दारू पीकर मरे हैं तो क्या सरकार मुआवजा देगी। एक पैसा नहीं देंगे।

### 'दारू, बालू और भ्रष्टाचार' सरकार का एजेंडा

नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा की अगुवाई में विपक्ष के नेताओं ने राजभवन मार्च निकाला। राज्यपाल से मुलाकात कर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। विपक्ष ने सरकार को बर्खास्त करने की भी मांग की। इसके साथ ही विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जो भी सरकार की विफलता से, अपराधियों की गोली से या जहरीली शराब से मरता है, उसको सरकार मुआवजा दे। इसके लिए कानून बनाये। सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। 'दारू, बालू और भ्रष्टाचार' सरकार का एजेंडा बन गया है।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शराबकांड

शराब से मौत का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आर्यावर्त महासभा फाउंडेशन ने याचिका दायर कर मामले की जल्द सुनवाई करने की मांग की है। साथ ही पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। पूरे मामले की जांच एसआइटी से कराने की मांग है। हालांकि, मामले पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि मामला मेंशनिंग लिस्ट में नहीं है।

---

## बाप-बेटा करते थे दुमका में अवैध लॉटरी का कारोबार

**दुमका।** पुलिस ने संथाल परगना में अवैध लॉटरी के धंधे का भंडाफोड़ किया है। अवैध लॉटरी कारोबार की सूचना पर शिकारीपाड़ा थाना पुलिस बेनागड़िया स्थित सफारुद्दीन मियां के घर छापेमारी कर लाखों रुपये के प्रतिबंधित लॉटरी के टिकट, लॉटरी टिकट बनाने में प्रयुक्त होने वाले रंगीन कागज, स्कैनर मशीन, प्रिंटर मशीन, की बोर्ड, पेपर कटिंग मशीन, फोटो कॉपी में प्रयुक्त होने वाले टोनर सहित अन्य सामान की बरामदगी हुई। मौके से पुलिस ने आरोपी सफारुद्दीन मियां के पुत्र इरफान अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को पूछताछ के दौरान आरोपी ने अवैध लॉटरी बनाने और कारोबार में शामिल लोगों में अपने पिता सफारुद्दीन मियां, नसरुला मियां, लालू मियां, और करीम शेख का नाम बताया है। आरोपी, नसरुला मियां और लालू मियां पाकुड़ जिले के पकुड़िया थाना क्षेत्र के राजपोखर के रहने वाले हैं, जबकि करीम शेख दुमका जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के आसनबनी का रहने वाला है।

---

## अंतरराज्यीय लूट गिरोह के 3 अपराधी दुमका में गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददता

**दुमका।** दुमका पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल सात अपराधी में गिरफ्तार तीन दुमका के ही रहने वाले हैं, जबकि फरार चार अपराधी बिहार के मधेपुरा और सहरसा के रहने वाले हैं। पुलिस ने अपराधियों की निशानदेही पर लूट की पिकअप (डब्लूबी 37 डी 3634), लूट में प्रयुक्त बेलोरो (बीआर 11 ई6638), लूटे गये 23 सौ रुपये, मोबाइल, पिकअप में लदा 142 बंडल सफेद बोरा सहित अन्य समान बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में आकाश कुमार, प्रसंजीत कुमार उर्फ सामू और सौरभ साह उर्फ संजू काम नाम शामिल है।

**चालक को बंधक बना माल समेत पिकअप लूटी थी**

दुमका एसपी अंबर लकड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बीते मंगलवार की रात सफेद बेलोरो में सवार सात अपराधियों द्वारा पिकअप को माल सहित लूटने की सूचना मिली। चालक को बंधक बना कर बोलेरो में बैठा लिया और आर्चरी स्टेडियम के पास धक्का देकर गिरा दिया। चालक ने मामले की सूचना वाहन मालिक को दी थी। इसके बाद जामा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की गयी। एसडीपीओ जरमुंडी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल मामले का उद्भेदन कर अपराधियों की निशानदेही पर लूटे गये वाहन सहित अन्य समान बरामद किया गया। लूटी गयी पिकअप को आरोपी ने मसानजोर डैम के निकट बास्कीचक में झाड़ी और पेड़ के बीच छिपा रखा था। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि अवैध कार्य में चोरी के वाहन की मांग बढ़ने की वजह से घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं घटना में संलिप्त गूगल यादव, मधेपुरा जिले के वार्ड नंबर 10 निवासी रिषभ यादव, सहरसा जिले के मौसम यादव और अवधेश यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

---

### सख्ती : सीसीटीवी फुटेज मामले में हुई कार्रवाई

# होटवार जेल अधीक्षक हामिद अख्तर की कोर्ट में पेशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के मामले में पीएमएलए कोर्ट में होटवार जेल अधीक्षक हामिद अख्तर 16 दिसंबर को हाजिर हुए। कोर्ट ने पूछा फुटेज क्यों नहीं दे रहे हैं। जवाब था कि इससे निजता का हनन होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा फुटेज बाहर का चाहिए अंदर का नहीं। सुनवाई की अगल तिथि की अगल तारीख 21 दिसंबर तय किया गया। इडी ने मनी लॉड्रिंग के आरोप में जेल में बंद आरोपी द्वारा जश्न मनाने व उनकी गतिविधियों की जानकारी के लिए जेल का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने का कई बार आग्रह किया था। आग्रह नहीं मानने पर इडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट में आवेदन दिया गया था। आवेदन पर पीएमएलए कोर्ट ने होटवार जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को हाजिर होने का आदेश दिया था।

**जेल में बंद आरोपितों की गतिविधियों पर इडी नजर रख रही थी**

### इडी को जेल की फुटेज सौंपी जाये या नहीं, विधि विभाग के परामर्श के बाद जेल प्रशासन निर्णय लेगा

**रांची।** झारखंड में मनी लांड्रिंग के तहत इडी जांच कर रही है। इस आरोप में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में पूजा सिंघल (फिलहाल रिम्स पेइंग वार्ड में), राम विनोद सिन्हा, सुमन कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश, बच्चू यादव, अमित अग्रवाल, राजू कुमार वर्मा, संजय तिवारी सहित कई अन्य आरोपी बंद हैं। जेल में बंद आरोपितों की गतिविधियों पर इडी नजर रख रही थी। जेल में बंद आरोपी द्वारा नियम विरुद्ध सुविधा मिलने की जानकारी मिलने पर इडी ने जेल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज मांगी थी, लेकिन अब यह फुटेज विधि विभाग के निर्णय पर निर्भर है कि इडी को मिलेगा या नहीं। जेल प्रशासन इडी द्वारा फुटेज मांगे जाने के बाद कारा आइजी से अनुमति के लिए पत्राचार किया, कारा विभाग चूंकि गृह विभाग के अधीन है, इस वजह से कारा आइजी ने गृह विभाग को पत्र भेज अनुमति मांगी। बताया जा रहा है कि गृह विभाग ने विधि विभाग से इस संबंध में मंतव्य मांगा है। हालांकि अब तक विधि विभाग की तरफ से इस पर निर्णय नहीं हो सका है। बता दें कि इडी के अधिकारी बीते मंगलवार को सीसीटीवी फुटेज लेने बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल पहुंचे थे। हालांकि जेल अधीक्षक ने इडी को सीसीटीवी फुटेज नहीं दिये थे।

---

# शीतकालीन सत्र में सीएम के विभागों के सवालों का जवाब देंगे 7 कैबिनेट मंत्री

**मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने अधिसूचना जारी की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 19 दिसंबर से शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रभार अधीन विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक, संकल्प आदि सभी प्रकार की विधायी सूचनाओं के उत्तर देने के लिए कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया गया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### सीएम के इन विभागों के सवालों के उत्तर ये मंत्री देंगे

**आलमगीर आलम:** गृह कार्य आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, विधि विभाग

**चंपई सोरेन:** वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग

**जोबा मांझी:** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, निबंधन विभाग को छोड़कर, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग

**बादल:** खान एवं भूतत्व विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग

**मिथिलेश कुमार ठाकुर:** जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग

**सत्यानंद भोक्ता:** नगर विकास एवं आवास विभाग

**बन्ना गुप्ता:** ऊर्जा विभाग।

### सरकारी स्कूलों के बच्चे प्राइवेट स्कूल के बच्चों को टक्कर देंगे: शिक्षा मंत्री

# 29 दिसंबर को 50 मॉडल स्कूल का उद्घाटन करेंगे सीएम हेमंत सोरेन




सुनील सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** 29 दिसंबर को 50 मॉडल स्कूलों की शुरूआत होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन स्कूलों का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी प्रदेश के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने शुक्रवार को दी। शिक्षा मंत्री राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में सेव द चिल्ड्रेन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**सरकारी स्कूलों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से बेहतर**

झारखंड के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से सेव द चिल्ड्रेन की ओर से किये गये प्रयासों और उसके परिणाम पर चर्चा के लिए आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कहा था कि सरकारी स्कूलों के बच्चे प्राइवेट स्कूल के बच्चों को टक्कर देंगे। इस बार के रिजल्ट में हमने इसे साबित कर दिया।

**50 मॉडल स्कूल बन कर तैयार: जगरनाथ महतो**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 80 मॉडल स्कूल बनाये जा रहे हैं। 50 स्कूल बन कर तैयार हैं। 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसका उद्घाटन करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये स्कूल किन-किन जिलों में खुल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी सूची जल्द ही जारी कर दी जायेगी।

**जिस विषय में पढ़ना चाहेंगे बच्चे, उसकी होगी पढ़ाई**

श्री महतो ने कहा कि झारखंड में जो मॉडल स्कूल खुल रहे हैं, उसमें गरीब परिवार के बच्चे जो पढ़ना चाहेंगे, पढ़ सकेंगे। वो क्षेत्रीय भाषा में पढ़ना चाहेंगे, तो उन्हें क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाया जायेगा। हिंदी मीडियम में पढ़ना चाहेंगे, तो उनकी पढ़ाई हिंदी में होगी। अगर वे अंग्रेजी में पढ़ाई करने के इच्छुक होंगे, तो उन्हें अंग्रेजी में ही पढ़ाया जायेगा।

**गरीब परिवार को बच्चों की पढ़ाई के बारे में सोचने की जरूरत नहीं**

जगरनाथ महतो ने कहा कि अब गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाई के बारे में सोचना नहीं पड़ेगा। झारखंड सरकार उनको पढ़ाने के सारे इंतजाम करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा देखा गया कि इंगलिश मीडियम में पढ़ाई होने की वजह से लोग सीबीएसइ बोर्ड की ओर आकर्षित हो रहे थे। अब हमारे झारखंड के गरीब बच्चे भी सीबीएसइ के स्तर की पढ़ाई कर सकेंगे। हम ऐसी व्यवस्था करने जा रहे हैं।

**सरकार ने उठाया शिक्षा व्यवस्था में सुधार का बीड़ा**

इस अवसर पर मंत्री श्री महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार का बीड़ा उठाया है। जल्द ही इसके परिणाम सामने आयेंगे। सरकार को जनता के साथ-साथ समाज का भी समर्थन मिल रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम जल्द आयेंगे। झारखंड के बच्चे अन्य राज्यों के बच्चों को चुनौती देंगे। हमारी शिक्षा व्यवस्था किसी भी अन्य राज्य से बेहतर होगी। इसके लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार ने कई पहल की है।

# नियोजन नीति पर हाइकोर्ट का फैसला हेमंत सोरेन सरकार की करारी हार : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को हेमंत सरकार की नियोजन नीति 2021 के निर्णय के विरोध में हाइ कोर्ट के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार की बनायी गयी एक भी नीति लोक कल्याणकारी नहीं है और ऐसी नीतियों का यही हाल होना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा युवाओं को रोजगार देने की कभी नहीं रही। इसलिए यह सरकार कानून विरोधी नीतियों के द्वारा केवल योजनाओं को लटकाने, भटकाने और अटकाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मूलवासी हेमंत सरकार के नियोजन नीति से परेशान थे। नियोजन नीति में झारखंड से 10वीं और 12वीं पास के शर्त के कारण कई झारखंडी बच्चे नियोजन के लिए अयोग्य करार हो रहे थे। जबकि दूसरे राज्यों से निवास करने वाले लेकिन केवल झारखंड में 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी योग्य माने जा रहे थे, जिसे न्यायालय ने रद्द किया। उन्होंने कहा इसी प्रकार भाषा के आधार पर भी राज्य सरकार ने अनुचित निर्णय लिये। घर-घर बोली जाने वाली हिंदी और अंग्रेजी को हटाकर इस सरकार ने चंद लोगों द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले उर्दू भाषा को प्राथमिकता दी जो तुष्टिकरण की पराकाष्ठा थी। प्रकाश ने जनहित और राज्य हित हाइकोर्ट द्वारा दिये गये ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को सस्ती लोकप्रियता के लिए जनविरोधी और संविधान विरोधी फैसला लेने से बचना चाहिए।

# ना नीति, ना नीयत, ना नेतृत्व क्षमता है: अमर कुमार बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने 2021 नियोजन नीति को रद्द करने पर पूर्व मंत्री सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हमने शुरू में ही राज्य सरकार को चेताया था कि ठगना व दिग्भ्रमित करना बंद करें और नीतिगत फैसले लें, लेकिन सत्ता के नशे में चूर व अटकाने, भटकाने, लटकाने की विद्या में पारंगत यह ठगबंधन सरकार ने हमारी एक नहीं सुनी। आज इसका खामियाजा राज्य के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। झारखंड सरकार की यह कभी नीयत ही नहीं थी कि राज्य के बच्चों को नियोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि इनकी ना नीति, ना नीयत, ना नेतृत्व क्षमता है। तथाकथित नियुक्ति वर्ष की कहानी समाप्त हो चुकी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, मित्र-कुटुंबियों का सहयोग मिलेगा।

**वृष** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, विरोधियों पर विजय, राजनीतिक संपर्क से लाभ मिलेगा।

**मिथुन** सामाजिक-राजनीतिक संपर्क प्रभाव का लाभ मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**सिंह** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**धनु** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**मकर** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति होगी।

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

## रेलवे ट्रैक पार कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**कटकमसांडी।** दवा लेने जा रही महिला रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी कि इसी बीच ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। घटना हजारीबाग के कटकमसांडी रेलवे स्टेशन की है। इंजन की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला मसोमात रुकनी की मौत हो गयी। 16 दिसंबर की सुबह लगभग 11 बजे यह घटना घटी। बेटा रिंकू भुइंया मजदूर है। पत्नी ने सुबह मां को खाना खिलाया और पत्नी भी पति के साथ मजदूरी करने चली गयी। मां को दांत में दर्द का दवा लाने बिरहोर टंडा रेलवे ट्रैक को पार करके जाना था। वह पहले भी इस रास्ते से कई बार गयी थी। कोडरमा से हजारीबाग की ओर जा रही ट्रेन के इंजन की वह चपेट में आ गयी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

# रिश्वत कांड में मनी लांड्रिंग के आरोपी अमित अग्रवाल को तीन महीने की अंतरिम जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 70 दिन बाद आखिरकार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गयी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश की खंडपीठ ने अमित अग्रवाल को जमानत दी है। अमित अग्रवाल को तीन महीने की अंतरिम जमानत दी गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी है। अमित अग्रवाल की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और रंजीता रोहतगी ने कोर्ट से कहा कि मेरे क्लाइंट को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उन्होंने अधिवक्ता राजीव कुमार की शिकायत की। अधिवक्ता राजीव कुमार को जमानत मिल गयी है, तो उन्हें भी मिलनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाइकोर्ट से अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। इसमें कहा गया है कि राजीव को कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी उनके द्वारा कोलकाता पुलिस में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी पर हुई थी। कोलकाता पुलिस ने उनकी शिकायत पर राजीव को 50 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इडी ने इस मामले में केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की। राजीव को रिमांड में लेने के बाद पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान 7 अक्तूबर की रात उन्हें भी इस मामले में अभियुक्त बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया गया, जो कि गलत है, क्योंकि हाइकोर्ट में चल रहे पीआइएल को मैनेज करने के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में वह शिकायतकर्ता हैं।

# झारखंड एटीएस ने लव कुश शर्मा को अरवल से किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अपराधी लव कुश शर्मा को झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार कर लिया है। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने बिहार के अरवल जिला से लव कुश शर्मा को गिरफ्तार किया है।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई**

बीते 27 जनवरी को मोरहाबादी में अपराधी कालू लामा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना को अंजाम लव कुश शर्मा के कहने पर दिया गया था। घटना के बाद लव कुश शर्मा भूमिगत हो गया था, जिसके बाद रांची पुलिस के साथ-साथ एटीएस भी लव कुश शर्मा की तलाश में जुटी हुई थी। एटीएस लगातार लव कुश शर्मा को लेकर अपनी सूचनाओं को एकत्र कर रही थी। इसी दौरान एटीएस को अपराधी लवकुश शर्मा बिहार के अरवल जिला में होने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद एटीएस की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए लव कुश शर्मा और उसके पिता को पकड़ा। हालांकि उसके पिता को छोड़ दिया गया है, क्योंकि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है, जबकि लव कुश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन एटीएस शाखा का चुनाव

# निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष समेत चार प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन एटीएस शाखा चुनाव में अध्यक्ष समेत चार प्रत्याशी निर्विरोध चुने गये, जबकि सिर्फ एक संयुक्त सचिव पद के लिए अभिजीत गौतम निर्वाचित हुए। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन एटीएस शाखा का चुनाव 15 दिसंबर को कराने के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था। इसके आलोक में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया। इसमें अध्यक्ष इंस्पेक्टर चक्रवर्ती कुमार राम, उपाध्यक्ष उदय शंकर, सचिव विशाल पांडेय, संयुक्त सचिव अभिजीत गौतम और कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार चुने गये।

# हिंदपीढ़ी में चाकूबाजी में युवक की मौत आरोपी के घर को किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में आपसी विवाद में चाकूबाजी की घटना हुई। इस चाकूबाजी में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिसके बाद मृतक के परिवारवालों ने विरोधियों के घर को आग के हवाले कर दिया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।



वहीं ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और प्रारंभिक जानकारी में चाकूबाजी की घटना सामने आयी है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## गोरखपुर के डीपीआरओ हिमांशु शेखर ने रचायी तीसरी शादी

**पत्नी बोली- मेरा कोर्ट में चल रहा दहेज उत्पीड़न का केस, मुख्यमंत्री से लगायी गुहार**

**गोड्डा।** गोरखपुर के डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर पर उनकी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाये हैं। झारखंड के गोड्डा जिले की रहनेवाली पत्नी सपना कुमारी का आरोप है कि उनके पति ने महराजगंज की एक महिला संग चुपके से तीसरी शादी कर ली है। जबकि, अभी कुछ साल पहले पति ने ही बताया था कि उन्होंने नोएडा की रहनेवाली एक महिला संग कोर्ट मैरिज की है। उन्होंने इसके लिए गोरखपुर के सीडीओ (मुख्य विकास अधिकारी) और एसपी महराजगंज को अप्लीकेशन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इस मामले की शिकायत की है। पत्नी का कहना है कि डीपीआरओ ने खुद उनसे फ्लैट खरीदने के नाम पर 50 लाख रुपयों की डिमांड की थी, जिसके बाद पत्नी सपना ने झारखंड स्थित कोर्ट में डीपीआरओ समेत उनके पूरे परिवार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस भी दर्ज कराया है। मामला कोर्ट में चल रहा है।


### पहल : राज्यपाल रमेश बैस ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

# झारखंड उच्च न्यायालय में कार्यवाही की भाषा हिंदी हो : रमैश बैस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कहा- हिंदी झारखंड की राजभाषा है और राज्य के सर्वाधिक लोग हिंदी बोलते और समझते हैं**

**बिहार समेत कई राज्यों के उच्च न्यायालय में हिंदी भाषा में होती है कार्यवाही**



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने राष्ट्रपति को पत्र लिख कर ध्यान आकृष्ट किया है कि हिंदी झारखंड की राजभाषा है और राज्य के सर्वाधिक लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। नगण्य लोगों द्वारा ही राज्य में अंग्रेजी बोली जाती है या प्रयुक्त की जाती है, फिर भी अंग्रेजी राज्य के उच्च न्यायालय की कार्यवाही की भाषा है और संविधान में निहित प्रावधानों का उपयोग करते हुए हिंदी को झारखंड उच्च न्यायालय की भाषा अब तक नहीं बनायी जा सकी है, जबकि देश के कई राज्य जहां राजभाषा हिंदी है, हिंदी भाषा को संबंधित उच्च न्यायालयों की कार्यवाही की भाषा के रूप में लागू किया गया। इनमें उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार के उच्च न्यायालय शामिल हैं।

झारखंड का आविर्भाव अविभाजित बिहार से 15 नवंबर 2000 को हुआ। झारखंड के भू-भाग राज्य गठन के पूर्व पटना उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते थे। एकीकृत बिहार के उच्च न्यायालय, पटना में हिंदी न्यायालय की कार्यवाही की भाषा के रूप में लागू है। झारखंड गठन के पश्चात यहां हिंदी राजभाषा जरूर बनी, पर झारखंड उच्च न्यायालय में हिंदी न्यायालय की कार्यवाही की भाषा के रूप में लागू नहीं हो सकी। उन्होंने कहा है कि न्याय सर्वसुलभ और स्पष्ट रूप से सबको समझ में आये, इसके लिए आवश्यक है कि न्याय की प्रक्रिया सरल हो और उसे आम आदमी को समझ आती हो।

झारखंड जैसे राज्य के उच्च न्यायालय में कानूनी प्रक्रियाओं का माध्यम अंग्रेजी होना न्याय को आम आदमी की समझ और पहुंच से दूर बनाता है। उन्होंने कहा है कि अनुच्छेद 348 के खंड (2) में प्रावधान है कि किसी राज्य का राज्यपाल राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से उस उच्च न्यायालय की कार्यवाहियों में हिंदी भाषा का या उस राज्य की शासकीय भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा। अब चूंकि हिंदी झारखंड की राजकीय भाषा भी है, अतः इसे उच्च न्यायालय की कार्यवाही की भाषा घोषित करना संविधान के प्रावधानों के अनुरूप होगा।

अतः राज्यहित एवं न्यायहित में संविधान के अनुच्छेद 348(2) में प्रदत्त प्रावधानों का प्रयोग करते हुए हिंदी को झारखंड उच्च न्यायालय की कार्यवाही की भाषा के रूप में प्राधिकृत किया जा सकता है।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

Retender
e-Procurement Notice No. 17 / 2022-23

Letter No.- CE/3269/1410 Date: 16.12.2022

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT17/ 2022-23 | Construction / Renovation work in Mandal Kara at Pakur in the district of Pakur. | 6942596.00 | 10000.00 | 139000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 19.12.2022 at 11:00 AM to 28.12.2022 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 28.12.2022. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 29.12.2022. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 30.12.2022.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# स्पीकर ने सदन सुचारू चलाने में मांगा सहयोग



**झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक में भाजपा नहीं हुई शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 से 23 नवंबर तक चलेगा। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक की। उन्होंने विधायक दल के नेताओं और सरकार के अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की।

विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस से मंत्री रामेश्वर उरांव, आजसू से विधायक लंबोदर महतो और भाकपा माले के विधायक बिनोद सिंह शामिल हुए। भाजपा की ओर से कोई प्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचा।

विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक दल के नेताओं से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग मांगा। कहा कि सभी विधायक अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के सदन में रखें और सरकार की ओर से उसके निराकरण के लिए सकारात्मक पहल हो। वहीं अधिकारियों की बैठक में विधानसभाध्यक्ष ने उन्हें विधानसभा सत्र के दौरान की विधि व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब ससमय और विधिसम्मत दें, ताकि विधानसभा में ऐसी स्थिति पैदा न हो कि सरकार सवालों के जवाब न दे सके। लंबित आश्वासनों और सूचनाओं को भी जल्द से जल्द विधायकों को उपलब्ध कराने का निर्देश उन्होंने दिया।

# मंगल सूत्र बचाने के लिए स्नैचर से भिड़ गयी महिला

**लॉकेट लेकर भागने में सफल रहा अपराधी**

**गोंदा थाना क्षेत्र के विद्यापति नगर में रहती है महिला**

**दिन के 2.30 बजे घर से जा रही थी कांके रोड, उसी दौरान हुई घटना**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड में एक महिला से मंगल सूत्र छिनतई की घटना हुई, लेकिन महिला हिम्मत दिखाते हुए उस स्नैचर से भिड़ गयी। दोनों के बीच काफी देर तक गुत्थम गुत्थी हुई। गोंदा थाना क्षेत्र स्थित विद्यापति नगर में रहने वाली सविता मिश्रा (35) अपने घर से दिन के 2.30 बजे निकल कांके रोड जा रही थी। उसी दौरान बाइक पर हेलमेट पहने एक स्नैचर सामने से आया और उनका मंगल सूत्र छीन भागने लगा। जैसे ही वह मंगल सूत्र गले से छिनकर भाग रहा था, सविता मिश्रा ने उसे दबोच लिया। स्नैचर के हाथों से सविता मिश्रा ने अपना मंगल सूत्र पकड़ लिया। उसे बाइक से पटक दिया। दोनों में काफी देर तक गुत्थम गुत्थी होती रही। स्नैचर काफी शातिर था। उसने सविता मिश्रा को कई बार सड़क पर गिराने की कोशिश की। इसके बाद भी सविता अपना मंगल सूत्र पकड़ी रही। मंगल सूत्र का चेन उनके हाथों में रह गया, लेकिन उसका लॉकेट स्नैचर के हाथ में रह गया। मौका देख स्नैचर ने सविता मिश्रा को धक्का दे दिया। फिर बाइक लेकर भाग निकला।

## 2003 में हुई थी सविता की शादी

सविता मिश्रा हाउस वाइफ हैं। उनके पति अरुण कुमार मिश्रा सिविल कांट्रेक्टर हैं। सविता मिश्रा ने बताया कि उनकी शादी 2003 में हुई थी। उनकी दो बेटियां हैं, एक 11वीं और एक दूसरी कक्षा की छात्रा है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद पति अरुण कुमार मिश्रा ने मंगल सूत्र गिफ्ट किया था, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये होगी।

घटना के तुरंत बाद गोंदा थाना की पुलिस को इस बात की जानकारी दी गयी। सूचना पाकर गोंदा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पूरी जानकारी ली। मामले में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है ताकि स्नैचर के संबंध में सुराग मिल सके।

# श्री राम कथा आयोजन समिति के कार्यालय का उद्घाटन आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन हरमू मैदान में होना सुनिश्चित हुआ है। इस आयोजन की सफलता के लिए शनिवार को लेक रोड स्थित पुष्पांजलि बिल्डिंग में श्री राम कथा आयोजन समिति के कार्यालय का उद्घाटन होगा। इस अवसर पर चिन्मय मिशन आश्रम के संत सहित अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। इस बात की जानकारी मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार सारस्वत ने दी।

# बीटेक के बैकलॉग वाले छात्रों को एक मौका दिया जाये : टेक्निकल छात्र संघ

**रांची (आजाद सिपाही)।** टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि बीटेक के बैकलॉग वाले जिन विद्यार्थियों का इंजीनियरिंग में 7 वर्ष (पंजीकरण समाप्त) हो गया है, उनको एक मौका दिया जाए। इसके लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने की मांग उन्होंने की। छात्रों का कहना था कि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डिप्लोमा के छात्रों को कोरोना काल में रजिस्ट्रेशन समाप्त होने के बाद भी एक मौका दिया गया है। उन्होंने उसी प्रकार रांची विश्वविद्यालय के बीटेक के विद्यार्थियों को भी एक मौका देने का आग्रह किया। बैकलॉग वाले विद्यार्थी एनएफटी, सीआईटी, आरटीसी और निलानी आदि संस्थानों से है। इस पर परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा ने आश्वस्त किया गया कि जल्द ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। छात्र प्रतिनिधिमंडल ने डॉ झा को दोबारा परीक्षा नियंत्रक के रूप में योगदान देने पर भी बधाई दी।

## फिर नियोजन नीति के शिकार हुए बेरोजगार

# आठ हजार से अधिक पदों पर होने वाली बहाली रद्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट द्वारा नियोजन नीति के रद्द किये जाने के साथ ही झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी की ओर से अब तक जितनी भी नियुक्तियां की गयी, विज्ञापन जारी किया गया, परीक्षा तिथि घोषित की गयी वे स्वतः रद्द हो गयी हैं। सरकार की ओर से नियोजन नीति लागू किये जाने के बाद से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 10 से अधिक विज्ञापन निकाले। जो अब रद्द हो चुकी हैं। जारी विज्ञापनों में प्रयोगशाला सहायक पद पर नियुक्ति हो चुकी है।

## इन विज्ञापन से होने वाली नियुक्तियां रद्द

**झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2022**

इस आवेदन के जरिए पांच विभिन्न पदों पर नियुक्ति होनी थी। इसमें कुल पदों की संख्या 168 थी। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश आने के बाद से इसे रद्द किया जाता है। पद के अनुसार रिक्तियों की बात करें तो खान निरीक्षक के 32, मैकेनिकल जूनियर इंजीनियर के 19, मोटरयान निरीक्षक के 44, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर के 55 और पाइप लाइन इंस्पेक्टर के 16 पद थे। इसी विज्ञापन के जरिए पर बैकलॉग नियुक्ति भी होनी थी जिसमें मैकेनिकल जूनियर इंजीनियर के साथ मोटरयान निरीक्षक के 2 पद थे।

**रिम्स रांची के अंतर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा**

इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से कुल 30 उम्मीदवारों की नियुक्ति विभिन्न पदों पर होनी थी।

**झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा**

इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से 26 विभिन्न ट्रेड्स के 711 प्रशिक्षकों की नियुक्ति होनी थी।

**झारखंड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए कुल 455 पदों पर नियुक्तियां होनी थी। इसमें उद्योग विभाग के अंतर्गत आने वाले कुशल शिल्पी एवं समकक्ष पद के 187 और कीट पालक एवं समकक्ष के 268 पद हैं।

**स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए सीधी नियुक्ति के तहत 11 विभिन्न विषयों में 2137 पदों पर नियुक्ति होनी थी। इसी विज्ञापन के तहत टीजीटी कार्यरत शिक्षकों को भी अवसर दिया गया था। इनके 576 पदों पर नियुक्ति होनी थी।

**झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए 690 पदों पर नियुक्ति होनी थी। इसके लिए लिखित परीक्षा के बाद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

**झारखंड सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जारी इस विज्ञापन के जरिए 452 पदों पर नियुक्ति होनी थी।

**झारखंड तकनीकी योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए सात विभिन्न पदों पर नियुक्ति होनी थी। इस विज्ञापन के जरिए 592 पदों पर बहाली होनी थी।

**झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए छह विभिन्न पदों पर बहाली होनी थी। जिसमें रिक्तियों की संख्या 921 थी।

**झारखंड इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए 986 पदों पर बहाली होनी थी। यह रिक्तियां 10 सेवाओं के लिए निर्धारित थी।

**झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा**

इस विज्ञापन के जरिए 24 विभिन्न पदों पर 701 नियुक्तियां की जानी थी।

**हर विज्ञापन में जेएसएससी ने दी थी जानकारी**

हालांकि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अपने निकाले गए हर विज्ञापन में इस बात का जिक्र किया था कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट पिटिशन संख्या 3894/2021 रमेश हांसदा एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में पारित अंतिम आदेश से विज्ञापन के अंतर्गत की गई अनुशंसा और नियुक्तियां प्रभावित होंगी।

## जेएसएससी ने जारी की सूचना

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी ने सूचना जारी की है। इस सूचना में आयोग ने कहा है कि परीक्षा आयोजन को लेकर परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया था। इस कैलेंडर में आगामी विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की संभावित तिथियों का प्रकाशन किया गया था। उक्त परीक्षा कैलेंडर को अपरिहार्य कारणवश विलोपित किया जाता है। आयोग ने कहा है कि संशोधित परीक्षा कैलेंडर बाद में भी जारी किया जायेगा।

# सरला बिरला स्कूल में स्पिक मैके का राजस्थानी लोक गीत और कालबेलिया नृत्य का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने विद्यालय के प्रेक्षागृह में राजस्थानी गीत-संगीत एवं नृत्य का आनंद लिया और वहां की समृद्ध कला और संस्कृति से परिचित हुए। यह कार्यक्रम ह्यस्पिकमैकेह्व संस्था द्वारा 16 दिसंबर 2022 को प्रस्तुत किया गया। संस्था का उद्देश्य युवाओं के मध्य शास्त्रीय संगीत और नृत्य का प्रचार-प्रसार करना है।

राजस्थानी लोकगीत और कालबेलिया नृत्य (सपेरा नृत्य) का शानदार प्रदर्शन भुंगर खान मैगनियर और उनकी टीम ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। छात्रों ने कालबेलिया जनजाति के लोकप्रिय नृत्य के इतिहास को जाना और उनके लिए इस नृत्य के महत्व से परिचित हुए। छात्रों को नृत्य और गीत के अतिरिक्त वाद्य यंत्रों की भी जानकारी मिली। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने स्पिकमैके द्वारा छात्रों को संस्कृति और कला से जोड़ने के अभिनव प्रयास की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं, जिससे उन्हें अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति को पहचानने में मदद मिलती है।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान है : कुलपति

## युवा ही रक्त की कमी को दूर कर सकते हैं : डॉ अजीत कुमार सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राची।** रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस एवं रिम्स के संयुक्त तत्वावधान में विजय दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन आर यू के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में किया गया। इस अवसर पर आर यू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य में जितना रक्त की आवश्यकता है उतना आपूर्ति नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान की कमी को युवा ही दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को मोटिवेट कर रक्तदान के प्रतिशत को बढ़ाना होगा। उन्होंने रक्तदान करने के कई फायदों को विस्तार से बताया एवं रक्तदान करने वालों की अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बीबीएमके, धनबाद के कुलपति डॉ सुखदेव भुई ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है। उन्होंने कहा कि जो नियमित रूप से अपना रक्तदान करते हैं वे हमेशा स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने आर यू के इसप्रकार के सार्थक पहल करने के लिए बधाई दी। रक्तदान शिविर में रक्तदान हेतु कुल 130 छात्र - छात्राओं के मेडिकल टीम द्वारा जांच की गयी जिसमें से कुल 86 यूनिट रक्त रिम्स ब्लड बैंक के लिए संग्रह हुआ। रक्तदान शिविर में रिम्स की चिकित्सक डॉ उषा सरोज, कविता देवधरिया, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ काजोल, मुकेश आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

रक्तदान शिविर में डी एस डब्ल्यू डॉ जीएस झा, डीन विज्ञान डॉ कुनुल कंदीर, मास कॉम के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा, उप निदेशक वोकेशनल कोर्सेज डॉ स्मृति सिंह, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ बी आर झा, डॉ एके डेल्टा, डॉ संजय कुमार डे, डॉ लाडली रानी, डॉ नीता लाल, डॉ सीमा केसरी, डॉ लतिका सिन्हा, डॉ अरुण कुमार पांडेय सहित कई प्राध्यापक शामिल हुए। सम्पूर्ण कार्यक्रम आरयूकेएनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हर्षिता सिन्हा के देख - रेख में संपन्न हुआ।

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में एनएसएस के दिवाकर आनंद, फलक फातिमा, पुरषोत्तम, अनिकेत, सुरभी, सुधा, अंशु, आस्था, अक्षिता, मेराज, रोहित, सुभाष, अमन, पवन आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# वाइबीएन यूनिवर्सिटी में आठ दिवसीय सम्मेलन का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी में सतत विकास के लिए अनुसंधान नवोन्मेष में उभरते रुझान विषय पर आयोजित आठ दिवसीय सम्मेलन का समापन शुक्रवार को हुआ। इसमें वैज्ञानिक शोधार्थियों, शिक्षाविदों, उद्योग प्रबंधकों और प्रशासनिक पदाधिकारियों हिस्सा लिया और अपने शोध अनुभवों को साझा किया। सम्मेलन के दौरान विज्ञान, कृषि, कला-संस्कृति, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड आइटी वाणिज्य प्रबंधन, शिक्षा, फामेर्सी, नर्सिंग, पारामेडिकल कानून होम्योपैथी आदि विषयों के रचनात्मक शोध से सतत विकास पर चर्चा हुई। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के 100 से अधिक वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। आखिरी दिन स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन और मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के चांसलर बैद्यनाथ यादव, चेयरमैन डॉ रामजी यादव मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार, कुलपति प्रो डॉ एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ श्रीरमन दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शारदा ग्लोबल स्कूल में मिनी स्पोर्ट्स डे



**रांची (आजाद सिपाही)।** शारदा ग्लोबल स्कूल में जूनियर बच्चों के लिए तीन दिवसीय मिनी स्पोर्ट्स डे इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्री नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों के लिए अनेक आकर्षक खेलों का आयोजन किया गया, जैसे- जलेबी रेस, सैक रेस, टॉफी रेस, थ्री लेग्गेड रेस, आदि। इस इंटर हाउस प्रतियोगिता में करेज हाउस को प्रथम स्थान, राइट्यिस हाउस को द्वितीय स्थान तथा एक्ज्यूबरेंट हाउस को तृतीय स्थान मिला। विजय प्रतिभागियों को विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप तथा विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने पदक प्रदान कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विजयी प्रतिभागी - कक्षा द्वितीय आरव उरांव, आरोही उरांव, मो आरीज, पीहु मुंडा, आलोका पी, वीवान स्वानीक, कक्षा प्रथममोहीत, मर्सी टोप्पो, प्रीत्युष कुमार, आशना कुमारी जेना, कक्षा केजी 2 नीर रुंडा, अनाहिता जयसवाल, कक्षा केजी 1 काव्या खत्री, आदित्या साहा, अदिरा नवाब, आयरा उरांव, विधान जैन, पिहु तनेजा, कक्षा प्री-नर्सरी, याशु सिकरिया, अभिज्ञान जाना, आयुषी उरांव कच्छप।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव ने सीएमपीडीआइ का दौरा किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** अलका तिवारी (भाप्रसे), सचिव, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार ने शुक्रवार को सीएमपीडीआइ, रांची का दौरा किया और संस्थान में अनुसूचित जनजाति से संबंधित विभिन्न प्रेसिडेंसियल दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों को दी जा रही भर्ती, पदोन्नति, रियायतों और छूट पर आरक्षण और सीएसआर गतिविधियों के बारे में चर्चा की गयी। इस मौके पर प्रबंधन द्वारा सीएमपीडीआइ में लागू किये जा रहे विभिन्न प्रावधानों और दिशा-निर्देशों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक आरएन झा, निदेशक एसके गोमास्ता, निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अजय कुमार एवं महाप्रबंधक / विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इसके पूर्व सीएमपीडीआइ में तिवारी के आगमन पर उनका स्वागत प्रबंधन की ओर से निदेशक एसके गोमास्ता एवं कोल इंडिया एससी/एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) के अध्यक्ष केएम डार्विन व अन्य सदस्यों ने किया।

### वर्ल्ड विजन और यूनिसेफ की टीम ने केंद्रीय मन:शिचकित्सा संस्थान का दौरा किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** वर्ल्ड विजन और यूनिसेफ की टीम ने 15 और 16 दिसंबर को केंद्रीय मनःश्चिकित्सा संस्थान, रांची का दौरा किया। पहले दिन उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों का दौरा किया और वाश (जल, स्वच्छता और स्वच्छता) सुधार के लिए मूल्यांकन किया (कायाकल्प दिशानिदेर्शों के अनुसार)। दूसरे दिन उन्होंने पहले दिन के आकलन के आधार पर कायाकल्प और वॉश पर सीआईपी कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की। यूनिसेफ की वॉश सलाहकार डॉ देबलीना देवेदी ने कार्यशाला आयोजित की और कर्मचारियों को वॉश में सुधार के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ लक्ष्मी सक्सेना (यूनिसेफ, झारखंड), और डॉ अविनाश शर्मा, सीआइपी के प्रशासनिक अधिकारी, डॉ सुनील, डॉ महतो, डॉ स्वप्ना, डॉ के प्रसाद, डॉ प्रियंका विश्व के साथ कार्यशाला का हिस्सा थे (विजन, और सीआइपी स्टाफ)। कार्यशाला का समापन एसएमओ डॉ महतो द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव देकर किया गया।

### डीपीएस रांची के शुभम झा का आइओक्यूएम में शानदार प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** डीपीएस रांची के शुभम झा (कक्षा ) ने अपने उत्कृष्ट गणितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) 2022-23 के पहले चरण में अर्हता प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। साथ ही, शुभम इस प्रतियोगिता के अगले चरण, इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आइएनएमओ 2022-23) में शामिल होने के लिए भी क्वालिफाइ कर चुके हैं। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य की आठवीं से ग्यारहवीं कक्षा के कुल 05 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें से एक डीपीएस रांची के शुभम हैं। प्राचार्य डॉ राम सिंह ने शुभम को उनकी इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और आइएनएमओ में भी सफलता का परचम लहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

### लापता युवक का शव जंगल में मिला

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना क्षेत्र की लाली पंचायत के बारेडंडा जंगल के रादेरबुरू पहाड़ से पुलिस ने एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार 10 दिन पहले घर से निकले एकलौते बेटे सुरीन मुंडा (उम्र 32) का शव नामकुम, अनगड़ा एवं सोनाहातू सीमा के कोचा टोली से बरामद किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि वह अपनी 55 वर्षीय मां के साथ लाली पंचायत के टुंगरीटोली में रहता था। उसकी शादी हुई थी, परंतु पत्नी छोड़ कर चली गयी थी। परिवार खेती बारी पर निर्भर है। 5 दिसंबर को खेत से धान लाने के बाद सुरीन ने काफी थके होने की बात कह कर मां से सौ रुपये दारु पीने के लिए मांगे और चला गया। पूर्व में भी कई बार बिना बताये सुरीन कई दिनों तक बाहर रहता था, इसलिए मां ने खोजबीन नहीं की। उन्हें लगा वापस आ जायेगा। गुरुवार की सुबह जंगल में गये ग्रामीणों ने झाड़ियों में शव देखा। शव सड़ा गला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत की वजह अत्यधिक नशे में गिरना लगता है।

## रामगढ़ सदर अस्पताल में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर का आयोजन

# सर्वाइकल प्री कैंसर से ग्रसित 20 मरीजों को मिला नया जीवनदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/रांची।** विमेन डॉक्टर्स विंग एवं स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा रामगढ़ सदर अस्पताल में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजन से पूर्व सदर अस्पताल के लिए लायी गयी सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग एवं प्री-कैंसर के उपचार की मशीनों को लोकार्पण स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। इस मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर में फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि रेखा बोरा की टीम द्वारा शिविर में आने वाले सभी महिला मरीजों की जांच की गयी एवं इसके साथ ही झारखंड की 50 सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों को स्तन एवं सर्वाइकल प्री-कैंसर की अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं उपचार का प्रशिक्षण भी प्रदान कराया गया। शिविर में आयी सभी महिलाओं की सर्वाइकल प्री-कैंसर की स्क्रीनिंग की गयी। एवं सर्वाइकल प्री- कैंसर से ग्रसित सभी महिलाओं की कोलपोस्कोपी गाइडेड क्रायो ट्रीटमेंट कर उन्हें ठीक किया गया। कैंप में कुल 610 मरीजों की जांच की गयी। इनमें से लगभग 60 प्रतिशत महिलाओं में जेनाइटल इन्फेक्शन पाया गया। 20 महिलाओं में सर्वाइकल प्री-कैंसर पाया गया, जिन्हें कैंप स्थल पर ही कोलपोस्कोप गाइडेड क्रायो ट्रीटमेंट दे कर उन्हें कैंसर से मुक्त किया गया। कैंप में दो महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर मिला, जिन्हें रिम्स रेफर किया गया। शिविर में आने वाली सभी महिलाओं को एक महीने की आयरन फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोलियां मुफ्त बांटी गयी।



सर्वाइकल प्री कैंसर से ग्रसित एक महिला का क्रायो उपचार करतीं और महिला स्त्री रोग विशषज्ञों को इसका प्रशिक्षण देतीं दिल्ली की फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि रेखा बोरा। साथ में हैं डॉ भारती कश्यप।

### डॉ भारती कश्यप पिछले आठ वर्षों से सर्वाइकल कैंसर मुक्त झारखंड के लिए प्रयासरत

डॉ भारती कश्यप ने बताया कि 2014 में वूमेन डॉक्टर्स विंग आइएमए की चेयरपर्सन बनने के बाद से ही उन्होंने पूरे राज्य के दूर-दराज के इलाकों में मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर लगाना शुरू कर दिया, जिसमें शिविर में आयी सभी महिलाओं की सर्वाइकल प्री-कैंसर की स्क्रीनिंग की गयी एवं सर्वाइकल प्री-कैंसर से गर्सित सभी महिलाओं की कोलपोस्कोपी गाइडेड क्रायो ट्रीटमेंट कर उन्हें ठीक किया गया। सभी शिविरों में जननांग संबंधी सूजन को खत्म करने के लिए किट 2 और किट 6 गोलियों के अलावा आयरन, फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां भी जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की गयी। पिछले आठ सालों में आयोजित सभी मेगा महिला स्वास्थ्य शिविरों में राज्य के दूरदराज के क्षेत्र में पदस्थापित सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों को दिल्ली और कोलकाता से बुलाये गये कैंसर स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा सर्वाइकल प्री-कैंसर की पहचान एवं कोलपोस्कोपी गाइडेड क्रायो ट्रीटमेंट का प्रशिक्षण दिया गया है।

### सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए सरकार गंभीर है : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार राज्य से सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए गंभीर है। वूमेन डॉक्टर्स विंग ने सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की रोड मैप को बनाने में काफी साथ दिया है और अब हम बहुत जल्द अपने राज्य में सर्वाइकल कैंसर के वैकसिनेशन को शुरू करने के लिए प्रयासरत हैं। साथ ही अब ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए भी काम शुरू किया गया है।

### झारखंड में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी सफलता मिली है : डॉ रश्मि रेखा बोरा

दिल्ली की फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि रेखा बोरा ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन नीति के तीसरे भाग को लेकर झारखंड में वीमेन डॉक्टर्स विंग आइएमए एवं स्वास्थ विभाग ने मिलकर एक संशोधित नीति बनाकर राज्य में 2021 से जारी किया है और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति में भी बड़ी सफलता मिली है।

### सर्वाइकल डिसीज से ग्रसित महिलाओं की स्क्रीनिंग का 50% लक्ष्य हासिल किया : डॉ भारती कश्यप

डॉ भारती कश्यप, राष्ट्रीय सह-अध्यक्ष विमेन डॉक्टर्स विंग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि 2021 में विमेन डॉक्टर्स विंग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर डब्ल्यूएचओ की सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन नीति को संशोधित कर झारखंड मॉडल बनाया, जिससे कि 100% सर्वाइकल डिसीज से ग्रसित महिलाओं की स्क्रीनिंग हो सकती है। 2,70,000 महिलाओं की स्क्रीनिंग के लक्ष्य के 50% (1,27,000) को हम प्राप्त कर चुके हैं।

## द रांची प्रेस क्लब का वार्षिक आमसभा

# अब स्नातकधारी नये सदस्य ही चुनाव लड़ सकेंगे




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर द रांची प्रेस क्लब ने अपने एक साल की उपलब्धियों का ब्योरा पत्रकारों के समक्ष रखा गया। मुख्य रूप से इस आमसभा में कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरैशी द्वारा लाये गए प्रस्ताव जिसमें शिक्षा को अनिवार्य किया जाना चाहिए को बहुमत के साथ सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। जिसमें बताया गया कि करीब 1050 पत्रकार क्लब के सदस्य हैं जो 2017 से अब तक बने हुए हैं वह बने रहेंगे, लेकिन अब जो नए सदस्य प्रेस क्लब के वही बनेंगे, जिनका शैक्षणिक योग्यता स्नातक होगा और चुनाव भी वही लड़ सकेंगे जो स्नातक किए हुए हैं या फिर उनका 20 सालों से किसी भी मीडिया संस्थान से लगातार जुड़ कर पत्रकारिता कर रहे हो। इसके अलावा न्यू रिव्यू कमेटी में 5 सदस्यों का चयन किया गया है, जिनमें कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्यों में रुपम,धर्मेंद्र गिरी और राकेश को चुना गया है, जो नए सदस्यों का चयन करते हुए कमेटी को रिपोर्ट सौंपेंगे। इस मौके पर मंच संचालन संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा ने किया। प्रस्ताव सचिव जावेद अख्तर ने पढ़ा, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू ने एक साल का कोष का ब्यौरा प्रस्तुत किये और अध्यक्षीय भाषण अध्यक्ष संजय मिश्रा ने दी। इस मौके पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सचिव शंभू नाथ चौधरी, अखिलेश सिंह ,पूर्व कोषाध्यक्ष जयशंकर, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन सहित वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, हरिनारायण राय, विनय कुमार, विनय वर्मा, प्रमोद कुमार, रंगनाथ चौबे, दिव्यांशु झा, भारत भूषण ,ओम प्रकाश मालवीय , शहरोज कमर, पंकज जैन,मनोज शर्मा,मनोज, शशि पांडेय, चंदन भट्टाचार्य, मनीष,राजीव, आनंद मोहन पाठक, विवेक चंद्रा, अमित दास, संदीप नाग सहित कई गणमान्य पत्रकार एवं फोटो जर्नलिस्ट उपस्थित थे।

# नाबार्ड के अधिकारियों के वेतन और भत्तों के संशोधन में विसंगतियां, रहे पर हड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑल इंडिया नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशनने वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी एक आदेश द्वारा किए गए वेतन संशोधन में विसंगतियों के विरोध में 16 दिसंबर को पूरे दिन के अखिल भारतीय स्तर का हड़ताल किया। शुक्रवार को नाबार्ड के झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय, रांची में भी सभी अधिकारी हड़ताल पर रहे। साथ ही जिलों में पदस्थापित सभी जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) भी हड़ताल पर रहे। सभी अधिकारियों में कार्यालय गेट पर धरना और प्रदर्शन किया।

नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन की झारखण्ड इकाई के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दो महीनों में डीएफएस के अधिकारियों को दिए गए कई अभ्यावेदनों और कई दौरों की बातचीत के बाद, उनके पास हड़ताल पर जाने के अलावा कोई नहीं विकल्प नहीं बचा। इसके बाद संसद तक मार्च निकाला जाएगा और भूख हड़ताल आंदोलन भी किया जायेगा। नाबार्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन की झारखण्ड इकाई के सचिव मो आफताब उद्दीन द्वारा बताया गया कि इस हड़ताल को सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा भी समर्थन दिया गया हैं क्योंकि यह वेतन संशोधन भविष्य के लिए सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पूरे संगठन के लिए भी निहितार्थ रखता है। 14 सितंबर के डीएफएस के आदेश के परिणामस्वरूप 21 सितंबर को प्रशासनिक परिपत्र जारी होने के बाद से ही नाबार्ड के अधिकारी आंदोलन पर हैं। सबसे पहले, इस आदेश ने अधिकारियों के समान कैडर के लिए दोहरे और विभेदित वेतन की शुरूआत की। 1982 में नाबार्ड के गठन के समय भारतीय रिजर्व बैंक से आए स्टाफ के लिए अधिक वेतन और नाबार्ड द्वारा सीधे भर्ती किए गए स्टाफ के लिए कम वेतन निर्धारित किया गया. अधिकारी के ग्रेड के अनुसार भुगतानकिए जाने वाले ग्रेड भत्ते को घटाया गया।

हालांकि, डीएफएस के आदेश के अनुसार, निचले ग्रेड के अधिकारी उच्च ग्रेड के अधिकारियों की तुलना में अधिक ग्रेड भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, जिससे नामकरण ग्रेड का मजाक बनाया जा रहा है। यह एक ही संगठन में 'समान काम के लिए समान वेतन'मानक का उल्लंघन है। यहाँ यह उल्लेख उचित होगा कि दोनों श्रेणी के अधिकारी - जो 1982में भारतीय रिजर्व बैंक से आए थे और जो नाबार्ड द्वारा भर्ती किए गए थे - समान वेतन और भत्ते प्राप्त कर रहे थे।

पिछले 35 वर्षों में सात समझौतों के माध्यम से इस प्रथा का पालन किया गया। आठवें समझौते (2017-2022) की अवधिमें नाबार्ड द्वारा भर्ती किए गए अधिकारियों के भत्तों में कटौती इतनी भारी है कि इसने भारतीय रिजर्व बैंक से आए अधिकारियों की तुलना में उनकी सकल परिलब्धियों में 10% से 12% की कमी कर दी है, जिसकापेंशनसहित सेवानिवृत्ति लाभों पर भारी प्रभाव पड़ा हैं।

## टंडवा किशुनपुर में खतियानी महाजुटान, 365 दिन में 365वीं सभा आयोजित

# समय आयेगा, तब झारखंड के नेताओं और ब्यूरोक्रैसी को चुन-चुन कर जवाब देंगे : जयराम

राजेश कुमार ठाकुर

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति किशनपुर टंडवा के तत्वाधान में खतियानी महाजुटान का आयोजन किशुनपुर की फुटबॉल मैदान में किया गया।मंच की अध्यक्षता महेश महतो एव संचालन बिजली महतो, लखन साव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जय राम महतो ने खोरठा भाषा में अपने संबोधन कहा की माई बहिन जमीन माटी हम सबिन के हकय, माटी से हमींन के पेट भरत है। जकर माय माटी के सम्मान के खातिर जान देवेले तैयार हकीय। आगे बताया की हम भारत के विकास के विरोधी नखिअय। लेकिन हमारी भाषा, संस्कृति, खतियान, स्थानीयता पर कोई अतिक्रमण कर रहे। जेकर हमर आंदोलन जारी रहतय। हमर 365 दिन में किशनपुर में आंदोलन की 365वां सभा हैं। उन्होंने कहा की कोई भी हमर माटी और जमीन को छीने चहबतय न दबाय, उन्होंने कहा की जमीन हमारी पूंजी तुम्हारी होगी बराबर की हिस्सेदारी होगी। केबीसी में अमिताभ बच्चन द्वारा पूछे गये एक सवाल जिसमें आजादी के बाद से अबतक एक बार स्थानीय व्यक्ति के सांसद नहीं बनने में चतरा के सही जबाब पर उन्होंने चुटकी लेते हुये कहा कि क्या इस मिट्टी में स्थानीय प्रतिनिधित्व की क्षमता नहीं। झारखंड सरकार के स्थानीय नीति जिसमें यहां से मैट्रिक पास करने वाले व्यक्ति का स्थानीय का दर्जा की घोषणा को हास्यास्पद बताया। कहा कोई अस्पताल या ट्रेन में पैदा हो जाये तो क्या वह उसका हो जायेगा! जब यहां के लोग अन्य राज्यों के मूलवासी निवासियों के अधिकारों का हनन नहीं करते तो हम उनका अधिकार हनन क्यों करने दें। 80 वर्ष पूर्व झारखंड से उत्पीड़ित लोग असम के चाय बागान में गये बावजूद अभी वहां की सरकार उसे वहां के स्थाई निवासी की दर्जा नहीं दी है। सर्वस्व न्यौछावर करने के बाद भी झारखंड अलग राज्य पाना निरर्थक साबित हो रहा है। मामले में सांसदों -विधायकों की चुप्पी पर सवाल उठाया। बीजेपी व मोदी को घेरते हुये कहा कि केंद्र सरकार 80 कोल ब्लॉक में से 39 अडानी को आवंटित कर दिया है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण 2013 की बिल कंपनी जमीन के बदले जमीन, ग्रामीणों को 80% सहमति, अधिकतम बाजार मूल्य के 4 गुणा मुआवजा उनके परिजन को देना होगा।या सरकार मेघालय और मिजोरम के तर्ज पर जनता को कोयला खनन का अधिकार का मौका दे। पुरे विश्व में जितना कोयला झारखण्ड में है उतना किसी देश व राज्य में नही है। जमीन देवे वाला कौन है सबसे ज्यादा झारखंडी है। और हमलोगो को भारतीय कानून के दुश्मन विधायक सांसद है। यहाँ की माटी को ब्यूरोक्रेसी के हाथो बेच दी है। शिक्षा में बाहरी की नौकरी होगा झारखण्डी को नही। यह सब नही चेलगा। हमारी भाषा संस्कृति स्थानीयता पर लड़ना होगा।उन्होंने एक एक महिला पुरुष को जोश भरते हुये जगाया ही नही बल्कि नयी पीढ़ी को लड़ाई लड़ने के लिये तैयार होने की,एव कई भारतीय कानून को विस्तार पूर्वक लोगो को बताया। सांस्कृतिक त्यौहारो में कर्मा नृत्य, भाषा, कपड़ा, सभी की मतलब समझाया। भारत आजाद है लेकिन उन्होंने बताया की आजादी चंद पूंजी पतियो के हाथो में है।यह आजादी हम सब को छिन्न के लेना होगा।हम सबो की लड़ाई बड़े बड़े पूंजी पतियो से है।जमीन नही बेचने की सलाह दिया।जमीन की जगह एक किडनी बेच देना लेकिन हमारे बाप ददा उबड़ खाबड़ को समतल कर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाया और उसे चंद पैसे में देने से मना किया। बातो बातो में उन्होने कहा की याद रखिएगा 2024 की दौर आयेगा, जब झारखण्ड के नेताओ एव ब्यूरोक्रेसी को चुन चुन कर जवाब देंगे। जय राम महतो की कार्यक्रम की शुरूआत झारखण्डी लोक परंपरिक नागपुरी खोरठा गीत गायक मजबुल खान द्वारा क्रांतिकारी गीतों से प्रस्तुत कर किया गया।टंडवा समिति ने जय राम महतो को जोश खरोश से फूल माला बुके अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर राजेश महतो, सुखी गंझु, सर्वजीत गंझु, उपेन्द्र यादव, राजेश महतो, मुनेश्वर महतो रमेश राणा, रोहन महतो, खेमन राम,मनोज यादव, सुभाष राम, दशरथ महतो,अरविंद पाठक, मुंशी महतो, विकास कुमार, सुभाष दास, समेत हजारो की संख्या में समर्थक उपस्तिथ थे।



## नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने किया कंबल वितरण



**रामगढ़/कुजू (आजाद सिपाही)।** ठंड के मौसम को बढ़ता देख नगर परिषद के द्वारा क्षेत्र के लोगों के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुरू किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर परिषद क्षेत्र के पोचरा में नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से गरीब असहाय,वृद्ध सैकड़ों लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि ठंड के मौसम की शुरूआत है। धीरे-धीरे ठंड बढ़ेगी। साधन संपन्न लोग ठंड से अपना बचाव कर लेते हैं, लेकिन जरूरतमंदों को दिक्कत होती है। कंबल रहने से जरूरतमंद अपना बचाव कर पाएंगे। आगे भी कंबलों का वितरण किया जाएगा। वैसे यह सेवा का काम है। मानव की सेवा करने से संतुष्टि मिलती है। कड़ाके की ठंड पड़ने पर नगर परिषद क्षेत्र में अलाव की भी व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद चितु महतो,आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,कैलाश महतो,देवनारायण गिरी,राजू भुइयां,राजेश गिरी,संजय यादव,जानकी यादव,अशोक यादव,शीतल गिरी,बालकु महतो,सिंटू गिरी,सुखदेव गिरी,अर्जुन भुइयां,कामता गिरी आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यू बरटोला फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** न्यू बरटोला फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ पोटंगा पंचायत के उपमुखिया रविन्द्र सोरेन ने फीता काट कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच पोटंगा बनाम पचंडा (आंगो) के बीच खेला गया।खेल के दौरान दोनो टीम बराबरी पर रही। तत्पश्चात पेनल्टी शूटआउट में पंचडा (आंगो) के टीम ने पोटंगा की टीम को 5-1 से पराजित किया। वहीं फुटबॉल टूनार्मेंट में प्रथम पुरस्कार बड़ा खस्सी द्वितीय पुरस्कार छोटा खस्सी तृतीय पुरस्कार 10 किलो मुर्गा चतुर्थ पुरस्कार 10 किलो मुर्गा के साथ मैन ऑफ द मैच,मैन ऑफ द सीरीज रखा गया है। इस फुटबॉल टूनार्मेंट का अध्यक्ष बाजो मांझी, सचिव अनिल मांझी,सह सचिव सिकंदर सोरेन, कोषाध्यक्ष राजेश हांसदा सहित सदस्य शामिल हैं। फुटबॉल टूर्नामेंट उद्घाटन के दौरान लेचा मांझी, त्रिलोक सोरेन, दिनेश सोरेन, रमेश हेंब्रोम,योगा किस्कू,तलू सोरेन, सहदेव मुर्मू, सुखराम बेसरा,चमेश लाल सोरेन, संजय सोरेन, तिलेश्वर टुडू, मुरली सोरेन, रमेश हांसदा,मुना सोरेन, बंशीलाल हेंब्रोम, प्रदीप सोरेन आदि मौजूद थे।

## झाकोमयू कुजू क्षेत्रीय समिति के पुनर्गठन की जिम्मेवारी मिली अध्यक्ष और सचिव को



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय समिति कुजू की बैठक शुक्रवार को नयामोड़ स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी व संचालन क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र वर्मा ने की। बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष और क्षेत्रीय सचिव को कुजू क्षेत्रीय समिति का पुनर्गठन करने की जिम्मेवारी सर्वसम्मति से सौंपी गई। बैठक में मो अलाउद्दीन अंसारी, रामकुमार सिंह, हुलास मांझी, रामनाथ महतो, सुरेश मांझी, मो यासीन, पुरन मांझी, बहाराम मांझी, बबलू मांझी, बृजलाल मांझी, भागीरथ मांझी, राजकुमार मांझी, दिलीप पासवान, पार्वती टुडू, साबिर अंसारी, सहदेव उरांव, चरका मांझी, राजनाथ महतो, कैलाश मांझी, सीताराम मांझी, मंगू मांझी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## तोपा में अवैध कोयला मुहानों में डोजरिंग अभियान चलाया गया



**कुजू (आजाद सिपाही)।** तोपा परियोजना अंतर्गत मंगरदाहा, थ्री सेंटर, बनवार में अवैध कोयला चोरी रोकथाम को लेकर डोजरिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीसीएल सुरक्षा विभाग व वन विभाग के अधिकारियों ने डोजर के माध्यम से बने अवैध मुहानों को बंद किया मौके पर तोपा सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया, हेमंत सिंह, उत्तम साव, मुकेश कुमार, अजय व वन विभाग देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## उमंग आर्ट एंड क्राफ्टस एक्स्पो शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** उमंग आर्ट एंड क्राफ्टस एक्स्पो द्वारा नेशनल आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क फैब प्रदर्शनी व होटल रेन्डयू लालपुर रांची में यह 16 से 20 दिसंबर तक अयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन आयोजनकर्ता आशीष कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाइनरों ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और व्याहारो को सिल्क पर छापा है। साड़ी और सूट की 25 हजार वैरायटी के साथ ब्राइडल चियर बिटर कलेक्शन तथा पश्मीना शाल की भारी रेंज भी उपलब्ध है। इस प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल के काला हस्ती से आए बुनकर ने भगवान श्री कृष्ण के नौका बिहार का दृश्य सिल्क पर पेंट किया किया है।

## पंचायतों के 31 जनप्रतिनिधि एक्सपोजर विजिट में भाग लेंगे केरल रवाना

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के 31 नवनिर्वाचित प्रतिनिधि आगामी 19 से 24 दिसंबर 2022 तक केरल में होने वाले एक्सपोजर विजिट में भाग लेंगे। शुक्रवार को धनबाद से इन सभी त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का जत्था केरल के लिए रवाना हुआ। गौरतलब है कि ये सभी प्रतिभागी हजारीबाग जिले के टाटीझरिया, खैरा और डूमर पंचायतों के नवनिर्वाचित पीआरआई के प्रतिनिधि के सदस्य हैं। इसमें से बड़ी संख्या में ऐसे प्रतिनिधि भी है जो पहली बार जाने को लेकर उत्साहित हैं और वे वहां के एक्सपोजर विजिट में प्रशिक्षित होकर झारखंड में योजनाओं के क्रियान्वयन में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। पंचायती राज विभाग द्वारा लॉकडाउन के बाद से ही नवनिर्वाचित पीआरआई के बीच आपस में सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण और वर्चुअल लर्निंग प्लेटफॉर्म का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया की विभाग द्वारा नवनिर्वाचित पीआरआई को अन्य क्षेत्रों के छोटे धारकों के साथ सीखी गयी बातें और अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। यह दौरा फील्ड स्टाफ की क्षमता निर्माण को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## रामगढ़ में बाइक सवार को रौंदा, दो युवक की मौत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल, दोनों युवकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि किसी ट्रक ने बाइक जेएच 02 एम 2982 को रौंद दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार दोनों युवकों का सिर बुरी तरह से कुचल गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# शराबबंदी से क्या मिला

बिहार में नकली शराब पीने से हुई मौतों को लेकर विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर रहे विपक्षी विधायकों पर भड़क उठने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मृतकों के परिजनों को किसी तरह का मुआवजा देने से इनकार कर दिया। हालांकि गुरुवार को वह गुस्से में नहीं दिखे, लेकिन उन्होंने कहा, जो शराब पियेगा वह तो मरेगा ही। देखना दिलचस्प है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिक्रिया उसी विचार पद्धति की सहज अभिव्यक्ति है, जिससे शराबबंदी का तर्क निकलता है। शराब को गलत और अनैतिक चीज मानते हुए ही कोई राज्य सरकार इसे निषिद्ध घोषित करती है। मकसद यह भी होता है कि इससे महिला वोटरों को अपने पाले में लाया जाये। इसके साथ सरकारें अपराध और सड़क हादसों में कमी, स्वास्थ्य के लिहाज से सही और घरेलू हिंसा पर लगाम लगाने जैसे तर्क भी इसके पक्ष में देती हैं, लेकिन नैतिकता की दुहाई हो या कोई और तर्क दिया जाये, सच यही है कि शराबबंदी की वजह से लोग शराब पीना बंद नहीं कर देते। इसीलिए देश में ज्यादातर राज्यों में शराबबंदी नहीं है। आज की तारीख में बड़े राज्यों में सिर्फ गुजरात और बिहार में ही शराबबंदी लागू है। गुजरात में लंबे समय से शराबबंदी है, लेकिन बिहार ने 2016 में इसे लागू किया। इसके दुष्परिणाम वहां कई स्तरों पर देखे जा रहे हैं। अवैध शराब की बड़े पैमाने पर बिक्री की शिकायतें तो हैं ही, इसके आदी हो चुके लोगों की गिरफ्तारी के मामले भी बढ़ गये हैं। पहले से ही लंबित मामलों के बोझ से दबी न्यायपालिका के लिए शराबबंदी उल्लंघन के ये मामले नया सिरदर्द साबित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक इस ओर ध्यान दिला चुका है। इस संदर्भ में यह बात भी गौर करने लायक है कि तमिलनाडु, केरल और हरियाणा जैसे राज्यों ने शराबबंदी लागू करने के कुछ समय बाद इसे वापस ले लिया था और उसकी जायज वजह उनके पास थी। पहली तो यह कि शराबबंदी का बहुत असर नहीं होता। लोग शराब न मिलने पर दूसरे नशे करने लगते हैं। आसपास के राज्यों से शराब की स्मगलिंग बढ़ती है और अवैध शराब का धंधा फलने-फूलने लगता है। दूसरे, इससे उनकी वित्तीय स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। शराब पर जो टैक्स राज्य लगाते हैं, उसका उनकी कुल आमदनी में अच्छा-खासा हिस्सा होता है। शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने से यह आमदनी पड़ोसी राज्यों को चली जाती है। वहीं, इस आमदनी के हाथ से निकलने से शराबबंदी लागू करने वाले राज्य को मजबूरन दूसरे मदों पर खर्च घटाना पड़ता है। इससे खासतौर पर टूरिज्म सेक्टर पर बड़ी चोट पड़ती है और निवेशक भी बिदकते हैं। अच्छा हो कि शराबबंदी के बजाय राज्य शराब से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून और उन पर अमल सुनिश्चित करें।

**अवैध शराब की बड़े पैमाने पर बिक्री की शिकायतें तो हैं ही, इसके आदी हो चुके लोगों की गिरफ्तारी के मामले भी बढ़ गये हैं। पहले से ही लंबित मामलों के बोझ से दबी न्यायपालिका के लिए शराबबंदी उल्लंघन के ये मामले नया सिरदर्द साबित हो रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चीन की हरकत अरुणाचल प्रदेश को लेकर पुरानी है। वह संपूर्ण अरुणाचल पर अपना दावा करता है। इसलिए तवांग सेक्टर में 9 दिसंबर को चीनी सैनिकों द्वारा सीमा पार करने की कोशिश उसकी उसी बदनीयती का अंग है। वे सीमा पार नहीं कर सके तो यह हमारे सैनिकों की बहादुरी है। इसमें हमारे जवान भी घायल हुए और उन्हें गुवाहाटी के 151 बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट करना पड़ा तो जाहिर है झड़प सामान्य नहीं थी।**

# चीन सीमा पार नहीं कर सका यह हमारे सैनिकों की बहादुरी है

अवधेश कुमार



**तवांग के बारे में चीन कहता है कि यह उसी का हिस्सा है। 1962 के युद्ध के समय चीनी सैनिकों का सबसे बड़ा समूह तवांग के रास्ते असम तक घुसा था। कुछ समय के लिए तवांग उसके कब्जे में भी रहा। इस बात का दूसरा पहलू भी है। तवांग का तिब्बत में प्रचलित बौद्ध धर्म से काफी गहरा नाता है और चीन इस आधार पर ही क्षेत्र पर अपना दावा पेश करता है।**

चीनी सैनिकों द्वारा अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर भारतीय सैनिकों के साथ आमने-सामने के संघर्ष में एक बार फिर भारत चीन सीमा तनाव को सतह पर ला दिया है। हालांकि इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। चीन की हरकत अरुणाचल प्रदेश को लेकर पुरानी है। वह संपूर्ण अरुणाचल पर अपना दावा करता है। इसलिए तवांग सेक्टर में 9 दिसंबर को चीनी सैनिकों द्वारा सीमा पार करने की कोशिश उसकी उसी बदनीयती का अंग है। वे सीमा पार नहीं कर सके तो यह हमारे सैनिकों की बहादुरी है। इसमें हमारे जवान भी घायल हुए और उन्हें गुवाहाटी के 151 बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट करना पड़ा तो जाहिर है झड़प सामान्य नहीं थी। हालांकि चीन के घायल सैनिकों की संख्या ज्यादा बतायी जा रही है।

भारतीय सेना की ओर से जो बयान जारी किया गया है उसके अनुसार नौ दिसंबर को पीएलए के सैनिकों ने तवांग सैक्टर में एलएसी की सीमा को छुआ। इस पर भारतीय सैनिकों ने पूरी ताकत और दृढ़ता से मुकाबला किया। इस आमने-सामने की झड़प में दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आयीं। वैसे भारतीय सेना ने घायल जवानों की संख्या नहीं बतलायी है। इसके कुछ रणनीतिक कारण होंगे। चीन से हम यह उम्मीद कर भी नहीं कर सकते कि वहां इन मामलों में पारदर्शिता होगी। पूर्व में लद्दाख में गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को एलएसी पर हुए खूनी संघर्ष के बाद भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीधे टकराव का यह दूसरा अवसर है। ध्यान रखने की बात है कि उस संघर्ष में 20 भारतीय सैनिकों का बलिदान हुआ था।

**गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को एलएसी पर हुए खूनी संघर्ष के बाद भारत और चीन के सैनिकों के बीच सीधे टकराव का यह दूसरा अवसर है।**

इन 20 बलिदानी सैनिकों ने ही चीनी सेना की योजनाओं को ध्वस्त कर दिया था। इसमें ज्यादा संख्या में चीनी सैनिक भी मारे गये थे, जिनके बारे में पहले उसने इंकार किया, लेकिन बाद में उसे स्वीकार करना पड़ा। यह बात अलग है कि केवल 5 सैनिकों के मारे जाने की बात को ही स्वीकार किया है। हालांकि उस टकराव के बीच ही सितंबर 2020 में पेंगौंग झील के इलाके में एलएसी पर चीनी सैनिकों ने गोलीबारी की थी, जिसका भारत की ओर से करारा जवाब दिया गया था। यह 45 वर्ष से दोनों देशों की सीमा पर गोलीबारी नहीं होने के समझौते का सरेआम उल्लंघन था। अक्टूबर 2021 में भी यांगत्से इलाके में चीनी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सैनिकों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया और कुछ ही घंटों बाद दोनों देशों के बीच स्थापित तंत्र के बीच संवाद के बाद छोड़ा गया।

जाहिर है, चीन अपनी कुटिल रणनीति के तहत सैन्य गतिविधियों को इस तरह से अंजाम देता है। वर्तमान झड़प के बारे में जितनी खबरें आयी हैं, उनके अनुसार चीनी सैनिकों की संख्या लगभग 300 थी। तवांग सेक्टर में 9 दिसंबर को करीब 17000 फुट की ऊंचाई पर झड़प हुई थी। चीनी सैनिक अगर मन बनाकर आये थे, तो उनकी पूरी तैयारी थी। आमने-सामने की भिड़ंत में भारतीय सैनिकों ने उनको करारा उत्तर दिया और खदेड़ दिया। तवांग सेक्टर में एलएसी पर दोनों पक्ष अपने दावे की सीमा तक क्षेत्र में गश्त करते हैं और ऐसा 2006 से चल रहा है। भारतीय सेना कभी इससे परे जाकर हरकत नहीं करती, किंतु चीनी सैनिक समय-समय पर ऐसा करते रहते हैं। चीन जिस ढंग से खुराफात करता है उससे हमारे रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण बने हुए हैं। पिछले 7 दिसंबर को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा था कि चीन के साथ अभी भारत के रिश्ते सामान्य नहीं कहे जा सकते। उन्होंने यह भी कहा था कि कूटनीतिक तौर पर चीन को यह स्पष्ट किया जा चुका है कि वह एलएसी को मनमाने तरीक ऐसे नहीं बदल सकते और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। जब तक वे ऐसा करते हैं या शक्ति का प्रयोग करते हैं, जो हमारी सीमा के लिए गंभीर चिंता पैदा करते हैं तब तक हमारे रिश्ते सुधर नहीं सकते। हाल ही में चीन में बढ़ती महंगाई के कारण लोगों ने जिस ढंग से प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं तथा जीरो कोविड नीति के विरुद्ध लोग सड़कों पर उतरे हैं, उनसे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके सलाहकारों के पेशानी पर बल पड़े हैं।

सभी कोशिशों के बावजूद कहीं न कहीं लोग सड़कों पर उतर कर विरोध में नारे लगाते हैं और शी जिनपिंग वापस जाओ की बात करते हैं। संभव है इनसे ध्यान भटकाने के लिए भारत के साथ तनाव पैदा करने की कोशिश चीन कर रहा है। उसके पास 2 ही क्षेत्र हैं जहां पर सैन्य कार्रवाई करके राष्ट्रवाद की भावना पैदा कर सकता है। एक है ताईवान लेकिन वहां हस्तक्षेप से अभी वह बचना चाहेगा, क्योंकि अमेरिकी विमान दक्षिण चीन सागर में पहुंच चुके हैं। दूसरा क्षेत्र चीन के लिए भारत ही बचता है।

तवांग के बारे में चीन कहता है कि यह उसी का हिस्सा है। 1962 के युद्ध के समय चीनी सैनिकों का सबसे बड़ा समूह तवांग के रास्ते असम तक घुसा था। कुछ समय के लिए तवांग उसके कब्जे में भी रहा। इस बात का दूसरा पहलू भी है। तवांग का तिब्बत में प्रचलित बौद्ध धर्म से काफी गहरा नाता है और चीन इस आधार पर ही क्षेत्र पर अपना दावा पेश करता है। तवांग छठे दलाईलामा की जन्मस्थली है। इस कारण बौद्ध धर्मावलंबियों के बीच पूरी दुनिया में इसका महत्व है। चीन कहता है कि चूंकि तवांग का मठ दलाईलामा द्वारा बनाया गया इसलिए वह हमारा भाग है। वर्तमान दलाईलामा जब तिब्बत में विद्रोह के बीच अपने सहयोगियों के साथ भारत भागे थे उस समय तवांग तिब्बत विद्रोह का एक बड़ा केंद्र था। इस कारण भी चीन की नजर वहां पड़ती है। दलाईलामा जब भी उस क्षेत्र की यात्रा करते हैं चीन की तीखी प्रतिक्रिया सामने आती है। चीन के दावे को स्वीकार नहीं किया जा सकता। तिब्बत कभी चीन का भाग रहा नहीं है। उसने क्रूरता से तिब्बत को हड़पा है। इस आधार पर विचार करें तो भारत के बौद्ध भिक्षुओं ने दुनिया में जहां-जहां बौद्ध मठ बनाए उसे हम भारत का भाग घोषित करते हैं। कैलाश मानसरोवर आज चीन का भाग है। वह हमारा धर्म क्षेत्र है और मान्यता भी है कि वह भारत का ही अंग था। क्या चीन के व्यवहार के प्रत्युत्तर में भारत भी कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए कार्रवाई करे लेकिन चीन को ऐसी तार्किक बातों से कोई लेना नहीं है।

## लोहरदगा की खबर

# आज कमल किशोर भगत की पहली पुण्यतिथि, तैयारी पूरी

## आज भी हर कोई कमल किशोर भगत को खोने से मर्माहत है

सत्यकाम/ हुसैन अंसारी



पेशरार में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाते का फाइल फोटो।

**लोहरदगा।** पूरे झारखंड राज्य में एक ऐसा चेहरा, एक ऐसा नाम जिन्हें किसी पहचान का मोहताज नहीं था, ओ चेहरा, ओ नाम है कमल किशोर भगत है। यह एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे कि जो भी इंसान इनसे एक बार मिलता, इनका मुरीद हो जाता था। शनिवार को कमल किशोर भगत की पहली पुण्यतिथि है। इनसे जुड़ी हकीकत को आजाद सिपाही आज पाठकों के बीच में ला रही है।

बता दें कि कमल किशोर भगत ऐसे परिवार से आते थे। इनके दादाजी भी भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। यह अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद झारखंड की ज्वलंत मुद्दों को मुखर रूप से लोगों के बीच में जाकर इन्होंने रखा और झारखंड को बिहार से अलग कराने वाली सुलगती आग को घी का काम किया। लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन इनकी यादें आज भी हम सभी को अचंभित कर देती हैं। कमल किशोर भगत का जन्म पैतृक गांव कुडू प्रखंड अंतर्गत जिंगी में 1 अगस्त 1969 को हुआ था। कमल किशोर भगत के पिता लखन भगत, माता वर्निलिता भगत ने धरती पुत्र को जन्म दिया और इनका बचपन अपने टाना परिवार में हुआ। प्राथमिक शिक्षा प्राप्ति के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए रांची विश्वविद्यालय के मौलाना आजाद कॉलेज में प्रवेश करने के बाद रांची विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित आदिवासी छात्रावास में रह कर शिक्षा अध्ययन किया।

इनके दादाजी स्वर्गीय लालू टाना भगत भारतीय स्वतंत्रता सेनानी होने के नाते अपने दादाजी से प्रभावित होकर यह भी अपने जीवन में कुछ अलग करने की जिद ने झारखंड को बिहार से अलग करने की आग में प्रवेश किया। कमल किशोर भगत प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। इन्होंने अपने कठिन परिश्रम से लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रखी थी। छाप इस कदर बनायी है कि आज हर कोई कमल किशोर भगत को खोने से मर्माहत है। आज इनका गांव ही नहीं, बल्कि शहर से लेकर गली-कुची में जीवन व्यतीत करने वाले लोगों की आंखें नाम हो जाती हैं। कमल किशोर भगत एक सरल और स्वच्छ छवि के नाम से मशहूर व्यक्ति थे। इनके पास जो भी व्यक्ति किसी भी तरह मदद के लिए आते थे, उनकी भरपूर मदद किया करते थे। बता दें कि झारखंड अलग राज्य करने में इनकी अहम भूमिका रही है। कॉलेज की शिक्षा प्राप्ति के उपरांत आजसू छात्र संघ से जुड़े संगठन को आगे बढ़ाने के लिए रात-दिन कार्य किये थे।

पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत को लोग झारखंड के लौह पुरुष के नाम से भी जाना करते थे। इनको लोग प्यार से बबलू दा के नाम से भी पुकारते थे। जब पहली बार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से सर्वप्रथम 2009 को आजसू पार्टी से चुनाव लड़ कर जीत हासिल की, तब क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को विधान सभा में रख कर ज्यादा से ज्यादा मुद्दों का निपटारा कराये थे। कमल किशोर भगत का लोहरदगा विस क्षेत्र में लोकप्रियता इतनी थी कि उन्हें आंदोलनकारी होने के नाते आंदोलन के दौरान केके सिन्हा के उंगली फैक्चर के केस में 24 साल बाद उस केस में राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया और उन्होंने 5 साल की जेल की सजा काट कर बाहर निकले। 2019 में इसी दौरान उन्होंने फिर अपनी पत्नी न्यू शांति भगत को चुनाव लड़ाया और उनका चुनावी परिणाम बहुत ही अच्छा रहा। इसको देख लोग दादा की राजनीतिक में यहां तक कि कदावर नेताओं द्वारा जान से मारने का षड्यंत्र किया गया था, जिसमें 2019 में उन्हें गोली भी मारने का षड्यंत्र किया गया था। उससे नहीं होने के बाद उन्हें जहर देकर मार दिया गया। झारखंड के पहला नेता विधायक थे, जिन्होंने अपनी अलग पहचान राजनीतिक जगत में बनायी। इसी का नतीजा है कि इन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कमल किशोर भगत को अपनी विधायकी काल में अच्छे कार्य करने के उपरांत यह सम्मान मिला था।

**डहरबाटी नाली एवं रिचुघुटा पथ निर्माण को ले हर वक्त उठाते रहे आवाज :** पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत अब लोहरदगा एवं झारखंड की जनता के बीच नहीं रहे, परंतु इनके द्वारा जनहित में किया गया हर वह याद लोगों को कुरेद रहा है। लोग विकास के मसीहा कमल किशोर भगत को खोने से काफी स्तब्ध हैं। जनता के लिए हर वक्त आवाज बनने वाले विकास पुरुष कमल किशोर भगत बड़े से बड़े मामले को लेकर हर वक्त संघर्ष करते दिखायी दिया करते थे।

उल्लेखनीय है कि कमल किशोर भगत लोहरदगा की राजनीति में डहरबाटी नाली और रिचुघुटा पथ निर्माण का जिक्र हर नेताओं के जुबान पर होती थी, पर निदान को लेकर किसी नेता या फिर मंत्री-विधायक ने आवाज बुलंद नहीं की थी, लेकिन एक मात्र नेता कमल किशोर भगत थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान इन मुद्दों को लेकर जनता की आवाज बन कर सामना किया।

आज कमल किशोर भगत के चले जाने से रिचुघुटा पथ किसी तरह बन तो रहा है, लेकिन डहरबाटी नाली का निर्माण कार्य की चर्चाएं नेताओं की जुबान से गायब हो गयी है।

## जमशेदपुर की खबरें

# हॉर्स शो प्रतियोगिता में शौर्य सिंह को गोल्ड मेडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के हॉर्स राइडिंग क्लब के शौर्य सिंह ने गाजियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की हॉर्स शो प्रतियोगिता में सो जंपिंग इवेंट के अंदर गोल्ड मेडल हासिल कर झारखंड एवं देश का नाम रोशन किया। मौके पर उन्होंने इवेंट टॉप स्कूल में ब्रॉन्ज मेडल भी हासिल की। गाजियाबाद में प्रतियोगिता का आयोजन आठ से 18 दिसंबर तक की गयी। प्रतियोगिताओं सभी अपने-अपने आयु वर्ग मैं प्रदर्शन करना था। शौर्य ने तीन इवेंट में भाग लिया। इसमें से दो इवेंट में उन्होंने स्थान प्राप्त किया। मौके पर जमशेदपुर हॉर्स राइडिंग स्कूल के कोच मिस्टर दुष्यंत कुमार को भी कोच की मोमेंटो ट्रॉफी भी प्रदान की गयी।

# सीएम से प्लास्टिक के विकल्प तक सुविधा उपलब्ध कराने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और महासचिव मानव केडिया ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्लास्टिक का दूसरा विकल्प उपलब्ध नहीं होने तक उपयोग पर प्रतिबंध में राहत देने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री के ध्यानाकृष्ट कराते हुये कहा केन्द्र सरकार के द्वारा किसी भी तरह की प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के पश्चात देश के सभी राज्यों में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। यह पर्यावरण के लिहाज से काफी अच्छा है। लेकिन इससे उद्योगों, व्यवसायियों के साथ-साथ आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इसका विकल्प अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाया है। विकल्प तलाश ने में कुछ समय और लगेगा। उन्होंने कहा व्यापार, उद्योग में बहुसंख्या में कामगार जुड़े हुए हैं। जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण इस उद्योग के अस्तित्व में रहने से होता था। ये अभी बेरोजगारी के कगार पर आ गये हैं। इससे जुड़े व्यवसायी, उद्यमियों को भी बदलने में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा वर्तमान नियमावली में शिथिलता प्रदान की जाय ताकि सभी के लिए उपयोगी साबित हो सके।

# भोजपुरिया क्रिकेट लीग में खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भोजपुरिया क्रिकेट लीग का दूसरे राउंड का शुरूवात की गई। प्रतियोगिता में कुल 5 मैच खेला गया। मौके पर बतौर अतिथि विश्व भोजपुरी विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष निवास तिवारी, महामंत्री मिथिलेश श्रीवास्तव, मुन्ना चौबे, उमा शंकर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनके साथ परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को भोजपुरी के प्रति बढ़ते रुझान और खेल में भी बढ़ते रुचि की सराहना की।

मौके पर भोजपुरी नव चेतना मंच द्वारा आयोजित इस टूनामेंट की ख्याति और चर्चे की झारखंड स्तर पर अपना ख्याति प्राप्त किया है। इस आयोजन की सराहनीय प्रयास सदैव भोजपुरी जगत में नई कृतमान स्थापित करेगी।

भोजपुरिया क्रिकेट लीग के पहले मैच में साई स्पोर्टिंग ने परचम लहराया। वही दूसरे मैच में आरसीबी ने जीत हासिल की। वही तीसरे मैच के विजेता एवरग्रीन व चौथे मैच को लिवर पुल व पांचवे मैच में कदमा वारियर्स ने जीत हासिल की। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष निवास तिवारी ने कहा एक तरफ जहा इस राज्य में लोग भोजपुरी से घृणा करते है वही भोजपुरी नव चेतना मंच के द्वारा भाषा के प्रति संकल्पित विकास और बढ़ावा के लिए क्रिकेट लीग का आयोजन करना सरानीय पहल है। शहर में एक मिशाल कायम करती है। इसके लिए मंच बधाई एवं शुभकामनाएं की पात्र है। उम्मीद करते है आगामी दिनों में भोजपुरी के कृति और यश की वृद्धि करने का कार्य भोजपुरी नव चेतना मंच के लोग करेंगे। मौके पर साई स्पोर्टिंग, आरसीबी, एवरग्रीन, लिवरपुल और कदमा वारियर्स ने मैच में जीत हासिल कर शहर का नाम रोशन किया। सफल आयोजन के लिए भोजपुरी नव चेतना मंच से अप्पू तिवारी, जय प्रकाश सिंह, हरीश राय, बंटी सिंह, सुरेंद्र सिंह, लड्डू कुमार, शक्ति कुमार, राहुल प्रसाद, गोविंदा कुमार, हैप्पी सिंह, अजय बेहरा, आनंद मिश्रा, मुरारी, रौशन कुमार, सौरभ सिंह समेत अन्य ने अहम भूमिका निभायी।

## मुसहर परिवार के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र लेकर पहुंचे डीसी



**उपायुक्त ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का स्वीकृति पत्र एवं सम्मान किट का वितरण घर-घर जाकर किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत धरमडीहा में मूसहर परिवारों के बीच कई योजनाओं के आच्छादन से संबंधित सम्मान किट का वितरण उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर विभिन्न विभागों द्वारा किया गया। मूसहर परिवारों के बीच सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत आधार कार्ड, पशुशेड, पशुधन, अंबेडकर आवास, कंबल व धोती साड़ी, स्कूल किट, खाद्यान्न आदि का वितरण कर लाभ दिया गया। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा मूसहर परिवारों के बीच सरकार के विभिन्न योजनाओं का स्वीकृति पत्र एवं सम्मान किट का वितरण घर-घर जाकर किया गया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत उर्मिला मूसहरीन, अनीता मूसहरीन, प्रमिला मूसहरीन, कइल मूसहर, पप्पू मूसहर आदि कुल 15 लोगों के बीच आवास का लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कुल 22 लाभुकों को स्वीकृति दी गई, जिसमें पांच लाभुकों क्रमशः प्रमिला कुंवर, शनिचरी मूसहरीन, छोटा राजकुमार, बिहारी मूसहर, रामवृक्ष मूसहर को सुकर विकास योजना के तहत पशुधन वितरित किया गया। सर्वजन पेंशन योजना के तहत कुल चार लोगों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया गया, जिसमें बचीया मूसहरीन, रामवृक्ष मूसहर, राजकुमार मूसहार एवं गंगाजली मूसहरीन शामिल हैं। कुल पांच लोगों के बीच पशु शेड की स्वीकृति दी गई एवं 15 लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। कुल 17 परिवारों के बीच 400 किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण किया गया। 15 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया एवं 15 लोगों के बीच स्कूल कीट का भी वितरण किया गया। 12 लोगों को मनरेगा के तहत जॉब कार्ड प्रदान की गई एवं कुल 49 लोगों का आधार एनरोलमेंट किया गया एवं 17 व्यक्तियों का आधार कार्ड प्रदान किया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पंचायत की मुखिया, संबंधित पंचायत सेवक आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने सोनबरसा में जाकर मुसहर समुदाय के लोगों का हाल जाना



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बीडीओ श्रवण राम ने प्रखंड के सोनबरसा में जाकर मूसहर समुदाय के लोगों का हाल जाना तथा उन्हें हरसंभव सरकारी सुविधा का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने तत्काल मुसहर समुदाय के लोगों को कंबल प्रदान कर जाड़े के मौसम में राहत प्रदान किया। साथ ही साथ बीडीओ ने दो बच्चों का नाम नव प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा में एवं चार बच्चों का नाम आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज कराया। बच्चों को पढ़ने के लिये किताब एवं कॉपी भी उपलब्ध करायी। साथ ही उन्होंने दो धातृ महिलाओं सुनीता देवी एवं शोभा देवी को पोषाहार दिलाया एवं बच्चों का टीकाकरण भी कराया। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि जल्द ही प्रखंड में रहने वाले सभी मूसहर समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी मूसहर परिवार के लोगों की सूची तैयार की जा रही है। सूची बनने के बाद उन्हें पेंशन, राशन एवं आवास आदि योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। मौके पर बीपीओ राजदीप, पंचायत सचिव ज्ञान केसरी आदि मौजूद थे।

## नप अध्यक्ष ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में शुक्रवार को 40 गरीब एवं दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी एवं वार्ड पार्षद पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि मानव की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि ठंढ को देखते हुए नपं क्षेत्र के सभी वार्डों में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, वार्ड पार्षद पुष्पा देवी, राजेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

**कार्रवाई : थाना पर पथराव के आरोप में तत्कालीन अंचलाधिकारी ने दर्ज करायी थी प्राथमिकी**

# मेराल प्रखंड प्रमुख को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गयीं जेल

**थाना पर हुई हिंसक झड़प में 23 नामजद, 4-5 सौ अज्ञात लोगों पर करायी गयी थी प्राथमिकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले की मेराल थाना पुलिस ने शुक्रवार को मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रखंड प्रमुख को थाना पुलिस द्वारा लखेया गांव स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी नथन चौधरी की मौत मामले में हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर गांव के सैकड़ों लोग मेराल थाना पहुंचकर एनएच 75 को जाम कर हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पुलिस कर्मी घायल हुए थे।



घटना को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार द्वारा प्रखंड प्रमुख सहित चार लोगों पर भीड़ को उकसाने तथा 23 नामजद तथा 4-5 सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उक्त मामले में थाना पुलिस ने पूर्व में ही 21 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जो बेल पर हैं। जबकि प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी तथा दुलदुलवा के मुखिया रामप्रताप साह पुलिस के गिरफ्त से बाहर थे।

**27 अक्टूबर तक प्रमुख की गिरफ्तारी पर हाइकोर्ट ने लगायी थी रोक**

मिली जानकारी के अनुसार प्रमुख द्वारा अपने को निर्दोष बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिस पर कोर्ट द्वारा 27 अक्टूबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगायी गयी थी। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दीपमाला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**प्रशासनिक दृष्टिकोण से तत्काल अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को कर दिया गया है लाइन हाजिर :** इसी घटना को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार तथा मेराल थाना के तत्कालीन प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद को प्रशासनिक दृष्टिकोण से लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## चंद्रवंशी सेना युवा समिति ने अटार्नी जनरल वेंकटरमणी का पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

**काले धन और जाली नोटों की तुलना महाराज जरासंध से करने की अमर्यादित टिप्पणी से चंद्रवंशियों की भावना आहत हुई है : सन्नी चन्द्रवंशी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** चंद्रवंशी सेना युवा समिति के नेतृत्व में स्थानीय टाउन हॉल से लेकर रंका मोड़ पर अटार्नी जनरल वेंकटरमणी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें भारी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने कहा कि अटार्नी जनरल वेंकटरमणी की अमर्यादित टिप्पणी जिसमें काले धन और जाली नोटों की तुलना महाराज जरासंध से की गयी थी, जिससे देश भर के करोड़ों चंद्रवंशियों की भावना आहत हुई है। जिस कारण पूरे समाज में अटार्नी जनरल के खिलाफ आक्रोश है। सन्नी चन्द्रवंशी ने कहा कि जब भी कोई चंद्रवंशी समाज के खिलाफ कदम उठायेगा तो उसका करारा जवाब हम सभी चंद्रवंशी देंगे। इसलिए जब तक अटार्नी जनरल के खिलाफ उचित कदम केंद्र सरकार नहीं उठाती है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। अभी तो ये शुरुआत है, जरूरत पड़ी तो हम सभी आमरण अनशन पर बैठेंगे।

मौके पर उपस्थित संयोजक विनोद चन्द्रवंशी ने कहा कि महाराज जरासंध जैसे महान योद्धा के लिए ऐसी टिप्पणी करना पूरे समाज को अपमानित करता है, जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसका पुरजोर विरोध पूरे प्रदेश में करेंगे। चन्द्रवंशी सेना रक्तदान के मोडिटर राजू चन्द्रवंशी ने कहा हमारे पूर्वज के अपमान को नहीं सहेंगे, चाहे इसके लिए कुछ भी करना हो।

मौके पर अनिरुद्ध चन्द्रवंशी, आर्यन चंद्रवंशी, नंदन चंद्रवंशी, सनी चंद्रवंशी, शंकर प्रिय चन्द्रवंशी, छोटन चन्द्रवंशी, दीपक चन्द्रवंशी, आदित्य चन्द्रवंशी, राजन चन्द्रवंशी, करण चन्द्रवंशी, छोटू चन्द्रवंशी, नितेश चन्द्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, कर्मदेव चंद्रवंशी, नंदन चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, सरवन चंद्रवंशी, छोटन चंद्रवंशी, मुखिया संजय चंद्रवंशी, गौतम चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

## सीओ ने कनहर नदी के पास बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा

**छापामारी दल को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागे**



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के दूधवल पंचायत अंतर्गत बाराडीह गांव के चिलमनिया घाट कनहर नदी से बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसकी सूचना रंका अंचल पदाधिकारी शंभू राम को मिली। सूचना के बाद उन्होंने ने रंका थाना प्रभारी को सूचना दी। तत्पश्चात अंचलाधिकारी शंभू राम एवं थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने एक टीम गठित कर दूधवल पंचायत के बाराडीह चिलनिया घाट कनहर नदी के पास छापामारी कर तीन ट्रैक्टरों को पकड़ कर थाने में जब्त कर लिया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी शंभू राम ने बताया कि छापामारी के क्रम में पहुंचते के साथ ट्रैक्टर चालक छापामारी दल को देखते ही ट्रैक्टर को छोड़ कर भाग गये। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने अज्ञात लोगों पर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। ट्रैक्टर किसकी है यह जानकारी अभी तक नहीं हो पायी है।

## वनकर्मियों ने तेंदुए के हमले में बच्चे की मौत से संबंधित घटना की जांच की



**घटना की विशेष जांच के लिए विशेषज्ञ की मांग एवं रेपिंग के लिए पीटीआर टीम बुलायी गयी है : वन क्षेत्र पदाधिकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम के नेतृत्व में प्रक्षेत्र अंतर्गत सभी वन कर्मियों का एक दल शुक्रवार को कर रोदो गांव पहुंचा तथा तेंदुए के हमले में एक बच्चे की मौत से संबंधित घटना जांच की व कथित तेंदुए के पद चिन्हों का अवलोकन किया। वन क्षेत्र पदाधिकारी कन्हैया राम ने बताया पदचिन्ह के अवलोकन से प्रथम दृष्टया तेन्दुए का हमला मालूम पड़ रहा है। इस घटना की विशेष जांच व अनुसंधान हेतु विशेषज्ञ की मांग की गई है। साथ ही रेपिंग के लिए पीटीआर टीम बुलाई गई है।

जांच दल में वनपाल कमलेश कुमार, तुषार कुमार, उपेंद्र कुमार, ललन कुमार, शुभम कुमार दुबे, अनुपम आदित्य, रोशन कुमार, अंकित कुमार, दयानंद कुमार, आनंद कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

ज्ञात हो कि भंडरिया थाना क्षेत्र के रोदो गांव में बुधवार की शाम एक तेंदुए के द्वारा जंगल से निकलकर इंसानी बस्ती में आकर घर के बाहर खेल रहे ब्रह्मदेव तुरी के छह वर्षीय पुत्र विक्रम तुरी पर हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार मृतक के शरीर को अपना निवाला बना लिया था। बच्चे का शव सौ फीट की दूरी पर एक झाड़ी में क्षत विक्षत स्थिति में बरामद किया गया था। जिसकी शिनाख्त परिजनों के द्वारा उसके कपड़े से की गई थी। हादसे के बाद से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों में दहशत व्याप्त है। शाम होते ही ग्रामीण घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं मवेशी चराने सहित अन्य कार्यों से जंगल की ओर जाने से कतरा रहे हैं।

## मुखिया ने मृतका के परिजन को किया आर्थिक सहयोग

**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोनदाग पंचायत अंतर्गत हुरदाग सिकरदाहा गांव निवासी अयोध्या राम की 35 वर्षीया पत्नी की मौत गुरुवार को हृदय गति रुकने से हो गई। मौत की सूचना पाकर पंचायत की मुखिया रीमा देवी ने मृतका के परिजनों को एक हजार रुपये का सहयोग दाह संस्कार करने के लिए प्रदान किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनुमंडल अस्पताल की उपाधीक्षक ने विधायक से एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने विधायक भानू प्रताप शाही को पत्र लिखकर अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने मांग पत्र शुक्रवार को विधायक के प्रतिनिधिगण को सौंपा। इस मौके पर भाजपा नेता लक्ष्मण राम, विभूति भूषण चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, लालमोहन यादव मौजूद थे।


**कार्यालय, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग**

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–01/2022–23**

संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा सहकारिता प्रक्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों के प्रचार–प्रसार, अभिलेखन, कौशल विकास हेतु आयोजित प्रशिक्षण/सेमिनार कार्यक्रम मे प्रतिभागियों हेतु प्रिटिंग एंव स्टेशनरी से संबंधित सामग्री आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद एक बडे लिफाफे मे निविदा दिनांक 28.12.2022 के अपराहन 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। लिफाफा के अंदर Technical Bid तथा Finacial Bid अलग–अलग लिफाफे मे सील बंद कर देय होगा। दोनो लिफाफा पर निविदा आमंत्रण सूचना 01/2022–23 लिखा रहना अनिवार्य होगा। निविदा दिनांक 28.12.2022 के अपराहन 03.30 बजे खोली जाएगी।

नोट :– निविदा की नियम एंव शर्ते, सामग्री आपूर्ति की सूची https://hazaribag.nic.in अथवा संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 285238 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23).D

संयुक्त निबंधक

**कार्यालय, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग**

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–02/2022–23**

संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा सहकारिता प्रक्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों के प्रचार–प्रसार, अभिलेखन, कौशल विकास हेतु आयोजित प्रशिक्षण/सेमिनार कार्यक्रम मे प्रतिभागियों हेतु कुर्सी/टेबल/अल्पहार/भोजन के आपूर्ति हेतु प्रतिश्ठित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद एक बडे लिफाफे मे निविदा दिनांक 28.12.2022 के अपराहन 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। लिफाफा के अंदर Technical Bid तथा Finacial Bid अलग–अलग लिफाफे मे सील बंद कर देय होगा। दोनो लिफाफा पर निविदा आमंत्रण सूचना 02/2022–23 लिखा रहना अनिवार्य होगा। निविदा दिनांक 28.12.2022 के अपराहन 03.30 बजे खोली जाएगी।

नोट :– निविदा की नियम एंव भार्ते, सामग्री आपूर्ति की सूची https://hazaribag.nic.in अथवा संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR285240 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)22-23*D

संयुक्त निबंधक


**कार्यक्रम : भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ ने गढ़वा जिला कार्यालय में विजय दिवस मनाया**

# 1971 की लड़ाई लड़ने वाले रिटायर्ड कैप्टन रामराज पांडेय को किया सम्मानित

**भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध में 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के सैनिकों ने हथियार डाल दिया था : अजय तिवारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ गढ़वा जिला संयोजक अजय तिवारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान 1971 में लड़ाई लड़ने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी एवं मुख्य रूप से 1971 की लड़ाई लड़ने वाले रिटायर्ड कैप्टन रामराज पाण्डेय को माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय तिवारी ने कहा कि 1971 में भारत पाकिस्तान के बीच भयंकर युद्ध हुआ था, जिसमें 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान के सैनिकों ने हथियार डाल दिया और अपना हार स्वीकार कर लिया था।

उन्होंने कहा कि देश के सैनिकों में इतना जज्बा हमेशा होता कि अगर भारत सरकार अनुमति देती है तो भारतीय फौजी पाकिस्तान जैसे देश को शाम से सुबह तक धूल चटाने के लिए काफी हैं। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई में देश के जवानों ने अपनी प्राणों की आहुति देकर पाकिस्तान के जवानों को बंदी बनाया था। जिसमें पाकिस्तान के जवानों ने घुटना टेक कर अपनी हार स्वीकार कर ली थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की सीमाओं को काफी मजबूत बनाया है। मोदी सरकार ने भारतीय सेना को इतना मजबूत बना दिया है कि भारतीय सेना के सामने किसी भी देश की सेना मुकाबला नहीं कर सकती है।

रिटायर्ड कैप्टन रामराज पाण्डेय ने कहा कि 1971 की लड़ाई को हमने बहुत ही मजबूती से लड़ा था। उस समय संसाधन की कमी थी लेकिन देश प्रेम मातृभूमि की रक्षा करने का संकल्प ने जीत की राह आसान बना दिया था।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने विजय दिवस के अवसर पर सैनिकों को सम्मान देकर एक फौजी के सीना को और मजबूत कर दिया है। विजय दिवस देश हर शैक्षणिक संस्थान में मनाया जाना चाहीए। जिससे स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र युवा अपने देश के मूल इतिहास को जान सकें और देश की रक्षा के लिए खुद को तैयार कर सकें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, ब्रजेश धर दुबे, विनय चंद्रवंशी, उदय कुशवाहा, रामाशंकर चौबे, अनवर साह, आरके दुबे, बिपिन तिवारी, फौजी विनय कुमार दुबे, अभिमन्यु चौबे, ब्रजमोहन ठाकुर, कंचन जायसवाल, मोहन सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, शुभम गुप्ता, अरविंद महतो, बिपिन तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – 07/EE/RDSD/KODERMA/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing of Domchanch block Building, in koderma Dist, | 1281100.00 | 26000.00 | 2500.00 | छः माह (06) |
| 2. | डोमचाँच प्रखण्ड के UHS , बेहराडीह विद्यालय का मॉडलीकरण। | 2447200.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 30.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 03.01.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
कोडरमा

PR285236 (Rural Work Department)22-23*D

## प्रशासन ने चलाया सुपर जांच अभियान

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (2023) के तहत हो रहे क्रियाकलापों का तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 45 किसान भवन तोरपा में डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को सुपर जांच अभियान चलाया। डीसी ने बीएलओ द्वारा भरे गए प्रारूप 6, 7 एवं 8 की जांच की। प्रारूप छह भरने वाले एवं प्रारूप सात व आठ भरने वाले मतदाताओं से उन्होंने साक्षात्कार लिया व सभी लोगों से निर्वाचन कार्यों से संबंधित जानकारियां ली। प्रशासन द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा किये गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने मतदाताओं का सुपर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद कारजी, अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, खूंटी की उप निर्वाचन पदाधिकारी अनुराधा कुमारी आदि मौजूद थे।

### विधायक ने तोरपा और अंमापकना में किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

# किसानों से बेहद कम कीमत पर धान खरीद रही राज्य सरकार : कोचे मुंडा

**धान खरीद की दूसरी किस्त देने में भी किया जा रहा विलंब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधायक कोचे मुंडा ने शुक्रवार को तोरपा और अम्मापकना में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान वे झारखंड सरकार के खिलाफ हमलावर दिखे। आरोप लगाया कि राज्य सरकार किसानों को ठग रही है। कहा कि किसानों से 20.50 रुपये प्रति किलो की दर से सरकार द्वारा धान की खरीदारी की जा रही है, जो काफी कम है।



धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करते विधायक कोचे मुंडा।

उन्होंने कहा कि सरकार एक तो किसानों को धान की कम कीमत दे रही है, वहीं किसानों को पूरी रकम का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लैंपस में धान बेचते समय 50 फीसदी राशि का ही भुगतान किया जाता है, शेष राशि कब मिलेगी, कहा नहीं जा सकता। विधायक ने कहा कि गत वर्ष किसानों का बकाये राशि के भुगतान के लिए भाजपा को खेतों में जाकर आंदोलन करना पड़ा था। तब किसानों को धान का मूल्य मिला था। उन्होंने कहा कि जिस दर पर सरकार धान की खरीदारी कर रही है, उस दर पर किसान लैंपस में धान बेचेंगे, इसकी संभावना काफी कम है। विधायक ने कहा कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर भाजपा आंदोलन करेगी। इस मौके पर तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कर, तोरपा पूर्वी पंचायत की मुखिया विनिता नाग, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, लैंपस के अध्यक्ष सामसोन टोपनो, सचिव हेमंत गुप्ता, बली यादव, उमेश यादव, बंशीधर भगत, रामनंद नाग, विनोद भगत, छत्रपाल साहू अम्मा लैंपस के अध्यक्ष लेदवा टोपनो, सचिव भोला गुप्ता, मुखिया मंजीत टोपनो, सूरज कुमार, जितेंद्र मिंज और चितरंजन आदि उपस्थित थे।

## सोनाहातू मुंडा ब्रदर्स की टीम का लखटकिया टूर्नामेंट पर कब्जा



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** जन कल्याण युवा विकास क्लब मारांगकिरी-चरकुडीह के तत्वावधान में अगहन संक्रांति पर्व के अवसर पर आमटांड़ मैदान में 39वां एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला मुंडा ब्रदर्स सोनाहातू बनाम डीसीपीलिंग एफसी सोनाहातू की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मुंडा ब्रदर्स सोनाहातू विजेता व डीसीपीलिंग एफसी उपविजेता बना। वहीं, जर्मन स्पॉटिंग डोभो तृतीय और लाल सागर नामकुम चतुर्थ पर रहे। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन आजसू प्रमुख व सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने किया। वहीं, विजेता टीम को आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो की ओर से नगद एक लाख 15 हजार रुपए व एक ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, विशिष्ट अतिथियों द्वारा उपविजेता टीम को नगद 90 हजार रुपए व एक ट्रॉफी दिए गए। तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहने वाले दोनों टीमों को नगद 51-51 हजार रुपए व एक ट्रॉफी दी गई। इस मौके पर जलेंद्र कुमार, चितरंजन महतो, सुभद्रा देवी, विश्वनाथ महतो, अशोक महतो, गौतम सिंह देव आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, विधायक सुदेश महतो ने मारांगकिरी फुटबॉल में चबूतरा निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया।

## आरकेएमयू आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्रीय कमेटी की बैठक आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्रीय कमेटी की बैठक शनिवार को को आम्रपाली पिट ऑफिस में होगी। इसकी जानकारी यूनियन के मगध संघमित्रा के क्षेत्रीय सचिव मो जहुर ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य ललन प्रसाद सिंह भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में आम्रपाली परियोजना में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान करने पर विचार एवं 11वां वेतन समझौता में हो रहे विलंब के संबंध में आंदोलन करने पर चर्चा की जाएगी।

## तपकारा में फंदे से लटका मिला अधेड़ महिला का शव, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** तपकरा थाना क्षेत्र के हुसिर पंचायत के रोन्हे मुनगा टोली में शुक्रवार को 51 वर्षीय एक विवाहित महिला का शव फंदे से लटकता पाया गया। मृतका की पहचान बुधनी गुड़िया के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची तपकरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को रोन्हे मुनगा टोली के दीना गुड़िया दोपहर में अपने मवेशियों को लेकर जंगल गया था। घर में उसकी बुधनी गुड़िया अकेली थी।



जब दीना शाम में घर लौटा तो पत्नी घर में फंदे से झूलती पाई गई। शव को नीचे उतार कर देखा तो शरीर में कई जगह चोट के निशान थे। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। खबर पाते ही मुखिया प्रदीप गुड़िया दीना के घर पहुंचे तो देखा कि आसपास समान बिखरे पड़े थे। मुखिया ने बताया कि इस घटना के पीछे जमीन जायदाद का मामला लगता है। बाद में इसकी सूचना तपकरा पुलिस को दी गई। फंदे से झूलते शव मिलने से गांव में तरह-तरह की बातें की जा रही है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## सोनाहातू में 40 लोगों में मिले मोतियाबिंद के लक्षण

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पश्चिमी जोन के जामुदाग राधा रानी मंदिर परिसर में भगवान महावीर आई केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (जैन समाज) और गूंज परिवार के तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ अमित रंजन, डॉ अरशद राजा और डॉ दूबराज महतो की टीम ने 255 लोगों के आंखों की जांच की। इसमें 40 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। इसके अलावे 297 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवा दी गई। शिविर को सफल बनाने में सुशेन प्रामाणिक, रूप कुमार साहू, दिलीप कोइरी, बुधेश्वर कोइरी, करम सिंह महतो, रतन महतो और लंबोदर महतो का सराहनीय योगदान रहा।

## बुंडू में कथावचक धासीराम का निधन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू पुराना बाजार टोली निवासी कथावाचक धासीराम साहू का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वह रामायण पाठ करते थे। लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। पांच परगना क्षेत्र में गांव-गांव धूमकर लोगों को रामायण की कथा सुनाते थे। शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, उनके परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए घर पर लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने कहा कि वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे। लोग महिनों पहले रामायण पाठ के लिए उनसे समय लेते थे।

## तमाड़ में रिटायर शिक्षक का निधन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुलमी में शुक्रवार को 65 वर्षीय वृद्ध शिक्षक का निधन हो गया। उनकी पहचान गिरीश मछुआ के रूप में हुई है। लंबे समय तक स्कूल में सेवा देने के बाद रिटायर हुए थे। वह अपने पिछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। सिदवार बाईद में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे समाज के कार्यो मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से समाज को बड़ा झटका लगा है। कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## डालसा ने नेत्र रोगियों के बीच कंबल बांटा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में डालसा की ओर से शुक्रवार को एसजीवीएस अस्पताल अनिगड़ा में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने आए 50 से अधिक वृद्ध नेत्र रोगियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही कानूनी जागरूकता का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में बताया। कहा कि सालाना तीन लाख से कम आय वाले लोग निःशुल्क कानूनी और अन्य सहायता प्राप्त कर सकते हैं। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत प्रदान करने के लिए डालसा द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है। गांव में रहने वाले जरूरतमंद ग्रामीणों को पीएलवी के माध्यम से चिन्हित कर उनके बीच लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर अस्पताल के प्रबंधक डॉ निर्मल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी और डालसा पीएलवी चंदन कुमार, अंजू कच्छप, हलधर कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## कर्रा में प्रखंड स्तरीय कूकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** झारखंड सरकार की महत्कांक्षी योजना सभी विद्यालय में मध्याह्न भोजन संचालित हो, जिसके तहत शुक्रवार को प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी संकुल के प्रथम विजेता प्रतिभागी कुल 12 रसोइयों ने भाग लिया। जिसमें साफ सफाई, स्वच्छता, भोजन का स्वाद, भोजन में नवाचार एवं गुणवतापूर्ण पर कुल 100 अंक रखा गया था। वहीं, सभी पहलुओं पर 20-20 अंक रखा गया था। प्रखंड स्तर पर विजेता एवं उपविजेता के चयन के लिए प्रखंड साधन सेवी राजेश प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहू विद्यालय के बाल



संसद के प्रधान मंत्री, स्वच्छता मंत्री, पोषण मंत्री एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री को रखा गया है। साथ ही विशेष शिक्षा के साधन सेवी कमला प्रभा तिग्गा एवं प्रेमलता कुमारी को भी निर्णायक मंडली में रखा गया था। प्रखंड स्तर के विजेता प्रतिभागी को दो हजार एवं उपविजेता को एक हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि जिला स्तर के विजेता प्रतिभागी को पांच हजार एवं उपविजेता को ढाई हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रखंड स्तर के इस प्रतियोगिता में राजकीय मध्य विद्यालय डेहकेला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिरदा एवं तीसरे स्थान पर उत्क्र उच्च विद्यालय छाता रहा। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहु ने कहा कि इसी तरह का साफ सफाई एवं गुणवतापूर्ण भोजन प्रत्येक दिन छात्र छात्राओं को विद्यालय में मिलना चाहिए। इसका हमेशा ध्यान रखा जाए। सभी रसोइया खाना बनाते समय एप्रोन का प्रयोग जरूर करें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड के मध्याह्न भोजन प्रभारी सुजित कुमार पाढी, अशोक कुमार टोपवार, विद्यालय प्रभारी विनय कुमार सिंह और मोती राम साहू आदि का योगदान अहम रहा।

## कर्रा में 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण का समापन

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा-खूंटी रोड अंतर्गत कर्रा शिवालय में चल रहे 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन भारत स्वाभिमान के वरिष्ठ राज्य प्रभारी बिहार झारखंड सुधा देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि परम पूज्य स्वामी रामदेव बाबा के योग को घर-घर तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद लोग रोजगार से भी खुद को जोड़ पाएंगे। वहीं, प्रशिक्षण दे रहे भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि योग का प्रशिक्षण लिए सभी लोग अपने-अपने गांव-मोहल्ले में लोगों को योग सिखाएंगे, ताकि घर-घर तक योग को पहुंचाया जा सके और स्वामी बाबा रामदेव के घर-घर तक योग को पहुंचाने का सपना पूरा हो सके।

### कोयलांचल में खुशी की लहर, लगा बधाई देने वालों का तांता

# खलारी की बेटी काजल का झारखंड क्रिकेट अंडर 15 में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राय की रहने वाली काजल कुमारी का चयन बीसीसीआइ अंडर 15 झारखंड स्टेट क्रिकेट टीम में हुआ है। जिसपर गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतो एवं किरण कुमारी ने दी बधाई दी है। गौरतलब है कि राय बस्ती की रहने वाली काजल एक छोटे से गांव की रहने वाली गरीब परिवार में जन्मी है। उसके चयन पर प्रारंभिक कोच सहित लोगों ने बधाई देते हुए कोयलांचल का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी हैं। काजल ने सबसे पहले अपने गांव में गणेश स्पोर्टिंग क्लब



राय में खेल कूद का प्रशिक्षण प्राप्त है। इसके बाद उसे क्लब के माध्यम से पुरानी राय में आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भी सत्र 2015 से 2017 तक लगातार तीन सालों तक गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय का प्रतिनिधित्व किया एवं बेहतर प्रदर्शन की। इसके बाद गणेश स्पोर्टिंग राय की ओर से फुटबॉल का भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद काजल को सत्र 2019 में एनके एरिया सीसीएल द्वारा डकरा स्टेडियम में आयोजित ग्रामीण महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में गणेश स्पोरटिंग क्लब राय की ओर से फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल किया गया। जिसमें काजल ने फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन कर गणेश स्पोर्टिंग क्लब को चैंपियन बनाया एवं मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। आगे की पढ़ाई कस्तूरबा गांधी स्कूल बुंडू रांची में करने लगी। इसके बाद उसने टीटीसी ग्राउण्ड में संचालित सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू में क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। मैच दर मैच उसके प्रदर्शन में निखार आने लगा जिसकी बदौलत उसका चयन अंडर 15 झारखंड स्टेट क्रिकेट टीम मे हुआ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### करकट्टा सरस्वती विद्या मंदिर में विजय दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में इस साल भी शुक्रवार को विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त वायुसैनिक भगवान सिंह उपस्थित थे। प्रधानाचार्य शलिग्राम सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त वायुसैनिक भगवान सिंह ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने, माता-पिता व गुरुजनों का आदर करने और देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने को लेकर प्रेरित किया। वहीं आचार्य चंद्रभूषण सिंह द्वारा विजय दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डाला गया। आचार्य संजीव कुमार सिंह ने देशभक्ति गीत गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन भाषण देते हुए प्रधानाचार्य शलिग्राम सिंह ने बच्चों को अपने जीवन में समझदारी, ईमानदारी व बहादुरी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### सिविल सोसायटी खलारी-डकरा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन, 144 लोगों ने किया रक्तदान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** छोटा सा कोयलांचल क्षेत्र रक्तदान में पूरे देश के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहा है, जिससे सीख लेने की जरूरत है। उक्त बातें खलारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने कही। वे शुक्रवार को डकरा ओल्ड डिस्पेंसरी भवन में सिविल सोसायटी खलारी-डकरा की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में रक्तदान के प्रति ऐसा उत्साह कहीं नहीं देखा है। संपूर्ण मानवता ऐसे महादानियों के प्रति ऋणि होंगे। विजय दिवस के मौके पर रांची के सदर अस्पताल में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ यह शिविर सिविल सोसायटी खलारी-डकरा द्वारा लगाया गया था। इसके पहले इंस्पेक्टर फरीद आलम ने शिविर का उद्घाटन किया। जिसमें 144 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस बार रक्तदान करने में महिलाओं की संख्या काफी थी। साथ ही चार सीआइएसएफ जवानों एवं सिविल सोसायटी से जुड़े लोगों ने भी बड़ी संख्या में रक्तदान किया। इस अवसर पर खलारी पीएचसी प्रभारी डॉ इरशाद, अनिल पासवान, विनोद विश्वकर्मा, सुनीता महतो, रामकुमार, डब्ल्यू, नितेश कुमार, लव कुमार, ममता देवी, सरिता देवी, मुन्ना मिश्रा, इस्माइल अंसारी, रामसेवक प्रसाद और अनिल जैन आदि मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**खलारी (आजाद सिपाही)।** जिला पंचायत राज पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सबकी योजना सबका विकास 2022 अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्देश के अनुसार यह प्रशिक्षण 19 से 31 दिसंबर के बीच पूरा कर लेना है। बीडीओ लेखराज नाग ने बीपीओ मनरेगा, बीपीएम जेएसएलपीएस, ब्लाक कोआर्डिनेटर 15वां वित्त व ब्लॉक नाजिर को तय कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रत्येक पांच-छह पंचायतों का एक बैच बनाना है। प्रशिक्षण प्राप्त ग्राम पंचायत सहजकर्ता (फेसिलिटेटर) अपने अपने गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को जागरूक करेंगे कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं से कैसे लाभांवित हों।

### खलारी में 10 हजार से अधिक बकायावाले 12 उपभोक्ताओं के काटे गये बिजली कनेक्शन


**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बकायादारों के खिलाफ अभियान में शुक्रवार को खलारी में 12 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। प्रत्येक उपभोक्ताओं का बिजला बिल का भुगताव 10 हजार रुपये से अधिक बकाया था। इन सभी के पास जेबीवीएनएल के बिल के रूप में 23 लाख आठ हजार 997 रुपया बकाया है। इससे पहले गुरुवार को राय में बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस अभियान में विभाग के अजय कच्छप, कालीचरण उरांव, उर्जा मित्र श्रवण प्रजापति, मुस्ताक अंसारी, संवेदककर्मी शाहबाज आलम पप्पू, बाबूलाल यादव, आशीष कुमार, विजय प्रजापति शामिल थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने किया कंबल वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुरी दक्षिणी पंचायत में शुक्रवार को कंबल वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह के नेतृत्व में एससी मोर्चा खलारी मंडल अध्यक्ष दिलीप पासवान और भाजपा नेता गणेश यादव द्वारा 16 घरों में जाकर असहाय, दिव्यांग व गरीब जररूतमदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहे गरीब और असहाय लोगों के बीच ठंड को देखते हुए भाजपा की ओर से कंबल का वितरण किया जा रहा है।

### खलारी के बजारों में बिखरी तिलकुट की सोंधी खुशबू, तिलकुट की बिक्री शुरू



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी-कोयलांचल सहित आसपास के बाजारों में तिलकुट की बिक्री शुरू हो गई है। खलारी कोयलांचल में मकर संक्रांति से एक माह पूर्व ही तिलकुट का निर्माण जोर पकड़ लेता है। खलारी के शहीद चौक और खलारी बस स्टैंड के समीप कारीगर चीनी और गुड़ से निर्मित होने वाले तिलकुट, खोआ तिलकुट, तिल पापड़ी, रेवड़ी आदि तिल की मिठाईयां बनाने में जुट गए हैं। केडी शहीद चौक और बस स्टैंड में भुने हुए तिल की सोंधी खुशबू के बीच तिलकुट से बनी सामग्री को कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है। मुख्य बाजार केडी, सहित डकरा, राय, मैकलुस्कीगंज, धमधमिया, करकट्टा आदि जगहों पर तिलकुट की बिक्री हो रही है। इस वर्ष चीनी और गुड़ के दामों में बढ़ोतरी होने से तिलकुट के दामों में थोड़ा फर्क पड़ा है। तिलकुट बेचने वालों ने बताया कि चीनी तिलकुट खुला में 200 से 220 रुपए प्रतिकिलो, गुड़ तिलकुट खुला में 220 से 240 रुपए प्रतिकिलो, खोवा तिलकुट 400 रुपए प्रतिकिलो, चीनी-गुड़ तिलकुट पैकेट में 260 रुपए प्रतिकिलो, तिल पापड़ी 300 रुपए प्रतिकिलो, रेवड़ी 260 रुपए प्रति किलो, अनरसा 100 रुपए प्रति किलो बिक्री किया जा रहा है।

# दुकान से कपड़ा चोरी करते दो महिलाएं रंगेहाथ पकड़ी गयीं



**पकड़ी गई महिलाएं इससे पहले भी यहां 'रणधीर इलेक्ट्रीकल' एवं 'बृज बर्तन दुकान' में चोरी की घटना को अंजाम दे चुकी हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के गोंदलीपोखर चौक स्थित कपड़ा दुकान अभिनंदन वस्त्रालय में कपड़े की चोरी करते हुए दो शातिर महिलाएं रंगे हाथों पकड़ी गयीं। बाद में ग्रामीणों ने उन्हें अनगड़ा पुलिस के हवाले कर दिया। घटना गत गुरुवार की दोपहर की है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान कांके थाना क्षेत्र के सुकूरहुटू गांव निवासी अलीमुन खातुन पति अबु रेहान मंसुरी एवं नूरजहां परवीन पति कुदरत मंसुरी के रूप में की गई। इस संबंध में दुकान की संचालिका कविता कुमारी ने अनगड़ा थाना में दोनों महिलाओं के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। शुक्रवार को दोनों आरोपी महिलाओं को पुलिस ने जेल भेज दिया। बताया गया कि गुरुवार को गोंदलीपोखर में साप्ताहिक हाट रहने की वजह से काफी भीड़-भाड़ रहती है। इसी मौके का फायदा उठाते हुए दोपहर में दोनों महिलाएं ग्राहक बनकर दुकान में घुसीं तथा सेल्स गर्ल को साड़ी दिखाने को कहा। इसी दौरान एक महिला ने नजर बचाते हुए एक साड़ी को अपने सहयोगी महिला के बैग में फुर्ती से डाल दिया। जिसे एक अन्य सेल्स गर्ल ने देख लिया। स्टाफ द्वारा जब महिलाओं को बैग खोलकर दिखाने का दबाव बनाया जाने लगा तो वे स्टाफ से ही उलझ गयीं। बाद में अगल-बगल के दुकानदारों एवं ग्राहकों के सहयोग से दोनों को पकड़ा गया। बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में दोनों महिलाओं ने अपना जुर्म कबुल कर लिया है। बताया जाता है कि पकड़ी गई महिलाएं काफी शातिर हैं। इससे पहले भी यहां 'रणधीर इलेक्ट्रीकल' एवं 'बृज बर्तन दुकान' में इन महिलाओं द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

## अनगड़ा के ग्राम प्रधानों ने भू-राजस्व सचिव झारखंड से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम प्रधानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भू-राजस्व सचिव केके सोन से मुलाकात की। ग्राम प्रधान उमेश कुमार बड़ाईक व लोकनाथ पहान के नेतृत्व में मिलने गए प्रतिनिधिमंडल ने सचिव महोदय को ग्राम प्रधानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत किया तथा इसका त्वरित समाधान करने का आग्रह किया। मौके पर उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्रामसभा अंतर्गत जमीन खरीद-बिक्री पर ग्राम प्रधान का अनुमोदन अनिवार्य बनाने, ग्राम प्रधानों को मानदेय देने आदि मांगें शामिल हैं। मौके पर सोमरा उरांव, बाबूलाल बड़ाईक आदि मौजूद थे।

## कोकदोरो लैंपस में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कोकदोरो लैम्पस लिमिटेड कांके प्रखंड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि ठानो मुण्डा विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण, मुखिया उज्जवल पहान, पूर्व मुखिया रुमिला देवी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सुरेश राम, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास, एटीएम शुक्ला सरकार, प्रबंधक जीतनाथ बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों से अपील की सरकार द्वारा चलायी जा रही धान अधिप्राप्ति योजना का किसान लाभ उठाएं। मौके पर ग्राम प्रधान सोमा उरांव, तीर्थनाथ मुण्डा, सरीफ, रघु पहान, नरेश बेदिया, कुलेश्वर राम, सुभानी आलम, प्रकाश लोहरा, जगेश्वर बेदिया डब्लू बेदिया, कंकला उरांव, छोटन मुण्डा रणधीर केशरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नीरजा सहाय डीएवी में साइक्लोथौन का आयोजन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल ने विद्यालय परिसर से रिंग रोड स्थित आइटीबीपी कैंपस तक साइक्लोथौन का आयोजन किया। 8 किलोमीटर के इस साइकिल जागरूकता अभियान को झंडा दिखाकर गांधीनगर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल एसके सिन्हा ने रवाना किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को व विद्यालय के इस अभियान का स्वागत करते हुए सभी को प्रेरणा लेने के लिए कहा। अन्य विद्यालय भी नीरजा सहाय के इस प्रयास का अनुसरण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दें। प्राचार्या किरण यादव ने अपने अभिभाषण में सभी को इस अभियान का साथ देने की प्रेरणा दी। मौके पर 100 के करीब विद्यार्थी, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीएचसी कांके में मरीजों संग स्वास्थ्य कर्मियों ने मनायी क्रिसमस गैदरिंग



**कांके (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में यहां पदस्थापित चिकित्सकों, नर्सों, स्वास्थ्य कर्मियों, सहियाकर्मियों ने एक साथ मिलकर मरीजों के साथ क्रिसमस गैदरिंग मनायी और प्रभु यीशु के जन्म दिवस के मौके पर क्रिसमस केक काटकर वितरण किया। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डा. धनुजय सुमराई ने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार हमें प्रेम और शांति का संदेश देता है। उन्होंने प्रभु यीशु से प्रार्थना की कि कोविड-19 जैसी महामारी हमारे देश में फिर कभी ना आये। सभी देशवासियों के स्वास्थ्य अच्छा रहने के लिए उन्होंने प्रार्थना की। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्रिसमस और नववर्ष में सभी एक-दूसरे के साथ मिलकर त्योहारों को खुशी के साथ सेलिब्रेट करें। क्रिसमस और नववर्ष में लोग नशापान ना करें। स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले नशा पदार्थों का सेवन नहीं करें। स्वास्थ्य केंद्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को चिकित्सा प्रभारी डॉ सुमराई ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया। क्रिसमस गैदरिंग के मौके पर सांता क्लॉज ने सभी के बीच टोपियां भी बांटी और सभी सहिया कर्मियों स्वास्थ्य कर्मियों ने एक साथ मिलकर सामूहिक नृत्य भी किया। इस मौके पर निगरानी निरीक्षक अखिलेश प्रसाद, डा मनीला दुलारी तिर्की, डॉ रोज, डॉ पल्लवी, डॉ पर्ल, भीम महतो, संजय राय, मोबिना, सम्मी, मनीषा सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

**बैठक :** बेड़ो प्रखंड के दिव्यांगजन राजभवन के समक्ष आंदोलन में होंगे शामिल

# विस शीतकालीन सत्र से पहले सरकार दिव्यांग जनों के प्रति सकारात्मक पहल करे : लालू उरांव

**प्रखंड के दिव्यांगजनों की बैठक में 20 दिसंबर को विधानसभा घेराव को सफल बनाने का लिया गया निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के दिव्यांगजनों की शुक्रवार को पुराना प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में लालू उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए लालू उरांव ने कहा कि आज दिव्यांग उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। इसके कारण उनकी स्थिति दयनीय होती जा रही है।

उन्होंने कहा सरकार हमारे हक व अधिकार के बारे यथाशीघ्र विचार करें। वहीं बैठक में आगामी 20 दिसंबर को विधानसभा घेराव को सर्वसम्मति से सफल बनाने का निर्णय लिया गया। रांची में राजभवन के सामने 26 नवंबर 2022 से झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के द्वारा चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का आज 20 दिन हो गया है, लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से किसी भी अधिकारी को आन्दोलनकारियों से बात करने के लिए नहीं भेजा गया है। सरकार हमारे साथ शीतकालीन सत्र से पहले वार्ता करे नहीं तो आगामी 20 दिसंबर को झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के बैनर तले दिव्यांगजनों द्वारा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। संघ की सिर्फ 21 सूत्री मांग है। इस मांग पत्र में एक मांग सरकार के द्वारा ही कहा गया है कि यदि हम सरकार में आयेंगे तो आपलोगों के प्रोत्साहन भत्ता 1000 से बढ़कर 2500 रुपये कर देंगे। लेकिन, इसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार हमारे 21 सूत्री मांगों के लिए कोई पहल नहीं कर रही है।

आज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि रांची, राजभवन के सामने 26 नवंबर 2022 से झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को समर्थन व शामिल होने के लिए प्रखंड से दर्जनों की संख्या में दिव्यांगजन दिनांक 20 दिसंबर 2022 को रांची के लिए प्रस्थान करेंगे एवं धरना-प्रदर्शन को जोरदार तरीके से सफल बनायेंगे। इस बैठक में अशोक महतो, सुनीता कुजूर, कोरिल कुमार, कुंवारी खलखो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पंचायत समिति ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**पंचायत चुनाव के पांच माह बाद पंचायत समिति की हुई मासिक बैठक**

**कई विभागों के अधिकारी रहे अनुपस्थित**

**23 में 16 पंचायत समिति सदस्यों ने लिया हिस्सा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को पंचायत समिति की प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की गई। यह बैठक पंचायत चुनाव के पांच माह बीत जाने के बाद पहली बार की, जबकि बैठक हर माह की जानी है।

प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा 23 पंचायत समिति सदस्यों में 16 सदस्य ही बैठक में शामिल हुये। इस प्रखंड स्तरीय बैठक में पंचायतो में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। जिसमें मनरेगा, पशुपालन,कृषि, पेंशन योजना, बाल विकास, चिकित्सा, बैंक, पशुपालन, शिक्षा, खाद आपूर्ति, कल्याण, सहकारिता, ग्राम पंचायत की साफ सफाई, नाली निर्माण, गली की सड़क, तालाब गहरीकरण, तालाब सौंदर्यीकरण व पंचायत में संचालित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

प्रमुख संगीता देवी ने अनुपस्थित विभागों के अधिकारी व पंचायत समिति सदस्यों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए अगली बैठक में सभी को आने का निर्देश दिया।

**बैठक में थे शामिल :** बीडीओ हरिशंकर बारीक, सीओ प्रदीप कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, कल्याण पदाधिकारी, बीटीएम मोहन प्रजापति, के अलावा मुखिया कमल खलखो, ज्योति देवी, अनिल तिर्की, प्रभा तिर्की, 16 पंचायत समिति सदस्य तथा अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## लापता केशव गोस्वामी का शव छह दिन बाद हुंडरू फॉल से हुआ बरामद

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले के गोला डीवीसी चौक निवासी केशव गोस्वामी 50 वर्ष का छह दिन बाद हुंडरू फॉल के दूसरी छोर से शव बरामद हुई। केशव गोस्वामी रविवार की शाम से लापता था। अपने सहयोगियों के साथ ऑटो में सवार होकर हुंडरू फॉल पिकनिक मनाने आया था। शुक्रवार को दोपहर स्थानीय पर्यटक कर्मी ने शव को देखा। सिकिदिरी पुलिस को सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने स्थानीय पर्यटक मित्रों के साथ तीन घंटा रेस्क्यू के बाद शव को उपर निकाला। रेस्क्यू में थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि, एसआई सुरेश ठाकुर, जितेन्द्र कुमार सिंह, बालेश्वर बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, पवन भोगता, चंद्रमोहन भोगता, मोहित बेदिया, अजय बेदिया, मनोज बेदिया सहित अन्य शामिल थे। इधर सिकिदिरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के रांची रिम्स भेज दिया।

# संत कैथरिन उवि एवं आरसी प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस

**मैट्रिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एवं प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**





आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** संत कैथरिन उच्च विद्यालय एवं आरसी प्राथमिक विद्यालय आरा महिलोंग में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजयलक्ष्मी देवी, टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, आरा मुखिया नीता कच्छप, रांची जिला सचिव आजसू पार्टी निखिल दागल सार, जयपाल सिंह एकेडमिक के प्राचार्य सुशील पॉल लिंडा, विद्यालय सचिव सी हेलेन, संत कैथरिन उच्च विद्यालय की प्रचार्य सी ऑन मेरी, उपप्रचार्य सी प्रभा, आरसी प्राथमिक विद्यालय की प्राचार्य सी संगीता, कैथरिन एकेडमिक की प्राचार्य सी आशा, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की सदस्य संजय एक्का, दानियल भूटकुमार, वरदानी कच्छप ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम में मैट्रिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एवं खेल शिक्षक हरेकृष्णा महतो आशिष भूटकुमार के नेतृत्व में फुटबॉल, खो-खो, कब्बडी, कराटे, रिले रेस, 100, 200 मि दौड़, तीन पैर दौड़, बोरा रेस, रस्सी दौड़, मैथ्स रेस, गिट्टी रेस, गोली चम्मच रेस, बिस्कुट रेस, गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**श्रमदान :** खराब सड़क से परेशान थे कांके प्रखंड के नगड़ी जारा गांव के ग्रामीण

# जिप सदस्य के सहयोग से ग्रामीणों ने पांच किमी सड़क बनायी

**गांव में सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी या एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** राजधानी रांची से लगभग 25 किलोमीटर दूर कांके प्रखंड के राड़हा पंचायत के नगड़ी जारा गांव में ग्रामीणों, जिप सदस्य हिना परवीन व इनके पति रांची महानगर युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जमील अख्तर के सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान से लगभग पांच किलोमीटर कच्ची सड़क का निर्माण किया और इससे आवागमन लायक बनाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में कई बार इस सड़क को निर्माण को लेकर सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्य, अधिकारी सभी को अवगत कराया गया। फिर भी यह सड़क आज तक नहीं बनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि जब यहां कोई व्यक्ति या महिला, बच्चे बीमार हो जाते थे तो उन्हें खटिया से उठा कर अस्पताल ले जाना पड़ता है। क्योंकि यहां तक सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी या एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है। प्रसव के दौरान भी महिलाओं को खटिया से उठाकर ले जाना पड़ता है। कई बार गर्भवती महिला मरीज को ले जाने के दौरान सड़क पर भी प्रसव हुई है। सभी समस्याओं को देखते हुए हम लोगों ने आपस में ही सहयोग कर सड़क का निर्माण करा रहे हैं।

मौके पर मौजूद युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर ने कहा कि मेरी पत्नी हिना परवीन इस क्षेत्र की नवनिर्वाचित जिला परिषद हैं। जब मैं चुनाव के समय यहां दौरा किया था उस समय समस्या से अवगत हुआ था। मैं कांग्रेस पार्टी के आला अधिकारियों और मंत्री से मिलकर सड़क निर्माण हेतु ज्ञापन सौंपा हूं। निश्चित ही बहुत जल्द यह सड़क कालीकरण होगी और यहां के ग्रामीणों को सड़क की सुविधा मिलेगी।

बताते चलें कि राढ़हा पंचायत में नगड़ी जारा, पिपरा जारा, उरांव टोला, जोरदाग, तीर बेड़ा, पोढिया ताड़ गांव के लगभग 150 परिवार इस सड़क से होकर गुजरते हैं। यह सभी परिवार मजदूर और गरीब तबके के हैं। सड़क निर्माण में ग्रामीण बबलू उरांव, विजय उरांव, अजय उरांव, फुलचन्द टोप्पो, पार्वती देवी, श्याम लोहरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीजूपाड़ा में खुला बिरसा लाउंड्री सेंटर



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बीजूपाड़ा हुटार मोड़ के निकट शुक्रवार को बिरसा लाउंड्री सेंटर का उदघाटन मांडर विधानसभा प्रत्याशी व युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। इस दौरान लाउंड्री के संचालक बिरसा उरांव ने बताया कि उनके यहां घरेलू वस्त्र, साड़ी, लहंगा, सलवार सूट, कोट पेंट, जैकेट, जींस, शर्ट सहित स्कूल कालेज, हॉस्टल, होटल, रेस्टुरेंट, हॉस्पिटल, टेंट इत्यादि का सभी तरह का कपड़ा का ड्राइक्लीन, धुलाई एवं प्रेस मशीन द्वारा किया जायेगा। अब ग्राहकों को अपने आसपास ही बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस तरह की सुविधा की जरूरत थी। इससे लोगों को काफी आसानी होगी। उदघाटन के मौके पर मुखिया मोहन उरांव, अरविंद सिंह, एनामुल हक, संतोष साहू, देवशरण शाही, कुंती सुरती लकड़ा, संदीप लकड़ा, सोमेश उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर लगा कैंप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिदरौल पंचायत के कवाली गांव में मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना को लेकर पंचायत स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्याक्रम का नेतृत्व पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालक शंकर कुमार सिंह ने किया। मौके पर किसान ग्रामीण काफी संख्या में पहुंचे हुये थे। प्रज्ञा संचालक ने बताया कि सर्वर नही होने के कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इधर ग्रामीणों ने सरकार से सर्वर यथाशीघ्र ठीक करने की मांग की है। आवेदन देने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गयी है। इस मौके पर पंचायत सचिव हरीदास साहू, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, उपमुखिया कृपा भेलेरिया कुजूर, पंचायत स्वयंसेवक दिनेश कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### किसान मेला आयोजन कमेटी का गठन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम का कृषि प्रत्येक्षण फार्म गेतलसुद में लगने वाला केन्द्रीय किसान मेला सह प्राकृतिक खेती पर अनगड़ा प्रखंड के सभी विवेकानंद सेवा संघों की बैठक गेतलसुद फार्म में की गई। बैठक में स्वामी भवेषानन्द जी महाराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची विशेष रूप से उपस्थित थे। किसान मेला 09 एवं 10 फरवरी 2023 को गेतलसुद फार्म में लगाया जायेगा। इसके लिए मेला कमेटी का गठन किया गया। संरक्षक- राजेन्द्र शाही मुण्डा, जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी, दीपा उरांव प्रमुख अनगड़ा, अनिता गाड़ी पूर्व प्रमुख अनगड़ा, संतोष बेदिया, अध्यक्ष विवेकानंद सेवा केन्द्र बरवाटोली, अध्यक्ष भुवनेशवर बेदिया, मुखिया नवागढ़, उपाध्यक्ष-राजकुमार बेदिया, माल्या बेदिया, सचिव-कमल बेदिया, सहसचिव - सुधू बेदिया, बुधेशवर उरांव, कोषाध्यक्ष -लालो महतो, परमेश्वर महतो आदि मौके पर ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराज, मेला प्रभारी नेहा राजन, विश्व सिंह, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीयता वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. अजित सिंह, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं शोध संस्थान के प्रोफेसर डॉ अभिजित दात्ता, डॉ. अरूनव सेनगुप्ता, अरूण भक्त, ट्रेनिंग अगेर्नाईजर, केभीके रांची, प्रदीप महतो, जगदीश भोगता, युगल किशोर बेदिया, जितेन्द्र उरांव, शिवा मुण्डा, प्रदीप मुण्डा, बालेशवर बेदिया, संजय महतो, अकला कुम्हार, मेघनाथ महतो, शयामसुन्दर बेदिया, रोहित शाही, तुलसी महतो, सोमरा बेदिया आदि के अलावा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बेथानी कॉन्वेंट में प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। बेटियों को बेटों से ज्यादा शिक्षित एवं संस्कारी बनायें। बेटियां दो पीढ़ियों को संवारती हैं। उक्त बातें राजाउलातू स्थित बेथानी कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्य की पहली प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेमरोम ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चों पर दबाव ना डालें उससे उनकी भावना समाप्त होती है। बच्चों को बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों को त्याग करना होगा। कहा कि बेथानी कॉन्वेट स्कूल बेहतर कार्य कर रहा है। रेवरेंड डॉ सिस्टर जेसी मारिया ने 75 वर्ष के सफर की चर्चा करते हुये बताया कि अभी पूरे देश में बेथानी सोसायटी के स्कूलों में 72 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। इसे मात्र चार सिस्टर ने 75 साल पहले शुरुआत की थी। जीवन की परिपूर्णता के लिये परिवर्तनकारी शिक्षा थीम पर बच्चों ने शिक्षा के महत्व, बेटियों के संरक्षण, शिक्षा, भ्रूण हत्या रोकने एवं महिला अधिकारों पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। सांता क्लॉज ने बच्चों का मनोरंजन किया। मौके पर सिस्टर रोज रीटा, प्राचार्य सिस्टर एग्नेश टेटे, उपप्राचार्य सिस्टर लुसीयाना, प्रमोद कुमार सिंह सहित शिक्षक सहित अभिभावक उपस्थित हुए।

### केंद्रीय तसर अनुसंधान संस्थान में उपलब्धियों एवं भावी रणनीति पर चर्चा का आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को प्रेस मिलन कार्यक्रम के तहत तसर संवर्धन के क्षेत्र में संस्थान की उपलब्धियों एवं भावी रणनीति पर पारस्परिक चर्चा का आयोजन किया गया। संस्थान की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ के सतनारायण ने बताया कि संस्थान में मुख्य रूप से अनुसंधान, तकनीकी, हस्तांतरण प्रशिक्षण एवं तसर रेशम हित धारकों के लाभार्थी विभिन्न तसर उत्पादक राज्यों को परामर्शी सेवाएं देने संबंधी कार्य कर रहा है। कहा यह संस्थान विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर नई परियोजना प्रतिपादित करता है। तसर के समावेशी विकास हेतु संस्थान द्वारा बीएचयू, वाराणसी, एफआरसीईआर प्रयागराज, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों के साथ करार किए गए हैं। संस्थान कृषकों की आय दुगुना करने हेतु सतत प्रयत्नशील रहा है। समय समय पर कृषि मेला के माध्यम से किसानों को प्रात्साहित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक निदेशक राजभाषा कमल किशोर बड़ौदा ने प्रेस क्यों मीडिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में मीडिया की भूमिका संवाद वाहन की होती है। वह समाज के विभिन्न वर्गों सत्ता केंद्रों संस्थाओं के बीच सेतु का कार्य करता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर जेपी पांडे ने किया।

# पलामू के चार अनाथ बच्चे पढ़ाई छोड़ मजदूरी करने को विवश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला अंतर्गत पाटन प्रखंड के महुलिया गांव के चार अनाथ बच्चों की कहानी हृदयविदारक है। दो अनाथ बहनें जहां पढ़ाई छोड़ जीविकोपार्जन के लिए धनकटनी करने बिहार गयीं, वहीं दो भाई पेट की आग बुझाने के लिए मवेशी चराने और मजदूरी करने को विवश है। इन चारों बच्चों की सुध लेने की फुर्सत प्रशासनिक अधिकारियों के पास नहीं है। चाइल्डलाइन ने इसकी रिपोर्ट बीडीओ को सौंपी है। इसके बावजूद इन बच्चों की भलाई को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है।



## बुजुर्ग दादी को इन चारों बच्चों की सता रही चिंता

इन बच्चों की इस हालात को देखकर सहज ही किसी को तरस आ जाता है। पढ़ने की उम्र में लड़कियों को मजदूरी करनी पड़ रही है, वहीं लड़कों को मवेशी चराने के लिए जंगल जाना पड़ता है। अपनी हालात को बयां करते हुए बुजुर्ग राजकली कुंवर फफक कर रो पड़ती है। रोते-रोते उसने बताया कि जब तक जिंदा हूं, तब तक किसी तरह से इन बच्चों की देखभाल में कोई कसर नहीं छोडूंगी। लेकिन, मेरे बाद इन अनाथ बच्चों का क्या होगा इसी की चिंता सताये जा रही है। दो- दो बेटियां हैं,उनका विवाह कैसे होगा इसकी चिंता भी उसे खाए जा रही है।

## दो बहनें धान काटने के लिए बिहार गयी

बता दें कि अनाथ चार भाई-बहनों में दो बहनें 13 साल और नौ साल की है, जबकि दो भाई 11 साल और पांच साल है । ये चारों बच्चे अनाथ हैं। इन्हें पेट की आग बुझाने के लिए मजदूरी व मवेशी चराने को विवशता है । इनमें दो बहनें फिलहाल धान काटने के लिए बिहार गयी है। वहीं, दो भाई भोजन के लिए मवेशी चराने को विवश है।

## प्रशासन से नहीं मिला सहयोग

इधर, कुछ समाजसेवियों द्वारा इसकी सूचना चाइल्डलाइन को दी गयी थी। चाइल्डलाइन के लोग वहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और इसकी रिपोर्ट को बीडीओ को सौंप दिया गया है, लेकिन प्रशासन के अवसर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. पीएन सिंह एवं नेत्र सहायक दयानंद कुमार के देखरेख में राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में शुक्रवार को वर्ग 06-08 के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इस दौरान चिकित्सको ने बच्चों की ऊंचाई, वजन, आंख की रोशनी, नाखून जांचने के बाद उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई दिशा निर्देश दिया गया। डॉ. पीएन सिंह ने बच्चों को स्वस्थ रहने का मूलमंत्र बताया उन्होंने कहा कि बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर स्वास्थ्य जरुरी है। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुबह में उठकर नित्य कर्मों से निवृत्त होकर समय पर अच्छी तरह हाथ धोकर, चबा चबाकर नाश्ता करनी चाहिए, यथासंभव गुनगुना पानी पीना चाहिए, नाखून को छोटा और साफ रखनी चाहिए। साथ ही विटामिन ए, बी, सी व डी की कमी से होनेवाले बिमारियों के बारे में बताया गया, साथ ही उपचार के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। जांचोपरांत बच्चों को सर्दी, खांसी, बुखार, रक्ताल्पता से होनेवाली बीमारी की दवा के साथ कैल्सियम की दवा भी वितरित किया गया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी बलराम सिंह, वरीय शिक्षक राजेश गुप्ता, जुबैर अहमद समेत सैकड़ो छात्र-छात्राए मौजूद थे।

# पलामू उपायुक्त के जनता दरबार में आये नौ मामले



आजाद सिपाही संवादाता

**मेदिनीनगर।** जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन के लिए उपायुक्त ने शुक्रवार को छत्तरपुर सीओ, हरिहरगंज सीओ, सदर एसडीओ, चैनपुर बीडीओ और विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 9 मामले आये, जिसमें वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में बिजय दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन

# असाधारण वीरता का गौरवशाली अध्याय है विजय दिवस : कैप्टन दुखन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के सभागार में विजय दिवस सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैप्टन दुखन सिंह विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद सिंह, सुबेदार अशरफी पाल, दिलीप मेहता, नायक सुबेदार सुधीर सिंह, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, सक्रिय सदस्य सत्येन्द्र कुमार चंदेल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत कैप्टन दुखन सिंह एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों को प्रधानाचार्य ने श्रीफल और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर कैप्टन ने अपने 20 वर्षों का सैन्य अनुभव को बच्चों के साथ साझा किया।कहा कि 16 दिसंबर 1971 भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम दिन है। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 16 दिसंबर 1971 के युद्ध में 3900 भारतीय सैनिक वीर गति को प्राप्त हुए। युद्ध में भारत विजयी हुआ। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पूर्वी पाकिस्तान को आजाद करा कर बांग्लादेश का गठन किया। जीवन की शिक्षाओं को यथा अनुशासन, समयपालन, कर्तव्यनिष्ठा आदि अपने छात्र जीवन में धारण करना चाहिए। वहीं नेतरहाट आवासीय विद्यालय में चयन प्रतियोगिता में सफल होने पर अपने विद्यालय के छात्र प्रतीक कुमार, पिता प्रमोद कुमार को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य शशि कुमार, हरिमोहन पाठक,संजय सिन्हा, राजेश्वर सिंह यादव,मृत्युंजय प्रसाद, सुनील कुमार, राजकुमार सिंह,दीपक पाण्डेय, रंजीत मिश्र, धर्मेंद्र कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

# ब्रेन हेमरेज से हुई एसआइ की मौत सलामी देकर पैतृक गांव भेजा शव



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कस्तूरी चनंकार गांव निवासी एवं गुमला के सिसई पुलिस केन्द्र में सहायक अवर निरीक्षक पद पर पदस्थापित 50 बर्षीय अरविंद कुमार राम को ट्रेनिंग के दौरान ब्रेन हेमरेज होने के कारण पटना के उदय नारायण अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गयी। उनके निधन पर शव को पैतृक गांव हुसैनाबाद के कस्तूरी चनंकार लाया गया। वही गांव ले जाने के पूर्व उनका जपला खादी भंडार स्थित मैदान में उन्हें हुसैनाबाद पुलिस प्रशासन ने राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कस्तूरी चनंकार के कररबार नदी के श्मशान घाट पर किया गया। मौके पर हुसैनाबाद प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार, गुमला से पहुंचे पुलिस प्रशिक्षण के अध्यक्ष सुमन कुमारी, उपाध्यक्ष दीलिप टुडु, संयुक्त सचिव मोहम्मद इसहाक अंसारी, कोषाध्यक्ष सरजू प्रसाद, हवलदार हरिकिशोर तीवारी, उमेश कुमार दुबे, चौकिदार अमित कुमार पासवान, पथरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार पासवान, उपरी कला पंचायत के समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह उर्फ पप्पू कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# हाथियों का झुंड पहुंचा मोहम्मदगंज, मैदानी क्षेत्रों में दहशत खत्म

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बिहार के नबीनगर के रास्ते हुसैनाबाद में घुसे जंगली हाथियों का झुंड अब मोहम्मदगंज के जंगलों में पहुंच चुका है। गुरुवार को अहले सुबह से ही इस क्षेत्र में गजराजों के तांडव शुरू हो गए थे। दो लोगों के लिए काल बनकर आये हाथियों के झुंड ने अकल्पनीय घटना को अंजाम देते हुए आखिरकार रात्रि में जंगल की शरण ले ली। इतनी बड़ी संख्या में जंगली हाथियों का हुसैनाबाद क्षेत्र में प्रवेश कर उत्पात मचाने की घटना लोगों को बड़ी अजीब लगी. वन विभाग के अधिकारियों का प्रयास रंग लाया और हाथियों को जंगल में खदेड़ने में विभागीय टीम कामयाब रही। जपला चौबे एवं हनुमान बिगहा गांव के निकट दिनभर हाथियों की रेकी की जाती रही, ताकि वहां से 8 हाथियों का झुंड कहीं शहरी आबादी वाले क्षेत्र में न घुस सके. जबकि यह स्थान जपला बाजार से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर था। लोगों को यह भय सता रहा था कि जंगली हाथियों का झुंड अगर बाजार में प्रवेश कर जाता तो फिर अंजाम कितना भयानक होता। इधर अंधेरा होने पर जब हाथियों को भगाने का कार्य शुरू किया गया तो हैदरनगर क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने ऐहतिहात के तौर पर संध्या समय ही लोगों को दुकान बंद कर घर में रहने की सख्त हिदायत दी। इससे शाम 7 बजे तक पूरे हैदरनगर बाजार क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया। बहरहाल हाथियों का झुंड अब जंगल की ओर चला गया है। इससे इस क्षेत्र के लोग काफी राहत महसूस कर रहे हैं। इधर, मृतकों के आश्रितों को मुआवजा के सवाल पर वन अधिकारियों ने यह कहकर विराम लगा दिया कि हुसैनाबाद क्षेत्र में जंगली हाथियों द्वारा मारे गए दोनों लोगों के आश्रितों को उचित मुआवजा मिलेगा. इस आशय की जानकारी गुरुवार को वन अधिकारी राम सूरत प्रसाद ने हुसैनाबाद में मृतकों के परिवार के समक्ष कही। दंगवार ओपी क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी मृतक बंशी महतो और जपला चौबे निवासी मनोज राम के आश्रित को तत्काल 25-25 हजार रुपये की नकद राशि दाह संस्कार एवं श्राद्ध कर्म के लिए वन विभाग के अधिकारी द्वारा दे दिया गया है। वन अधिकारी श्री प्रसाद ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों मृतकों के आश्रितों को जल्द ही चार-चार लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।**हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी स्थित भोला सिंह के आवास परिसर में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के अंचल कमिटी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता कामरेड भोला सिंह ने किया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज की पूंजीवादी पार्टी पैसे का खेल कर रही है। भाजपा की मोदी सरकार के राज में आम जनता से बड़े पैमाने पर जीएसटी एवं कई तरह के टैक्स वसूलकर परेशान किया जा रहा है।और बड़े कारपोरेट घरानों का कर्ज माफ किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होकर लड़ना पड़ेगा।भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल का जपला सिमेंट फैक्ट्री भाजपा के राजपाट में बिक गया, जरूरत है इस सैकड़ों एकड़ के जमीन में नया उद्योग लगाने की ताकि इस इलाके के हजारों लोगों को रोजगार मिल सके। कामरेड भोला सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में दाखील खारीज रसीद एवं आनलाइन लुट मचा हुआ है । घूसखोरी चरम पर है जिसके लिए पार्टी अंचल कार्यालय पर जनवरी माह में विरोध प्रदर्शन करेगी। बैठक को नगर सचिव सुरेश ठाकुर, अभय कुमार भूइंया, ने संबोधित किया। बैठक में अंचल सचिव गणेश सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर को उपायुक्त पलामू के समक्ष प्रदर्शन के इस इलाके से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। बैठक में सरयू सिंह, धर्मदेव राम, चितरगुन, अर्जुन प्रजापति, असलम खान, बलिराम सिंह, बीफन राम, सीता राम, सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में देवरी शाखा का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से धर्मदेव राम को शाखा सचिव चुना गया।

# स्कूली विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर ।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को गिरिवर हाई स्कूल में सीनियर क्लास के बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें सबसे पहले रोड सेफ्टी से जुड़ी बातों की जानकारी दी गयी। सभी बच्चों से यह शपथ दिलाई गई कि बिना लाइसेंस के उम्र से पहले वो गाड़ी नहीं चलाएंगे और बिना हेलमेट के कभी गाड़ी नहीं चलाएंगे। क्योंकि, उनके जीवन पर सिर्फ उनका ही नहीं, बल्कि उनके परिवार और समाज का भी हक है। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने अच्छी कंपनी के हेलमेट और अच्छे ढंग से पहनने की अपील की। स्कूल के प्राचार्य नीरज द्विवेदी ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा नियम अपनाने की गुजारिश की। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह ने सड़क पर हमेशा रहने, हेलमेट पहनने और बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाने की अपील की।

## स्पोर्ट्स



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

# तुंगबुरु में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन स्माइल क्लब कुटीमाकली की टीम बनी विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड की जोड़सा पंचायत के तुंगबुरु फुटबॉल मैंदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी युवा शक्ति क्लब की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। प्रतियोगिता में शामिल 16 टीमों के बीच आयोजित टूनार्मेंट के फाईनल मैच स्माईल क्लब कुटीमाकली व विष्णु स्पोटिंग क्लब उड़ीसा के बीच खेला गया। खेल के दौरान हारजीत की फैसला नही होने पर पेनाल्टी के दौरान कुटीमाकुली टीम ने उड़ीसा टीम को एक गोल से पराजीत कर विजेता बने। जबकि तीसरे स्थान पर चांडिल जारियाडीह व चौथे स्थान पर तुंगबुरु फुटबॉल टीम रही।मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा फुटबॉल टूनार्मेंट के दौरान मैंदान में दूरदराज से पंहुचे सभी खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने बाजी मारी। उन्होंने कहा प्ररियोगिता में हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नही होना चाइए कारण हार कर जितने वाले को ही बाजीगर कहते हैं। उन्होंने कहा खिलाड़ी को हारने की समीक्षा करने की जरूरत है। साथ ही दूसरी वार टूनार्मेंट में कैसे विजयी होंगे उस दिशा में पहल करनी चाइए। उन्होंने कहा राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के सभी युवा खिलाड़ियों को सम्मान देने का काम कर रहे हैं। विधायक ने कहा झारखंड में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी युवा अपना भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रतियोगिता में शामिल विजेता टीम को विधायक के हाथों नगद 50 हजार के साथ ट्राफी, उप विजेता टीम को नगद 40 हजार व ट्रॉफी और तीसरे व चौथे स्थान पर रहे दोनों टीम को 20-20 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष छुटुलाल मुर्मू, पंचानन मुर्मू, साहेब हांसदा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, छुटुलाल हांसदा, श्यामापद महतो, पंचानन दास, श्यामू महतो, सिजेन हेम्ब्रम, रेफरी आनंद महतो, लंबोदर मांडी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारत ने अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 258 रन बनाकर की घोषित, जीत के लिए 513 रनों का लक्ष्य

**चट्टोग्राम।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने अपनी दूसरी पारी 2 विकेट पर 258 रन बनाकर घोषित कर दी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और चेतेश्वर पजारा ने शानदार शतकीय पारी खेली। पुजारा 102 और विराट कोहली 19 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की कुल बढ़त 512 रनों की है और बांग्लादेश को जीत के लिए 513 रनों की जरुरत है। भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में केवल 150 रन बनाए थे। पहली पारी के आधार पर भारत को 254 रनों की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी में भारत को कप्तान केएल राहुल और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। खालेद अहमद ने राहुल को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। राहुल ने 23 रन बनाए। इसके बाद गिल और पुजारा ने दूसरे विकेट के लिए113 रनों की साझेदारी की। इस दौरान गिल ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। वह 110 रन बनाकर 183 के कुल स्कोर पर मेंहदी हसन मिराज का शिकार बने। इसके बाद पुजारा और कोहली ने पारी को आगे बढ़ाया और स्कोर 250 के पार ले गए। पुजारा ने जैसे ही शतक लगाया, कप्तान केएल राहुल ने पारी घोषित कर दी। जब पारी घोषित की गई भारत ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 258 रन बना लिए थे। पुजारा 130 गेंदों पर 102 रन बनाकर नाबाद रहे, जो टेस्ट क्रिकेट में उनके करियर का सबसे तेज शतक था। पुजारा का यह शतक लगभग चार साल बाद आया। पुजारा के साथ कोहली 19 रन बनाकर नाबाद रहे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## रंग लाया जिला परिषद संवेदक संघ का आंदोलन, पहले दिन नहीं बिके निविदा प्रपत्र



धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला परिषद संवेदक संघ के पांच सूत्री मांग को लेकर निविदा बहिष्कार के आह्वान का असर दिखने लगा है। निविदा बिक्री के पहले दिन शुक्रवार को परिषद द्वारा निकाले गए एनआइटी-2 के 16 ग्रुप के लिए एक भी प्रपत्र की बिक्री नहीं हुई। बतातें चलें कि विगत दिनों धनबाद जिला परिषद संवेदक संघ सामूहिक रूप से पांच सूत्री मांगों को रखा था। जिसमें से एक मांग अगले ही दिन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा मान लिया गया था, जबकि चार मांगों को लेकर शनिवार को विशेष बैठक कर उसे भी नियम संगत हल करने का आश्वासन दिया गया था। पर उससे पहले शुक्रवार को एनआइटी 2 का ग्रुप का पेपर बिकना था, लेकिन पूर्व घोषित आंदोलन के तहत निविदा का बहिष्कार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और 16 ग्रुप में से एक भी ग्रुप का एक भी पेपर नहीं बिका। वहीं धनबाद जिला परिषद संवेदक संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि सभी संवेदको का सार्थक प्रयास और सहनशीलता धीरे-धीरे जीत की ओर बढ़ रही है। उम्मीद है शनिवार को भी एक भी पेपर ना बिके। वहीं धनबाद जिला परिषद सदस्य इजराफिल लाला भी संवेदको के समर्थन में आ गए। उन्होंने कहा कि संवेदक को निराश कर धनबाद जिला परिषद कभी भी तरक्की नहीं कर पाएगा। इस मौके पर राजेश सिंह, निर्मल उपाध्याय, पप्पू चौरसिया, काशीनाथ प्रसाद, रसाद खान, मुकेश सिंह, उपेंद्र यादव, कीनू महतो, अवधेश चौधरी, सच्चू सिन्हा, जाकिर अंसारी, हिमांशु रवानी, आशीष पासवान व संदीप सिंह आदि थे।

## मुखिया ने किया मेधावी छात्र मिथुन को सम्मानित



चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी क्षेत्र में हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय तिसकोपी (बोकारो) के नवम वर्ग के छात्र मिथुन कुमार महतो ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में 75.12 फीसदी अंक लाकर सफलता हासिल की है। मिथुन सिधाबारा के बड़की ग्राम का रहने वाला है। उसकी इस सफलता से क्षेत्र के लोग काफी प्रसन्न हैं। उसका हौसला बढ़ाने व इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रभावित करने के लिए, चतरोचट्टी पंचायत के मुखिया महादेव महतो की अगुवाई में मिठाई खिलाकर व साल ओढ़ाकर मिथुन को सम्मानित किया गया। मुखिया ने कहा कि शिक्षा हम सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक उपकरण है। हम जीवन में शिक्षा के इस उपकरण का प्रयोग कर कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों को सामाजिक और पारिवारिक आदर और एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। इस मौके पर अर्जुन महतो, प्रधानाध्यापक लोकेंद्र कुमार महतो, सुरेश प्रसाद महतो, कोलेश्वर प्रसाद महतो, अशोक मिश्रा, उपेंद्र महतो, गौतम केशरी, मो लतीफ अंसारी, डॉ दामोदर महतो, रोशनलाल पटेल, अजय कुमार महतो और कैलाश महतो मौजूद थे।

## संस्कृति महिला मंडल समिति कुसुंडा ने मजदूरों के बीच किया कंबल वितरण



भगतडीह (आजाद सिपाही)। संस्कृति महिला मंडल समिति कुसुंडा के सदस्यों ने शुक्रवार को विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग प्वाइंट पर ट्रक लोडिंग का काम करने वाले असंगठित महिला मजदूरों के बीच 70 कंबल का वितरण किया। इस दौरान महिला असंगठित मजदूरों के कड़े मेहनत को देखकर कंबल वितरण करने पहुंची महिला मंडल सदस्यों का दर्द छलक गया। उन्होंने ठंड के मौसम में भी पुरुषों के बराबर महिलाओं को कड़ी मेहनत करते देख उनका उत्साहवर्धन किया। कुसुंडा क्षेत्र की अध्यक्ष पूर्णिमा गोयल ने सभी महिला मजदूरों का हालचाल पूछा। साथ ही कहा कि सुरक्षा को ध्यान मे रहकर ही ट्रक लोडिंग का कार्य करें। इस दौरान पूनम सिंह, अनंदिता चटर्जी, सुषमा मेहता, श्वेता गुप्ता, शशि प्रसाद, मिनल त्रिवेदी, रीना कुमारी, ममता सिंहा, अजंता दास, सुषमा पांडे, बबीता मांजी, मनीषा प्रकाश, मोना श्रीवास्तव, संगीता दूबे, गीता सिंह, सुमन सिंह, विनिता एवं विश्वकर्मा परियोजना प्रबंधक संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### बीएसएल के वरीय अधिकारियों के साथ करेंगे आज बैठक

# बोकारो पहुंचे इस्पात मंत्रालय के ओएसडी, किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात मंत्रालय के ओएसडी एनएन सिन्हा शुक्रवार को बोकारो पहुंचे। उनके बोकारो आगमन पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश और बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी सहित बीएसएल के अधिशासी निदेशकों ने भव्य स्वागत किया। अपने बोकारो दौरे के क्रम में एनएन सिन्हा ने सर्वप्रथम इस्पात भवन स्थित मॉडल रूम में प्लांट के ले-आउट की



जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने प्लांट भ्रमण कर कोक ओवेन, ब्लास्ट फर्नेस-2, एसएमएस 2-सीसीएस, हॉट स्ट्रिप मिल और सीआरएम-3 का अवलोकन किया और उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश व अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। प्लांट भ्रमण के उपरांत बोकारो निवास में उन्होंने बीएसएल के युवा प्रबंधकों से मुलाकात की और उन्हें संयंत्र में जारी डिजिटलाइजेशन परियोजना पर एक प्रस्तुतीकरण द्वारा अवगत कराया गया। शनिवार को वे बीएसएल के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही बीएसएल की विभिन्न सीएसआर गतिविधियों का अवलोकन करेंगें।

## बीआरएल डीएवी 27 वर्ष बाद पहली बार बनेगा सीबीएसई का परीक्षा केंद्र

भंडारीदह (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ की ओर से आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा के लिए पहली बार बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारीदह को परीक्षा केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है। 27 वर्षों के बाद सीबीएसई का परीक्षा केंद्र बनने का अवसर इस विद्यालय को मिला है। 2023 की 10वीं एवं 12वीं के परीक्षार्थी के लिए केंद्र बनाये जाने से काफी सुविधा मिलेगी। प्राचार्य आरके सिंह ने बताया कि सीबीएसइ ने बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारीदह को परीक्षा केंद्र के रूप में स्वीकृति दी है, जो विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। बीआरएल डीएवी में कितने स्कूल का परीक्षा केंद्र होगा अभी स्पष्ट नहीं है।

# इलेक्ट्रोस्टील वेदांता में हुए हादसे की हो उच्चस्तरीय जांच : लालचंद महतो

**प्रबंधन के मनमाने रवैया से दिखे नाराज, कहा- देश में ऐसा कोई कारखाना नहीं, जिसके अंदर बसा है गांव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने शुक्रवार को बोकारो सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन कर 15 दिसंबर को इलेक्ट्रोस्टील वेदांता में हुई घटना पर दुख प्रकट करते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि वेदांता इलेक्ट्रोस्टील प्रबंधन की मनमाने रवैये के कारण आये दिन घटनाएं



हो रही है। प्लांट के आसपास के गांवों में भयंकर जल प्रदूषण फैलाया जा रहा है। प्लांट से भारी मात्रा में जहरीली गैस की भी निकासी हो रही है, जिस कारण आम लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की इस मनमानी के खिलाफ हाईकोर्ट में पीआईएल याचिका दायर किया जाएगा। इस मौके पर झारखंड प्रदेश हिंद मजदूर किसान पंचायत के अध्यक्ष इंद्रदेव महतो, सचिव चेतलाल महतो और उमेश सिंह उपस्थित थे।

# दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे कोल सचिव मीणा, किया ऐना फायर परियोजना का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** कोल सचिव अमृत लाल मीणा दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार की शाम सड़क मार्ग से धनबाद पहुंचे। जहां बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता सहित अन्य अधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद कोल सचिव का काफिला कुसुंडा क्षेत्र के महत्वकांक्षी फायर परियोजना ऐना पहुंचे। जहां कुसुंडा महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उसके बाद कोल सचिव ने परियोजना के व्यू प्वाइंट से परियोजना का निरीक्षण किया। नक्शा का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से उक्त परियोजना की वास्तु स्थिति के अलावा उत्पादन के संबंध में भी जानकारी ली। जिसके बाद काफिला धनबाद



स्थित गेस्ट हाउस लौट गया, जहां बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, शनिवार को कोल सचिव बेलगड़िया टाउनशिप, मोनेट वाशरी, बांसजोड़ा सहित अन्य स्थानों का दौरा करेंगे। डीसी के साथ भी बैठक करेंगे।

### युद्ध स्तरीय तैयारी में जुटा सिजुआ प्रबंधन

सेंद्रा बांसजोडा कोलियरी में शनिवार को कोल सचिव अमृत लाल मीणा सहित अन्य अधिकारीयों के आगमन को लेकर सिजुआ क्षेत्रीय और कोलियरी प्रबंधन युद्ध स्तर पर स्वागत की तैयारियों में जुटे है। परियोजना के व्यू प्वाइंट को बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि परियोजना का जायजा लेने में उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो। अधिकारीयों को बैठने के लिए दो अलग-अलग खुबसूरत पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। तमाम कामों की निगरानी प्रभार जीएम अवधेश कुमार खुद कर रहे हैं। इस मौके पर एजीएम वी महतो, जीएम के तकनिकि सचिव वीके झा, एरिया इंजिनियर (एस्कावेशन) एनके मिश्रा, बांसजोडा पीओ एके झा, निचितपुर पीओ संजय कुमार सिंह, सुरक्षा पदाधिकारी विनोद सिन्हा, राम राज राजभर, रोविन्स कुमार और महेश कुमार आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के दिल्ली स्थित आवास में जाकर रागिनी सिंह ने की मुलाकात



धनबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास में जाकर मुलाकात की। वहां उन्होंने केंद्रीय विद्यालय में बच्चों के नामांकन प्रतिशत में बढ़ोतरी के अलावा झरिया समेत कोयलांचल में केंद्रीय विद्यालय की संख्या बढ़ाने की मांग की है। ताकि गरीब और जरूरतमंद बच्चों का नामांकन सुगम हो सके। उन्हें भी बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके। इसके अलावा दोनों के बीच कई अन्य राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

## शिक्षामंत्री की पत्नी बेबी देवी ने फावड़ा चला किया मंदिर निर्माण का शुभारंभ



भंडारीदह (आजाद सिपाही)। सूबे के शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के पैतृक गांव अलारगो में हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। शिक्षामंत्री की पत्नी बेबी देवी ने फावड़ा चलाकर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान शांति पाठ एवं पंचांग पूजन सहित कई अनुष्ठान संपन्न कराये गये। बतातें चलें कि पुराना हनुमान मंदिर जर्जर हो गया था। शिक्षा मंत्री के पहल पर इस मंदिर को नये ढांचे और भव्य गुंबद के साथ निर्माण कराया जाना है। उक्त मंदिर महाराष्ट्र के आर्किटेक्ट द्वारा डिजाइन एवं मैप के आधार पर बनेगा। इस मंदिर को काफी आकर्षक एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। बताते चले पिछले 26 सितंबर को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो एवं उनकी पत्नी बेबी देवी की उपस्थिति में मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अनुष्ठान कर नये मंदिर की पूजा-अर्चना की गई थी।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **रॉंची** के ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण संख्या– **24/RI/ 2022-23/RWD /RANCHI,** दिनांक– **15.12.2022**, PR No.- **285088,** आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या– **RWD/ RANCHI/03/2022-23** के स्थान पर ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण संख्या– **51/RI/2022-23/RWD/ RANCHI** तथा आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या– **RWD/ RANCHI/11/ 2022-23** पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 285217 Rural Work Department(22-23).D



**कार्यालय : जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा**

**सरकारी अनुदान पर नया रियरिंग तालाब निर्माण का शुभ अवसर**

**सूचना**

एतद् द्वारा सिमडेगा जिला के अनुसूचित जनजाति कोटि के इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) का राज्यादेश संख्या 02, दिनांक 25.05.2022 द्वारा मत्स्य पालन हेतु निजी जमीन पर सरकारी अनुदान पर नया रियरिंग तालाब निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में सिमडेगा जिला को अनुसूचित जनजाति कोटि हेतु 01 एवं अन्य कोटि हेतु 01 का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। उक्त के आलोक में पूर्व में विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए लाभुकों का चयन किया जा चुका था। परन्तु अनुसूचित जनजाति कोटि के लाभुक द्वारा योजना पूर्ण करने में असमर्थ होने के कारण अनुसूचित जनजाति कोटि हेतु स्थान रिक्त है। उक्त के आलोक में अनुसूचित जनजाति कोटि के इच्छुक योग्य आवेदकों से निम्न शर्त्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित की जाती है:–

1. आवेदित जमीन एक या दो नम्बर की निजी दोन जमीन हो जिसपर आवेदक का वैध दखल/कब्जा हो एवं आवेदित जमीन अविवादित हो। (सक्षम स्तर द्वारा निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है एवं जमीन की रसीद की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।)
2. घर के नजदीक मौजूद जमीन/पूर्व से मछली पालन के कार्य से जुड़े हों/विभागीय अनुदान पर मत्स्य बीज हैचरी का निर्माण कराया है, उन्हें प्राथमिका दी जाएगी। 100 डिसमिल (एक एकड़) जलक्षेत्र का तालाब निर्माण हेतु आवश्यक जमीन कम–से–कम 1.30 एकड़ (130 डिसमिल) होना चाहिए। भूमि का अनुपात 1:1.3 होना चाहिए। लाभुक द्वारा प्रस्तावित भूखण्ड पहले से किसी ऋण के एवज में बंधक नहीं होने का घोशणा पत्र. संलग्न करना अनिवार्य है।
3. तलाब निर्माण कार्य लाभु के द्वारा स्वयं मशीन से विभागीय पदाधिकारियों एवं अभियंताओं की देखरेख में कराया जाएगा। चूँकि इस योजना में लाभु अंशदान भी निहित है अत: आवेदक को आर्थिक रूप से सक्षम होना चाहिए।
4. एक एकड़ जलक्षेत्र के तालाब निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि मो0 5.008 लाख (पाँच लाख आठ सौ) रू0 मात्र है जिसमें सरकारी अनुदान 80 प्रतिशत अर्थात अधिकतम मो0 4.00 लाख (चार लाख) रू0 होगा एवं शेश राशि लाभुक को स्वयं वहन करना होगा।
5. आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है अथवा जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक दिनांक 24.12.2022 को पूर्वाहन् 11.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में वांछित कागजातों के साथ आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 285256 Fish(22-23)#D


**स्वागत को तैयार :** नव वर्ष पर पिकनिक मनाने जुटते हैं हजारों लोग

# आकर्षण का केंद्र बना बाघमारा के जमुनिया डैम का मनमोहक दृश्य

सत्येंद्र कुमार तिवारी

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड की धरती पर मौजूद जमुनिया डैम लोगों का मन मोह लेता है। प्रातःकाल एवं संध्याकाल में जमुनिया डैम का दृश्य देखते ही बनता है। डैम से कलकल कर गिरते स्वच्छ जल की आवाज लोगों को खुब लुभाती है। यह डैम धनबाद एवं बोकारो जिले के सीमा पर बीसीसीएल के माटीगढ श्रमिक कॉलोनी के समीप स्थित है। इसलिए दोनों जिले के लोग यहां पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। जमुनिया डैम में प्रत्येक वर्ष पिकनिक मानाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटकों का जुटान होता



है। नव वर्ष पर इस डैम के किनारे बाघमारा के आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि बोकारो जिले के दुग्धा, चंद्रपुरा, नावाडीह, तेलो, तरंगा एवं बाघमारा प्रखंड के हरिणा, पांडेडीह, मुराईडीह, आदि क्षेत्रों से भी हजारो लोग अपने स्वजनों-बच्चो एवं मित्रों की टोली बनाकर पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। इस मौके पर यहां एक तरफ संगीत की धुन की तरह कलकल की आवाज कर गिरते पानी के झरने तो दूसरी ओर एक साथ बैठकर खाना खाने का मजा ही कुछ और होता है। वहीं शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने और मनचलों पर नजर रखने के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की जाती है। जमुनिया डैम भले ही पिकनिक मनाने के लिए अच्छा स्पॉट है। पर डैम के रखरखाव की यहां कोई उचित व्यवस्था नहीं है। एक दशक पूर्व निर्मित यह डैम रखरखाव के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। इस डैम के पुल में बनी रेलिंग जगह-जगह टूटकर खतरनाक रूप ले चुकी है। यहां लोग जान जोखिम में डालकर पुल पार करते है। नव वर्ष को अब कुछ ही दिन शेष बचा है। डैम के पुराने पुल की जर्जर रेलिंग यहां नव वर्ष का आनंद मनाने आने वाले लोगों का स्वागत करेंगी।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग)**
**कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग**
**Email ID –dcocophzb@yahoo.in**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग) अंतर्गत झारखण्ड राज्य सहकारी समितियॉं अधिनियम 1935 के अंतर्गत निबंधित विभिन्न विशेष प्रकार की सहकारी समितियॉं यथा–फल सब्जी उत्पादक, वनोत्पाद, लाह, मत्स्य,बुनकर,डेयरी,पोल्ट्री,उपभोक्ता सामग्री, महिला विकास आदि को वितीय वर्ष 2022–23 मे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कार्यशील पूॅंजी के रूप मे प्रति समिति न्यूनतम 2.00 लाख रू0 एवं अधिकतम 5.00 लाख रू0 उपलब्ध कराया जाना है जिसका चयन जिला स्तर पर गठित कमिटी के द्वारा किया जाएगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–10 दिनांक 07.11.2022 के कंडिका–06 के अनुरूप विशेश प्रकार की सहकारी समितियो का चयन हेतु शर्ते निम्नांकित है –

1. समिति का निर्वाचन अद्यतन हो
2. समिति द्वारा वितीय वर्ष 2020–21 तक का अंकेक्षण करा लिया गया हो।
3. समिति द्वारा वितीय वर्ष 2020–21 तक का बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गयी हो।
4. समिति द्वारा पूर्व से बीज/उर्वरक/कृषि/मत्स्य/बुनकर/फल–सब्जी/डेयरी/पोल्ट्री/उपभोक्ता सामग्री/महिला विकास आदि का कार्य/व्यवसाय संचालित किया जाता रहा हो।
5. समिति मे पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा–कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/ संतोषजनक हो।
6. समिति मे वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
7. समिति पिछले तीन वितीय वर्षो यथा–2018–19,2019–20 एवं 2020–21 तक बैक डिफॉल्टर नही रहा हो।
8. समिति का वार्शिक कारोबार कम से कम 3.00 (तीन) लाख रूपये होनी चाहिए।
9. समिति का व्यवसाय पिछले दो वार्शो से लगातार घाटे मे नही हो।
10. समिति मे पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
11. समिति मे नियमित रूप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
12. चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरूप लाईसेंस हो।
13. समितियों के चयन मे अंकेक्षित वर्गीकरण (Audit Classification) A एवं B Category प्राप्त समितियों का प्राथमिकता दी जायेगी। A एवं B Category समितियों की अनुपलब्धता की स्थिति मे C Category प्राप्त समितियों का चयन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

विभागीय स्वीकृत्यादेश के कंडिका–10 के अनुसार हजारीबाग जिलान्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी तथा चयन मापदण्ड को पूरा करने वाले विशेष प्रकार की सहकारी समितियों की निम्न विहित प्रपत्र मे प्रपत्र के साथ जमा किए जाने वाले अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव दिनांक 20.12.2022 तक कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मे जमा करना होगा।

विहित प्रपत्र

| प्रखण्ड का नाम | समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या | गत निर्वाचन की तिथि | आधारभूत संरचना | | | | वितीय प्रतिवेदन | | | वार्षिक कारोबार (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कर्मी की संख्या | कार्यालय (हॉं/नही) | गोदाम (क्षमता) | फर्निचर फिक्सचर | गत अंकेक्षण का वर्ष | अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति | लाभ/हानि, (2020–21 के पूर्व तीन वर्षो में) 2018–19:– 2019–20:– 2020–21:– | |
| | | | | | | | | | | |

प्रपत्र के साथ जमा किये जाने वाले अभिलख :– 1. अंकेक्षण प्रतिवेदन (2020–21 के पूर्व तीन वर्षो में), 2. निर्वाचन प्रमाण पत्र, 3. व्यवसाय कार्य योजना, 4. कारोबार संबंधित लाइसेन्स, 5. शपथ पत्र–(क) समिति की प्रबंधकारिणी एवं वार्षिक आम सभा की बैठक नियमित रूप से होती रही है।
(ख) समिति वर्ष 2018–19,2019–20 एवं 2020–21 मे बैक डिफाल्टर नही रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय मे सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता–जिला सहकारिता पदाधिकारी,हजारीबाग,सहकारिता भवन,रविन्द्र पथ, हजारीबाग–825301

विश्वासभाजन
जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 285179 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)#D

# सैमफोर्ड अस्पताल ने पूरा किया चार साल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोकर चौक स्थित सैमफोर्ड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में गुरुवार को एनुअल डे सेलिब्रेशन और क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्पताल के सीइओ डॉक्टर धनंजय कुमार ओझा ने कहा कि सैमफोर्ड अस्पताल का चार साल का सफर शानदार रहा। इन चार सालों के छोटे से समय में इस अस्पताल ने झारखंड, बिहार, बंगाल, ओड़िशा सहित चार राज्यों के मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया है। अस्पताल में सीनियर कंसलटेंट डॉक्टरों की टीम और स्किल्ड स्टाफ की बदौलत यह बड़ी उपलब्धि हासिल हो पायी है। क्रिसमस की गैदरिंग में मुख्य अतिथि के रूप में फादर सुबिन डेनियल उपस्थित थे। उन्होंने क्रिसमस का संदेश उपस्थित लोगों को दिया और बताया कि कैसे प्रभु यीशु खुशियों से लोगों की झोली को भरते हैं। इस अवसर पर अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा कई कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया। कई कर्मचारियों ने जहां खूबसूरत संगीत से मन मोहा तो कई लोगों ने मनमोहक डांस से सभी लोगों को तालियां बजाने को मजबूर किया। इस मौके पर गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ प्रणव कुमार मंडल, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ शिरिन खांडेकर, क्रिटिकल हेड डॉ डीएस एन राव, नेप्रोलॉजिस्ट डॉक्टर केएम साहू, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ अरुण कुमार, ऑथोपेडिक डॉ रोहित लाल, डॉ दिनेश कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ प्रतीक कुमार, जीएम ऑपरेशन दिवाकर मेहता, जीएम ब्रांड भारतीय ओझा, एचआर हेड जयंत कुमार, अस्पताल के नोबी जोसेफ और अनुज कुमार सायाना जोई, ऐसी जोबी, अजय जान, जोबी मैथ्यू, बीनू, अनुराधा उपस्थित थे।

### 4 साल में अपनी पहचान बनायी

**सीइओ डॉ धनंजय कुमार ओझा ने बताया कि 2018 में सैमफोर्ड अस्पताल की शुरुआत की गयी थी। अस्पताल के गैस्ट्रो डिपार्टमेंट, ऑर्थो डिपार्टमेंट, न्यूरो डिपार्टमेंट नेफरो डिपार्टमेंट और क्रिटिकल केयर की बेहतरीन टीम की बदौलत इस अस्पताल ने झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों में अपनी अलग पहचान बनायी है। एक साल पहले ही सैमफोर्ड अस्पताल ने एक नयी उपलब्धि को जोड़ते हुए मदर एंड चाइल्ड केयर यूनिट शुरू किया है, जहां बच्चों और मां के लिए सभी बेहतरीन सुविधाए उपलब्ध है। साथ ही डॉक्टरों और स्टाफ की बेहतरीन टीम भी मौजूद है।**

# पूर्व तट रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 49वीं संयुक्त बैठक महाप्रबंधक आरएन सुनकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खोरधा रोड, संबलपुर एवं वाल्टेयर मंडल के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, मंचेश्वर सहित सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री सुनकर ने रेलकर्मियों से अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्री सुनकर ने हिंदी के महान साहित्यकारों के प्रेरणादायक उद्धरणों से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया। हिंदी साहित्यकारों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी और प्रधान वित्तीय सलाहकार, आरएस मित्रा ने रेलकर्मियों से कहा कि वे राजभाषा नीति को लागू करने में अपना सहयोग दें। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी और उप मुख्य परिचालन प्रबंधक, देबराज नायक ने स्वागत भाषण दिया। येलीना पंडा, राजभाषा अधिकारी ने बैठक का समन्वयन किया।

# सम अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड के उपयोग पर हुई कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में गुरुवार को अल्ट्रासाउंड के उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. 3-दिवसीय IAP इंटेंसिव केयर चैप्टर (पेडीक्रिटिकॉन 2022) का 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार से भुवनेश्वर में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आईएमएस एंड सम अस्पताल के डिन प्रफेसर संघमित्रा मिश्र, चिकित्सा अधीक्षक प्रो पुष्पराज सामंतसिंघार, डॉ धीरेन गुप्ता वरिष्ठ सलाहकार बाल रोग विभाग गंगाराम अस्पताल दिल्ली, डॉ शेख अहमद मिनाज प्रख्यात क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ लीलावती अस्पताल और अनुसंधान केंद्र मुंबई, और प्रोफेसर ममता देवी महांती बाल रोग विभाग सम अस्पताल प्रमुख ने मुख्य भाषण दिया। अंत में सम हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक्स के प्रोफेसर डॉ मुतंजय दास ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रथम पुण्यतिथि

"नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैन दहति पावकः।
न चैंन कलदयन्त्यापो, न शोषयति मारूतः।।



कमल किशोर भगत

17 दिसंबर के अवसर पर पूर्व विधायक कमल किशोर भगत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

निवेदकः-
**नीरू शांति भगत** धर्मपत्नी सह आजसू नेत्री
लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र लोहरदगा।

# भुवनेश्वर से भद्रक और धामरा बंदरगाह के बीच महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

- बेहतर पोर्ट कनेक्टिविटी हेतु विभिन्न ढांचागत कार्यों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने भुवनेश्वर से भद्रक और धामरा पोर्ट तक विंडो ट्रेलिंग के द्वारा निरीक्षण किया और पोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाएं प्रदान करने के लिए भद्रक और धामरा के बीच विभिन्न ढांचागत कार्यों की समीक्षा की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाएं उनकी प्राथमिकता में हैं और इसकी निरंतर निगरानी की जा रही है। रेल मंत्री के निर्देशानुसार श्री सुनकर ने भद्रक रेलवे स्टेशन और स्टेशन पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भुवनेश्वर से भद्रक और धामरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड (उद्धउछ) साइडिंग का विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से निरीक्षण भी किया। श्री सुनकर ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी / धामरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड (सीइओ / डीपीसीएल) सुशांत कुमार मिश्रा और डीपीसीएल के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक खोरधा रोड और मुख्यालय और खोरधा रोड मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# जगन्नाथ मंदिर के बाहर भीख मांग कर दान किये एक लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुलवानी जगन्नाथ मंदिर को एक वृद्ध महिला ने 1 लाख रुपये का दान दिया है। जो अब वहां चर्चा का विषय बन गया है। क्योंकि वह वृद्धा कोई करोड़पति घर की औरत या अच्छी कंपनी की नौकरी नहीं कर रही है। उनके पेशे के बारे में सुनेगा तो कोई भी हैरान रह जायेगा। फूलबनी स्थित जगन्नाथ मंदिर को एक महिला ने 1 लाख रुपये का दान दिया है। जगन्नाथ प्रबंधन समिति ने इसकी जानकारी दी। हालांकि यह महिला पेशे से भिखारी थी, लेकिन उसका नाम तुला बेहेरा के नाम से जाना जाता है। जिनकी उम्र करीब 60 से 65 साल के आसपास होगी। समिति की ओर से अध्यक्ष सुनाशिर महापात्र एवं संपादक हरिश्चन्द्र महाराणा एवं अन्य सदस्यों ने दान अर्थ को स्वीकार कर तुला को संबर्धना किया। तुला ने जगन्नाथ मंदिर परिसर में पुराने मंदिर था अब जीरा जीर्ण अवस्था में है उन्होंका पूर्णरुधार कर वहां साधु संतों को आश्रय देने की इच्छा व्यक्त की है। तुला के इस महान कार्य को देख कर उन्हें मंदिर समिति के आजीवन सदस्य के रूप में ग्रहण किया गया है। इस अवसर पर जगनाथ मंदिर समिति के सारे सदस्य मौजूद थे।

## किट के वैज्ञानिक स्नेहादीप को रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के फेलो के रूप में चुना गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कीट विश्वविद्यालय के छात्र स्नेहादीप कुमार को लंदन की प्रतिष्ठित रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के फेलो के रूप में चुना गया है। शुक्रवार को किट एंड किस के संस्थापक अच्युत सामंत ने स्नेहादीप को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। श्री सामंत ने कहा कि स्नेहादीप की बहूमुखी उपलब्धियां भविष्य में वैज्ञानिक बनने का लक्ष्य रखने वाले सैकड़ों किट छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वह किट विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र हैं। स्नेहादीप ने इस प्रतिष्ठित फेलोशिप को प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय होने का सम्मान अर्जित किया है।

## कटक-पारादीप रेलवे खंड में ट्रेन सेवाएं आज से प्रभावित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पारादीप में सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य के लिए 17 से 26 दिसंबर 2022 तक कटक-पारादीप रेलवे खंड में ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। **ट्रेनों का रद्द होना** : 22810 विशाखापत्तनम-पारादीप एक्सप्रेस 18 और 25 दिसंबर 2022 को विशाखापत्तनम से, 22809 पारादीप-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 19 और 26 दिसंबर 2022 को पारादीप से, 17 से 26 दिसंबर 2022 तक दोनों तरफ से रद्द रहेंगी ट्रेनें, 18414/18413 पुरी-पारादीप-पुरी एक्सप्रेस, 08445/08446 कटक-पारादीप-कटक मेमू, 08407/08408 कटक-पारादीप-कटक पैसेंजर स्पेशल है।

# खोरधा टाउन रेलवे स्टेशन पर एक गुड्स टर्मिनल खोला गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड मंडल ने माल लदान के अपने इतिहास में एक और मील का पत्थर हासिल किया है। खोरधा-बोलांगीर रेल लाइन में खोरधा टाउन रेलवे स्टेशन पर एक नया गुड्स टर्मिनल खोला गया। इसका उद्देश्य खोरधा शहर के औद्योगिक क्षेत्र से देश के विभिन्न हिस्सों में माल परिवहन करना है। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने मंडल के अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में गुड्स शेड का उद्घाटन किया। गुड्स शेड में लोडिंग और अनलोडिंग गतिविधियों के लिए एक बहुत ही तर्कसंगत अवसंरचना है। गुड्स शेड में एप्रोच कंक्रीट रोड, गुड्स शेड ऑफिस, मर्चेंट रूम, लेबर रेस्ट रूम आदि में पेय जल की सुविधा तथा रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था है। सात करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गुड्स टर्मिनल स्थापित की गयी। खोरधा टाउन गुड्स टर्मिनल तक हावड़ा-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। खोरधा-बोलांगीर रेल लाइन के पूरा होने जाने पर खोरधा शहर का गुड्स शेड, मंडल के महत्वपूर्ण माल गुड्स टर्मिनलों में से एक बन जायेगा। लगभग 160 किलोमीटर की दूरी को कम कर-के इस गुड्स शेड में संबलपुर क्षेत्र से आने-जाने वाले माल यातायात को संभाला जा सकता है।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster zoom PAiSte DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**